सूर्योदय 5:28 सूर्यास्त 7:08

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 13 न्यू | 26 अधि |
| धर्मशाला | 19 न्यू | 30अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,429 |
| निफ्टी | 24,924 |
| सोना | 94,393 |
| चांदी | 95,917 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



नीरज समेत चार भारतीय एथलीट्स 16 को दोहा डायमंड लीग में लेंगे हिस्सा

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 13 मई 2025 | 31 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 134, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत अब नहीं सहेगा : प्रधानमंत्री

## कहा, ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा, सेनाओं ने दिखाया पराक्रम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार देर रात आठ बजे देश के नाम संबोधन में कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूमों को उनके परिवार के सामने, बच्चों के सामने बेरहमी से मार डालना ये आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा है। यह देश के सद्भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं को सशस्त्र बलों को हमारी खुफिया एजेंसियों को वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरफ से सैल्यूट करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं उनकी वीरता, साहस और पराक्रम को आज समर्पित करता हूं हमारे देश की हर माता-बहन और बेटी को।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की देर रात और 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों, ट्रेनिंग सेंटर पर सटीक प्रहार किया। आतंकवादियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है, लेकिन जब देश एकजुट होता है, नेशन फर्स्ट की भावना से भरा

### पीएम मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन



### भारत ने अभी सिर्फ स्थगित किया है ऑपरेशन सिंदूर

होता है, राष्ट्र सर्वोपरि होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं। परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं। हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए सेनाओं को पूरी छूट दी है। इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र हर नागरिक हर समाज हर वर्ग हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का न्यूक्लियर ब्लैकमेल अब भारत सहन नहीं करेगा।

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने न सिर्फ 100 से ज्यादा खूंखार आतंकियों को जहन्नुम पहुंचाया है, बल्कि भारत ने पाकिस्तान की तरफ से किए गए नापाक हमलों का भी मुंहतोड़ जवाब देते हुए बड़ी सफलता पाई है। पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को नुकसान पहुंचाया, जिस पर बहुत घमंड था। पाकिस्तान ने हमारे गुरुद्वारों, घरों, मंदिरों और स्कूलों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन इसमें भी पाकिस्तान खुद बेनकाब हो गया। दुनिया ने देखा कैसे पाकिस्तान के ड्रोन, मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया। पहले तीन दिनों में ही पाकिस्तान को इतना तबाह कर दिया, जिसका उसे अंदाजा भी नहीं था।

भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बचने के रास्ते खोजने लगा, पाकिस्तान दुनियाभर में तनाव कम करने के लिए गुहार लगा रहा था और बुरी तरह पिटने के बाद किसी मजबूरी में 10 मई की दोपहर को पाकिस्तानी सेना ने हमारे डीजीएमओ को संपर्क किया। तब तक हम आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा चुके थे। आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया था, आतंक के अड्डों को हमने खंडहर बना दिया था। जब पाकिस्तान की तरफ से गुहार लगाई गई, जब ये कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधि नहीं होगी, तब भारत ने उस पर विचार किया। हमने पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों को जवाबी कार्रवाई को सिर्फ स्थगित किया है, आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि वो आगे क्या रवैया अपनाता है। भारत की एयरफोर्स, आर्मी और नौसेना, बीएसएफ, अर्धसैनिक बल अलर्ट पर हैं। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति है। (अनंत ज्ञान)

### पाक से अब सिर्फ आतंकवाद और पीओके पर ही बात

**हर** प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ हम सभी का एकजुट रहना, हमारी एकता सबसे बड़ी शक्ति है। निश्चित तौर पर ये युग युद्ध का नहीं है, लेकिन ये युग आतंकवाद का भी नहीं है। टेररिज्म के खिलाफ जीरो टॉलरेंस एक बेहतर दुनिया की गारंटी है। पाकिस्तानी फौज, पाकिस्तान की सरकार जिस तरह आतंकवाद को खाद पानी दे रहे हैं, वो एक दिन पाकिस्तान को ही समाप्त कर देगा। पाकिस्तान को अगर बचना है तो उसे अपने टेरर इंफ्रास्ट्रक्चर का सफाया करना ही होगा, इसके अलावा शांति का कोई रास्ता नहीं है। भारत का मत एकदम स्पष्ट है, टेरर और टॉक एकसाथ नहीं हो सकते हैं, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एकसाथ नहीं बह सकता। विश्व समुदाय से भी कहूंगा हमारी घोषित नीति रही है कि अगर पाकिस्तान से बात होगी तो टेररिज्म पर ही होगी, अगर बात होगी तो पीओके पर ही होगी।

# एयर मार्शल भारती बोले 'भय बिनु होय न प्रीति'

## कहा- पाकिस्तानी सेना आतंकियों के साथ खड़ी हुई

## आतंकियों के खिलाफ लड़ाई को अपना बना लिया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय सेना ने सोमवार को लगातार दूसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। आर्मी से डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, नेवी से वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और एयरफोर्स से एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने ऑपरेशन सिंदूर पर 32 मिनट तक फिर जानकारी दी। एयर मार्शल भारती ने कहा, 'भय बिनु होय ना प्रीत। हमारी लड़ाई आतंकवादियों के साथ है। हमारी लड़ाई पाकिस्तानी मिलिट्री के साथ नहीं है। पाकिस्तान की सेना ने



आतंकियों का साथ दिया, तो हमने उसका जवाब दिया। अपनी सेना के नुकसान के लिए वह खुद जिम्मेदार है। भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई की शाम 5 बजे संघर्ष विराम हुआ था। एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने कहा कि कल हमने ऑपरेशन सिंदूर की जॉइंट ऑपरेशन की डिटेल ब्रीफिंग दी थी।

हमने कहा था कि हमारी लड़ाई आतंकवादियों के साथ है। हमारी लड़ाई पाकिस्तानी मिलिट्री के साथ नहीं है। पाकिस्तान सेना ने दखलंदाजी की, हमने उसका जवाब दिया। हमारी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों के साथ थी, 7 मई को हमने सिर्फ आतंकवादियों पर हमला किया। पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों का साथ दिया और हमें जवाब देना पड़ा। उन्हें जो नुकसान हुआ उसके लिए पाकिस्तानी सेना जिम्मेदार है। (अनंत ज्ञान)

## घुटनों पर पाकिस्तान, बोला-नहीं करेंगे सीजफायर का उल्लंघन

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने सोमवार को बातचीत की। सैन्य अधिकारियों ने सैन्य कार्रवाई और गोलीबारी रोकने के लिए दोनों पक्षों के बीच 10 मई को बनी सहमति के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। हॉटलाइन पर यह वार्ता पहले दोपहर 12 बजे होनी थी, हालांकि यह शाम पांच बजे शुरू हुई। इस दौरान पाक का बॉडी लैंग्वेज डिफेंसिव रहा। वार्ता में पाकिस्तान के डीजीएमओ ने कहा कि पाकिस्तान अब इस टकराव को आगे नहीं बढ़ाएगा और पाकिस्तान सीजफायर का उल्लंघन नहीं करेगा। वार्ता में भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि दोबारा कोई आतंकी हमला होता है तो वह इसे भारत के खिलाफ छेड़े गए युद्ध की तरह देखेगा। (अनंत ज्ञान)

## मैंने कहा था, युद्ध नहीं रोका तो दोनों से नहीं करेंगे व्यापार : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि हमने दो परमाणु शक्तियों के बीच संघर्ष रोक दिया है। अमेरिका ने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम कराने में मदद की है। ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के पास बहुत सारे परमाणु हथियार हैं। हमने कहा था कि आप रुकेंगे तो हम भी व्यापार करेंगे। यह संघर्ष नहीं रुका तो हम व्यापार नहीं करेंगे। हमारी सरकार ने सीजफायर में मदद की है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज शॉर्ट्स

### बांग्लादेश में आतंक विरोधी कानून लागू

**ढाका।** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार ने आतंकवाद विरोधी कानून में संशोधन करते हुए ऐसे व्यक्तियों और संगठनों की किसी भी प्रकार की प्रचार-प्रसार गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिन पर आतंकवाद के तहत आरोप लगे हैं। यह कदम पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग की सभी गतिविधियों पर रोक लगाने के एक दिन बाद उठाया गया है। बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शाहबुद्दीन ने 11 मई 2025 को आतंकवाद विरोधी अधिनियम में संशोधन करते हुए एक अध्यादेश जारी किया, जिसमें आतंकवाद के आरोपित व्यक्तियों और संगठनों के किसी भी प्रकार के प्रचार-प्रसार पर रोक लगाई गई है। (अनंत ज्ञान)

### गवई सीजीआई पद की कल लेंगे शपथ

**नई दिल्ली।** जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई 14 मई को भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। वह इस पद पर आसीन होने वाले पहले बौद्ध होंगे। जस्टिस गवई के पिता ने 1956 में बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा शुरू किए गए धर्मांतरण आंदोलन के दौरान बौद्ध धर्म अपना लिया था। तब पांच लाख दलितों ने बौद्ध धर्म अपनाया था। उसके बाद पूरे परिवार ने बौद्ध धर्म अपनाया था। जस्टिस गवई ने कहा कि उन्होंने और उनके परिवार ने भी बौद्ध धर्म अपनाया। हाल ही में अपने आवास पर पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में जस्टिस गवई ने कहा था कि संविधान सर्वोच्च है। केशवानंद भारती मामले में 13 जजों की बेंच ने भी यही कहा है। जजों की नेताओं के साथ मुलाकात किए जाने के सवाल पर जस्टिस गवई ने कहा कि एक न्यायाधीश के रूप में जब तक आप अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों से नहीं मिलते हैं, तब तक आप उनके मुद्दों को नहीं समझ पाएंगे। (अनंत ज्ञान)



### जयपुर स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) स्टेडियम को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल को भेजे गए एक ई-मेल के माध्यम से दी गई, जिसके बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी, डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही पूरे क्षेत्र का तलाशी अभियान चल रहा है। सुरक्षा कारणों को देखते हुए स्टेडियम के आस-पास की गतिविधियों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- आतंकवाद पर भारत की जीरो टॉलरेंस नीति ने रचा इतिहास: भाजपा -पेज 2
- प्रदेश के 2550 स्कूलों में नहीं डीपीई और पीटीआई -पेज 3
- भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को अपनाएं: सीएम सुक्खू -पेज 6
- जोगिंद्रनगर में झूठे प्रचार पर भाजपा की सीबीआई जांच की मांग -पेज 9
- दुकानदारों ने हटाया अतिक्रमण, खुली दिखीं सड़कें -पेज 12

## हिमाचल सहित देश के 32 हवाई अड्डों से परिचालन फिर शुरू

**अनंत ज्ञान, शिमला/धर्मशाला/कुल्लू।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अनुसार 32 हवाई अड्डों को 15 मई की शाम 5:29 बजे तक नागरिक विमान परिचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद किया गया था। अब इन एयरपोर्ट्स से नागरिक विमान परिचालन तत्काल प्रभाव से शुरू कर दिया गया है। हिमाचल के तीनों हवाई अड्डों जुब्बड़हट्टी, भुंतर व कांगड़ा पर मंगलवार से फिर से हवाई उड़ाने शुरू हो जाएंगी। जानकारी के अनुसार, एलायंस एयर की पहली उड़ान सुबह 6:10 बजे दिल्ली से रवाना होगी, जो सुबह 7:10 बजे शिमला के जुब्बड़हट्टी हवाई अड्डे पर उतरेगी।

### हिमाचल से पंजाब और जम्मू के लिए बस सेवाएं बहाल

**सीजफायर** के बाद हिमाचल पथ परिवहन निगम ने पड़ोसी राज्य पंजाब और जम्म-कश्मीर के कई रूटों पर बस सेवाएं सोमवार को बहाल कर दी हैं। अभी दिन के वक्त चलने वाली बसों को बहाल किया गया है। रात्रि बस सेवाओं को हालात पूरी तरह सामान्य होने पर बहाल किया जाएगा। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद सरकार ने 4 दिनों पहले पंजाब के जालंधर और अमृतसर तथा जम्मू और कटरा को चलने वाली बसों को सुरक्षा के दृष्टिगत नहीं भेजने का फैसला लिया था। इन शहरों को हिमाचल से कुल 38 बसें जाती हैं।

## किंग कोहली का टेस्ट क्रिकेट को अलविदा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। सोमवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। रोहित शर्मा की रिटायरमेंट के कुछ ही दिनों बाद उन्होंने भी रेड बॉल फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है। अब ऐसा दौर आ गया है, जब टी-20 और टेस्ट, इन दोनों फॉर्मेट में रोहित और विराट की जोड़ी दिखाई नहीं देगी। 36 वर्षीय कोहली का टेस्ट करियर जून 2011 में शुरू हुआ था और अपने 14 साल लंबे टेस्ट करियर में उन्होंने 30 शतक लगाने के अलावा ढेरों रिकॉर्ड तोड़े हैं।

कोहली के नाम एक टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने साल 2014 में एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में पहली पारी में 115 रन और दूसरी पारी में 141 रन बनाए थे। (अनंत ज्ञान)



**14 साल के टेस्ट करियर में बनाए ढेरों रिकॉर्ड, 30 शतक**

### बतौर कप्तान सबसे ज्यादा टेस्ट शतक

**टेस्ट** क्रिकेट में बतौर कप्तान विराट कोहली सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी रहे। विराट ने 68 टेस्ट मैचों में टीम इंडिया की कप्तानी की थी, जिनमें से उन्होंने 20 पारियों में शतक लगाया। बतौर भारतीय कप्तान सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर सुनील गावस्कर हैं, जिन्होंने कप्तान रहते 11 शतक लगाए थे।

## भाजपा आज से 23 मई तक देशभर में निकालेगी तिरंगा यात्रा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 13 मई से 23 मई तक पूरे देश में एक विशेष राष्ट्रव्यापी अभियान 'तिरंगा यात्रा' आयोजित करने जा रही है। यह यात्रा न सिर्फ देशवासियों में राष्ट्र प्रेम की भावना को और गहरा करने का प्रयास है, बल्कि हाल ही में संपन्न ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम भी बनेगी। पार्टी का उद्देश्य है कि इस यात्रा के माध्यम से भारत के नागरिकों को यह बताया जाए कि किस तरह देश ने संकट की घड़ी में अपने नागरिकों की रक्षा की और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठाया। गौर रहे कि भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया गया एक महत्वपूर्ण मिशन रहा, जिसमें दुश्मन के मंसूबों को नाकाम कर भारत ने न केवल अपनी सीमाओं की रक्षा की, बल्कि अपने नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने में भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इस अभियान को भाजपा ने 'राजनीतिक इच्छाशक्ति की जीत' बताया है। इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय वायुसेना के राफेल विमानों की सक्रिय भागीदारी रही और सौभाग्य से सभी पायलट सुरक्षित लौटे। यह सेना के साहस, प्रशिक्षण और तकनीकी क्षमता का प्रमाण है।

## ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के सफलता का प्रमाण : अनुराग

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर को भारत व भारतीय सेना की सफलता बताते हुए कहा कि भारतीय सेना ने तय लक्ष्यों को हासिल कर पाकिस्तान को आतंकवाद पर सबक सिखाने का काम किया है।



### सेना ने पाकिस्तान को आतंकवाद पर सबक सिखाया

अनुराग ने कहा कि विगत दिनों कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने बेकसूर नागरिकों की निर्मम हत्या कर भारत को चुनौती देने का काम किया था। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने एक बार फिर दिखा दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी संप्रभुता, निजता, एकता व किसी भी भारत विरोधी गतिविधियों का मुंहतोड़ जवाब देना जानता है। ऑपरेशन सिंदूर भारत व भारतीय सेना की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है मोदी ने इस ऑपरेशन का अग्रिम पंक्ति में नेतृत्व किया व सुनिश्चित किया कि ऑपरेशन प्रभावी व निर्णायक हो साथ ही सिंधु जल संधि से लेकर सैन्य कार्रवाई सही तरीके से अंजाम तक पहुंचे। मोदी के नेतृत्व में भारत ने यह सुनिश्चित किया कि सिर्फ आतंकियों का ही विनाश हो, आम जनता प्रभावित न हो। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सीमा के अंदर चल रहे आतंकी ट्रेनिंग कैंपों को ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान की सीमा में घुसकर नेस्तनाबूद कर दिया। भारत की इस कार्रवाई में कई मोस्ट वांटेड आतंकी मौत के मुंह में समा गए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाएं मिलकर काम कर रही थीं। पीएम के नेतृत्व में कश्मीर पर दुनिया का नजरिया भी बदला है।

## सेंसेक्स 2975 अंक चढ़कर पहुंचा 82,429 के पार

**एजेंसी, मुंबई**

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की खबरों के बाद सोमवार को भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक आसमान छू गए। हफ्ते के पहले दिन सेंसेक्स 2,975.43 अंक या 3.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,429.90 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 916.70 अंक या 3.82 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,924.70 अंक पर बंद हुआ।



बाजार की बढ़त को अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध के नरम पड़ने का भी फायदा मिला। दोनों देश इस समझौते पर पहुंचे हैं कि वे 90 दिनों की शुरुआती अवधि के लिए अपने पहले से घोषित पारस्परिक शुल्क और काउंटर टैरिफ वापस ले लेंगे। हालांकि, व्यापक सूचकांकों में उछाल के बीच, फार्मा क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों को अपेक्षाकृत झटका लगा है। फार्मा शेयरों ने इस खबर से संकेत लिया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आज दिन में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे, जिसका उद्देश्य प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की लागत को 30-80 प्रतिशत तक कम करना है। (अनंत ज्ञान)

**निफ्टी 916.70 बढ़त के साथ 24,924.70 के स्तर पर बंद**

**खुशहाली** समूर के पथरीले और सूखाग्रस्त क्षेत्रों में छाई हरियाली; किसानों में खुशहाली, 233 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई

# राज्य का पहला बहुद्देश्यीय डैम बदलने लगा किसानों की तकदीर

**राजेश शर्मा, ऊना**

ऊना जिले के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के तहत समूर खड्ड पर राज्य का पहला बहुद्देश्यीय डैम किसानों के भाग्य को बदलने लगा है। इस बांध को करोड़ों की लागत से बनाया गया है। बांध बनने के बाद सिंचाई के कारण पथरीले और सूखाग्रस्त क्षेत्रों में हरियाली के अलावा किसानों में खुशहाली देखी जा रही है। हालांकि शुरुआती दौर में पानी की सप्लाई को लेकर तकनीकी समस्या भी सामने आई है।

ऊना से बंगाणा के तहत समूर में कंक्रीट से इस बांध को बनाने के लिए 16.38 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। क्षेत्र के कई गांवों में पानी की विकराल समस्या के समाधान को लेकर समूर के आसपास सूखाग्रस्त इन गांवों में बरसात के पानी के बहाव को समूर खड्ड में 10 किलोमीटर लंबे कैचमेंट क्षेत्र के लिए बनाया गया है। इस बांध के माध्यम से इस पानी को वापस इन पथरीले गांवों की सिंचाई और जमीन में जलस्तर को बढ़ाने के लिए उपयोग किया जा रहा है। इस बांध में 767 मिलियन लीटर बरसात के पानी का जल संग्रह किया जा रहा है, जिसका सीधा लाभ क्षेत्र के 5580 लोगों को होगा। बांध के नैसर्गिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कुटलैहड़ पर्यटन विकास समिति के तत्वावधान में ढांचागत सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

जानकारी के मुताबिक जिला उद्यान विभाग को भी एक प्रस्ताव दिया गया है। इस बांध के साथ के फॉरेस्ट एरिया में जो भूमि है, उसमें फलदार और छायादार पौधे लगाकर हराभरा करने की योजना है। जिला प्रशासन के अधिकारी भी इस बांध के व्यू से काफी प्रभावित हुए थे और पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने तक की योजना बनाई गई थी। कुछ समय तक बांध सूखा होने और वन विभाग द्वारा डाली गई अड़चन से यह सभी परियोजनाएं लटक गई थी। जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता राकेश ठाकुर का कहना है कि परियोजना सुचारु रूप से चल रही है। (अनंत ज्ञान)

**बांध निर्माण पर खर्च हुए हैं 16.38 करोड़**



**अनंत ज्ञान विशेष**

### ग्राउंड वाटर को रिचार्ज करने में मिल रही मदद

**अभी** तक इस बांध का पानी समूर कलां, समूर खड्ड, खुर्द, लमलैहड़ी, बोल उपरली, बोल झीकली, सनहाल, परनोलियां सनहाल, मनोनियां सनहाल और बाहल गांवों में हरियाली व ग्राउंड वाटर को रिचार्ज करने में मदद मिल रही है। इस डैम से इस क्षेत्र के सूखे पड़े 44 हैंडपंप तथा 31 कुओं को रिचार्ज करने में भी मदद मिलने की उम्मीद है। इस जलाशय से पहाड़ी पथरीले गांवों की 233 हेक्टेयर भूमि को वर्ष भर पर्याप्त सिंचाई की सुविधा प्रदान की जा रही है, जोकि इस समय गर्मियों में सूखे की मार झेलते हैं। इस बांध की वजह से क्षेत्र में किसानों ने शिवा परियोजना के अंतर्गत, अनार, लीची, मौसमी जैसे फलों की खेती शुरू की है, जबकि इससे पहले किसानों को सिंचाई सुविधाओं में कमी की वजह से मात्र एक फसल से ही संतोष करना पड़ता था।

### 2012 में शुरू हुआ था बांध का निर्माण

**डैम** का निर्माण पूर्व सीएम प्रो. प्रेम कुमार धूमल की सरकार के समय 2012 में शुरू किया गया था। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने बताया कि कुटलैहड़ क्षेत्र के पथरीले पहाड़ी गांवों में बरसात में पानी नहीं टिक पाता है। यह पानी, पथरीली धरती होने की वजह से बहकर नीचे घाटी में चला जाता है, जिससे घाटी का जलस्तर तो बढ़ जाता है, लेकिन इन गांवों में पेयजल सिंचाई के लिए पानी की स्थायी दिक्कत बनी रहती थी। अब परियोजना से लाभ हुआ है। क्षेत्र के लोग अब प्याज और लहुसन समेत नकदी सब्जी की फसलों का उत्पादन भी कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला योगासन खेल संघ ने विभिन्न मुददों पर की चर्चा



**सुनील कुमार, हमीरपुर।** जिला योगासन खेल संघ हमीरपुर की वार्षिक मीटिंग का आयोजन हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में किया गया, जिसकी अध्यक्षता संघ की अध्यक्ष स्वाति शर्मा ने की। संघ ने निम्नलिखित मुद्दों के ऊपर चर्चा की। जिला चैंपियनशिप कहां करवाई जाए व किस दिन करवाई जाए तथा इस चैंपियनशिप में चीफ गेस्ट कौन रहेगा, आदि पर चर्चा की गई। बैठक में संघ ने जिला योगासन खेल संघ हमीरपुर को कैसे ऊंचाइयों के ऊपर ले जाएं, इसके बारे में भी विस्तृत चर्चा की। बैठक में प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन से ज्वाइंट सेक्रेटरी एवं नोडल ऑफिसर विनोद कुमार एवं राज्य सचिव विवेक सूद भी जुड़े हुए थे। इस मौके पर जिला योगासन खेल संघ हमीरपुर से जिला सचिव मैडम प्रवीण शर्मा, संयुक्त सचिव नीरज कुमार शर्मा, जिला को-ऑर्डिनेटर सुनील कुमार एवं शशि कुमार तथा इस संगठन के संस्थापक अजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। मीटिंग के अंत में जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष स्वाति शर्मा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

### री भलाना में शीघ्र बनेगा खेल मैदान : रणजीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर विधायक को री भलाना के युवाओं द्वारा जो प्रस्ताव दिया गया था, उसी को ध्यान में रखते हुए विधायक कै. रणजीत सिंह ने सोमवार को मैदान का जायजा लिया। विधायक ने कहा कि युवा नशे से दूर रहें और खेलों में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लें, इसके लिए भी हम और हमारी सरकार कार्य कर रही है। विधायक ने मौके पर जाकर युवाओं को आश्वासन दिया कि 1 महीने के अंदर इस खेल मैदान का कार्य शुरू किया जाएगा। युवाओं व स्थानीय जनता का कहना था कि यह मांग काफी वर्षों से हमारी रही है, लेकिन किसी भी विधायक ने हमारी नहीं सुनी बल्कि किसी ने मैदान को देखा तक नहीं। हम विधायक का धन्यवाद करते है जिन्होंने हमारे आग्रह से यहां पर आए भी और काम शुरू करवाने का भी भरोसा दिलवाया।

### कलश यात्रा से हुआ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, धनेटा।** ग्वालपत्थर में स्थित प्राचीन गोगा माड़ी रावड़ा मंदिर में हर वर्ष की भांति इस बार भी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया, जिसमें आसपास के क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंदिर के पुजारी बिहारी लाल ने बताया कि यह कलश यात्रा कालेश्वर महादेव के महान तीर्थ स्थल पंच तीर्थ से शुरू की गई जिसका मंदिर में पहुंचने पर बैंड- बाजों के साथ स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि 12 से 18 मई तक चलने वाली श्रीमद् भागवत कथा का प्रतिदिन कथा वाचक अजय शास्त्री दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक कथा का रसपान करवाएंगे, वहीं 18 मई को पूर्ण आहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा के पहले दिन कथा वाचक अजय शास्त्री ने श्रीमद् भागवत प्रसंग की शुरुआत भागवत के प्रथम श्लोक से की।

### लोअर हड़ेटा में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** लोअर हड़ेटा गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का सोमवार को पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन कथा व्यास अमित लखनपाल ने श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला भागवत कमेटी के सभी सदस्यों ने सभी लोगों का कथा में भाग लेने के लिए आभार जताया।

# ब्वॉयज स्कूल बनेगा डे-बोर्डिंग स्कूल

## तैयारियां शुरू; सरकार को भेजा प्रपोजल, अब मुहर लगने का हो रहा इंतजार

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

यहां जिला मुख्यालय पर स्थित ब्वॉयज स्कूल का परिसर राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल बन सकता है। इसकी प्रपोजल सरकार को भेज दी गई है। अब अंतिम मुहर लगने की इंतजार हो रही है। शहर के ठीक मध्य में स्थित ब्वॉयज स्कूल की बिल्डिंग के साथ एक और परिसर भी इसी स्कूल का लगता है। इसके अलावा गर्ल्स स्कूल निचले बाजार में स्थित है। लंबे समय से ये दोनों स्कूल चल रहे हैं, लेकिन अब एजुकेशन के नाम पर दोनों को इकट्ठा कर दिया जाएगा।

बिल्डिंग ब्वॉयज स्कूल की बेहतर है, इसलिए वहीं पर डे-बोर्डिंग स्कूल की प्रपोजल तैयार हो रही है। कारण यह है कि तीन मंजिला इमारत में बड़े-बड़े कमरे हैं। स्कूल में बच्चों की तादाद तो शुरुआती समय के हिसाब से निश्चित रूप में घटी है। इसीलिए दोनों स्कूलों को मर्ज करने की कवायद पर उच्च स्तर पर मुहर लग चुकी है। अब केवल अधिकारिक तौर पर पुष्टि होनी है, जिसका इंतजार शुरू है।

उधर, ब्वॉयज स्कूल के प्रिंसिपल मुश्ताक अहमद का कहना है कि कुछ समय पहले इस तरह की प्रपोजल सरकार को भेजी जा चुकी है। अंतिम फैसला वहीं पर होना है, जिसक इंतजार हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि जिला लाइब्रेरी के परिसर के इलाके में एक हिस्सा चारदीवारी के बगैर है। यदि नई प्रपोजल सिरे चढ़ गई, तो यह सारी जमीन उपयोग में आ जाएगी। (अनंत ज्ञान)



यही स्थान है, जहां चारदीवारी नहीं है। नाजायज कब्जे भी साथ ही हैं।

### इन वजहों से शुरू हुई मुहिम

मुख्य परिसर के ठीक सामने सड़क के उस पार इसी स्कूल, यानी शिक्षा विभाग का एक और बड़ा कॉम्प्लेक्स है, जिसमें जिला स्तर की लाइब्रेरी भी निर्मित की गई है। यहीं पर एनसीसी का मुख्यालय भी है। महिला पुलिस स्टेशन भी है और डिप्टी डायरेक्टर एजुकेशन का भी दफ्तर मौजूद है। यहां निचले इलाके में काफी जगह अभी भी बेकार पड़ी हुई है। वहां पुराने क्वार्टर जर्जर हो चुके हैं। चारदीवारी की कमी की वजह से उसे पर नाजायज कब्जे भी हो रहे हैं। यही काम है कि नई प्रपोजल को अंजाम देने की मुहिम इसी वजह से शुरू है।

**मर्ज हो सकते हैं ब्वॉयज और गर्ल्स स्कूल हमीरपुर**

### क्या-क्या हो रही चर्चाएं

कई तरह की ऑप्शंस इस मामले को लेकर चल रही हैं, क्योंकि सेकेंडरी शिक्षा के डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय के भवन के मौजूदा स्थान पर बड़ी बिल्डिंग बनाने की भी प्रपोजल चल रही है। मतलब सिर्फ इतना है कि अब ऊपर से आदेश कब आते हैं, कैसे व्यवस्था बनती है क्योंकि एजुकेशन का एक डायरेक्टोरेट भी शिमला से हमीरपुर शिफ्ट किया जा रहा है, इस पर भी अलग तरह की चर्चा हो रही है। अब क्योंकि गृह जिला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का है, इसीलिए कुछ नया न हो, ऐसा कैसे हो सकता है।

# पंचायत प्रधानों ने की जाहू से वाया भरेड़ी-सरकाघाट बस चलाने की मांग

**बोले- 40 गांवों के सैकड़ों लोगों को झेलनी पड़ रही दिक्कत**

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

जाहू से वाया भरेड़ी-सरकाघाट के लिए शाम को साढ़े सात बजे के बाद कोई भी बस सेवा न होने की वजह से लोगों को काफी परेशानी से जूझना पड़ रहा है, जिससे लगभग 40 गांवों को परेशानी हो रही है। यह समस्या उस समय से अधिक गंभीर हो गई, जब दिल्ली बस के समयसारिणी में तबदीली की गई। दिल्ली-सरकाघाट पहले शाम को साढ़े सात बजे के आसपास जाहू से सरकाघाट के लिए चलती थी परंतु एक सप्ताह से साढ़े सात बजे से पहले ही जाहू से सरकाघाट को चली जाती है।

जाहू में भौर, भरेड़ी, धमरोल, पपलाह, गरसाह भुक्कड़, अमरोह, कक्कड़, पलपल, याणवीं, सुलगवान, बडैहर, व अन्य कई गांवों के यात्री शिमला, बिलासपुर, घुमारवीं व अन्य शहरों से जाहू में साढ़े सात बजे के आसपास पहुंचते है। जाहू से वाया भरेड़ी कोई भी बस सुविधा न होने की वजह से लोगों को किराये पर टैक्सी करके अपने स्थान तक पहुंचना पड़ता है। एचआरटीसी विभाग की अपनी मनमर्जी का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। इस समय शिमला से सरकाघाट के लिए एक बस वाया पांवटा होकर शाम साढ़े सात बजे पहुंचती है। गौरतलब है कि वाया पांवटा मार्ग पर पहले से ही एक और बस मंडी से सरकाघाट ठीक उसी समय पर उपलब्ध है, इसलिए एक बस को वाया भरेड़ी कर देने से वाया पांवटा रूट पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा।

स्थानीय ग्रामीणों में सुरेंद्र जरयाल अमरोह पंचायत प्रधान मीना देवी, कक्कड़ पंचायत प्रधान विनोद कुमार, भुक्कड़ प्रधान किशोर चंद, गरसाहड़ पंचायत प्रधान रेखा देवी, उपप्रधान विकास शर्मा, पपलाह पंचायत प्रधान अंकुश सैणी, उपप्रधान अनूप शर्मा, धमरोल प्रधान बीना देवी, उपप्रधान विजय कुमार, भलवानी प्रधान अमनदीप ने पथ परिवहन निगम से बस चलाने की मांग की है। एचआरटीसी डिविजनल मनेजर विनोद ठाकुर ने बताया कि इस समस्या के बारे में कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए बसों के रूटों की गहनता से छानबीन की जाएगी।

# खड्ड में डूबे रोहित का मिला शव

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के प्लासी गांव के निवासी रोहित कुमार जिसकी शनिवार शाम लगभग साढ़े पांच बजे कुणाह खड्ड में डूब जाने से मौत हो गई थी, उसके शव को एनडीआर एफ टीम द्वारा आज सुबह लगभग साढ़े 9 बजे निकाल लिया गया। मृतक रोहित कुमार के शव को कुणाह खड्ड से निकालने के लिए एनडीआरएफ की टीम को 24 घंटों के बाद सफलता मिली।

टीम का कहना हैं कि कुणाह खड्ड में जिस स्थान पर रोहित कुमार की डूबने से मौत हुई है, वह लगभग 32 फुट गहरा है और नीचे पूर्ण रूप से दलदल है। रविबार रात को भी लगभग नौ बजे तक लाइट की रोशनी में एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर की देखरेख में मृत शरीर को ढूंढने का सर्च ऑपरेशन जारी रहा, लेकिन सफलता न मिलने पर आज सुबह फिर एनडीआरएफ की टीम ने अपना सर्च ऑपरेशन शुरू किया। रोहित कुमार के शव को कुणाह खड्ड से निकलने के बाद उसे पुलिस ने अपने अधीन लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया उसके उपरांत उसे परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया, लेकिन रोहित कुमार की कुणााह खड्ड में जिस स्थान पर डूबने से मौत हुई, वह जगह वर्तमान समय में काफी चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगों का कहना है कि आज दिन तक जो भी इस स्थान पर डूबा है, व जीवित नहीं बचा।

हैरानी की बात यह है कि किसी को भी यह आज दिन तक मालूम नहीं था कि यह स्थान लगभग 32 फुट गहरा है और यह बरसात के मौसम में कुणाह खड्ड में पानी का अत्यधिक वहाव आने के कारण भी यह आज दिन तक पत्थर एवं रेता-बजरी जो पानी के बहाव के साथ बह कर आता है, उससे क्यों नहीं भरा। यह अवश्य चिंतन करने की बात है। (अनंत ज्ञान)



एनडीआरएफ की टीम द्वारा कुणाह खड्ड से निकाला गया रोहित कुमार का शव।

**24 घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद एनडीआरएफ की टीम को मिली सफलता**

# मैहरे में 2009 से निर्माणाधीन अंबेडकर भवन को आज तक छत भी नसीब नहीं

**एसके ठाकुर, बड़सर**

बड़सर विधानसभा के कस्बा मैहरे में निर्माणाधीन अंबेडकर भवन जिसको लाखों रुपए खर्च कर आधा अधूरा छोड़ दिया है। पिछले डेढ़ दशक से छत के लिए तरस रहा है। गौरतलब है कि इस भवन की आधारशिला वर्ष 2009 में तत्कालीन विधायक बलदेव शर्मा ने रखी थी, लेकिन आज तक यह भवन सिर्फ दीवारों पर खड़ा है, इसको छत नसीव न हो पाई। छत्त न होने से जो खिड़कियां व दरवाजे लगाए गए हैं , वे भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं।

इस भवन का निर्माण होने से खासकर उन लोगों के लिए सुविधा मिलने थी, जिनके लिए सामाजिक समारोह का आयोजन करवाने के लिए सस्ते दामों पर सुविधा मिलनी थी, साथ में पंचायत के लिए अतिरिक्त आय का साधन उपलब्ध होना था यानी के पंचायत की भी आय बढ़नी थी, लेकिन आज तक इस पर न छत्त डाली गई और न ही इसका कोई उपयोग हो सका। इसलिए लगातार अनदेखी के चलते यह आधा अधूरा भवन खंडहर बनता जा रहा है। पिछले विधानसभा चुनावों के समय राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने एक चुनावी सभा में इस भवन को अमलीजामा पहनाने के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत करने की बात कही थी और राशि स्वीकृत भी हो गई थ, लेकिन राशि क्यों नहीं खर्च हो पाई, इसका न तो लोक निर्माण विभाग से कोई संतोषजनक उत्तर मिलता है और न ही पंचायतीराज विभाग कुछ कहने को तैयार है। वहीं बल्याह पंचायत प्रधान बलबीर सिंह वीरू राम ने कहा कि अभी तक पंचायत को कोई राशि उपलब्ध नहीं हुई है। प्रधान बलवीर सिंह ने जिलाधीश हमीरपुर और राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार से गुहार लगाई है कि इस अधूरे भवन को पूरा करने के लिए जल्द से जल्द राशि का प्राबधान करवाया जाए।

उधर बड़सर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने कहा कि मेरे ध्यान में यह समस्या अभी आई है। निर्माण कार्य क्यों लटका है, इसके बारे में संबंधित विभाग से पूरी जानकारी ली जाएगी। अगर बजट की कमी है तो मुख्यमंत्री से मिल कर जल्द से जल्द इस भवन के लिए बजट का प्राबधान करवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# धूमधाम से मनाया रेडक्रॉस दिवस

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली स्कूल के छात्रों के लिए रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी का मुख्य उद्देश्य मूल रूप से किसी भी समय और परिस्थितियों में सभी प्रकार की मानवीय गतिविधियों को निशुल्क प्रेरित करना है। इस विशेष अवसर पर कक्षा छठीं से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग गतिविधि का आयोजन किया गया। अंत में प्रधानाचार्य ने विशेष स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

# सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर की नाराजगी व्यक्त



निगम बोर्डों के सेवानिवृत्त प्रतिनिधियों ने बैठक आयोजित कर विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

**निगम बोर्डों के सेवानिवृत्त प्रतिनिधियों ने की बैठक**

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

निगमों/ बोर्डों से सेवानिवृत्त हुए कॉरपोरेट सेक्टर के प्रतिनिधियों की विशेष बैठक प्रदेश अध्यक्ष देवी लाल ठाकुर की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस मेन बाजार हमीरपुर में संपन्न हुई। इसमें लगभग 12 निगमों बोर्डों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस विशेष बैठक में चर्चा की गई कि कॉरपोरेट सेक्टर की पेंशन का जो केस माननीय सुप्रीम कोर्ट में चला हुआ था, उसका निर्णय जो आया है, उसके बारे में सभी सदस्यों ने निरुत्साहित होकर नाराजगी व्यक्त की और यह निर्णय लिया कि इस बारे सुप्रीम कोर्ट के कानूनी विशेषज्ञों से और गोविंद चित्रांटा से जो इस केस की पैरवी कर रहे थे, उनसे विचार-विमर्श करके फिर से इस केस के बारे कॉरपोरेट सेक्टर के 6730 लोगों को कैसे न्याय दिलवाया जाए, के बारे में पैरवी की जाएगी। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि सुक्खू सरकार से भी इस पेंशन के मसले को जोरदार तरीके से कैसे उठाया जाए।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इससे पहले बिलासपुर की बैठक में जो संयुक्त सलाहकार समिति गठित की गई थी उसमें और सदस्यों को भी शामिल किया गया। इसमें हरबंस सिंह राणा, सुशील शर्मा वन निगम से, मलकियत सिंह पठानिया पर्यटन निगम से लिए गए और यह भी निर्णय लिया गया कि पूरे प्रदेश के सभी जिलों को फिर से एकजुट किया जाए और सभी के सहयोग से सरकार से भी और कानूनी तौर पर भी जो भी इन 6730 लोगों की भलाई के लिए जो भी उचित निर्णय होगा, लिया जाएगा।

बैठक में हरबंस सिंह राणा, वीके कौल, आरके कपूर, ओपी सूद, मलकियत सिंह पठानिया, रणजीत सिंह, सतीश कुमार, दलीप सिंह, चुनी लाल, उधम सिंह, सुरजीत वर्मा आदि प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# 'ध्यान है आसन' कार्यक्रम में आपबीती सुनाते छलके आंसू

**पिरामिड मेडिटेशन कार्यक्रम की लोगों ने जानी पावर**

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पिरामिड स्पिरिचुअल सोसायटीज मूवमेंट संस्था द्वारा पिरामिड मेडिटेशन से कई असाध्य रोगों से भी लोग छुटकारा पा रहे हैं। पिरामिड मेडिटेशन ने कई लोगों का जीवन ही बदल दिया है। हमीरपुर के टाउन हाल में संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सीनियर पिरामिड मास्टर दीप्ती नडेला ने संस्था से जुड़े लोगों को इसकी पावर के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान हमीरपुर की सुधा ठाकुर ने अपना अनुभव साझा करते हुए उनकी बार-बार आंखें नम हो रही थी, क्योंकि मेडिटेशन ने उनके जीवन में नई रोशनी और आशा से भर दी थी। उन्होंने बताया कि किडनी की बीमारी से पीड़ित हो गई और सारी उम्मीद छोड़ चुकी थी, लेकिन पिरामिड मेडिटेशन से उनकी बीमारी ठीक हुई, बल्कि शरीर में एक ऊर्जावान बनने लगा। यह एक आध्यात्मिक पावर है, जिससे असाध्य रोगों में भी पूरी तरह से छुटकारा पाया जा सकता है।

सीनियर पिरामिड मास्टर दीप्ति नडेला ने बताया कि संस्था का एक ही उद्देश्य है कि आध्यात्मिक जीवन के प्रति लोगों को जागरूक करना। इसके लिए शाकाहार विशेष रूप से आवश्यक है। शाकाहार आपको दिव्य, शांत आनंदपूर्ण बनाकर आपकी चेतना को उर्ध्वगामी करता है।

उन्होंने बताया कि पिरामिड विश्व ऊर्जा को केंद्रित करने वाली संरचना है। पिरामिड के अंदर या इसके नीचे ध्यान करने से तीन गुना अधिक ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि आध्यात्मिक विज्ञान विश्व के विभिन्न आध्यात्मिक वैज्ञानिक और गुरुओं की पुस्तकें पढ़ना और उनके अनुभवों को ग्रहण करना ही आध्यात्मिक मार्ग को प्राप्त करने का सुगम मार्ग है। इस दौरान अंजु ठाकुर व कर्नल पटियाल ने भी अपने अनुभव साझा किए।

# पेंशनरों ने वित्तीय लाभ में पक्षपात को लेकर जताया आक्रोश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम आंचल पेंशनर्स संघ हमीरपुर जिला इकाई की मासिक बैठक वरिष्ठ उपप्रधान केसी गौतम की अध्यक्षता में पेंशनर भवन में संपन्न हुई। जिला महासचिव शंभू राम जसवाल द्वारा मंच संचालन करते हुए उपस्थित सदस्यों को बैठक एजेंडा की जानकारी के साथ-साथ जिला में वर्तमान संघ गतिविधियों की जानकारी दी गई। सर्वप्रथम बैठक में जिला इकाई द्वारा सत्र 2025-27 के लिए नवनिर्वाचित खंड पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

बैठक में हमीरपुर जिला इकाई का चुनाव 27 मई को पेंशनर भवन हमीरपुर में करवाने हेतु हाउस ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। इस संबंध में खंड इकाइयों को चुनाव से पूर्व डेलीगेट्स की सूची, सक्रिय सदस्यों का विवरण व जिला व स्टेट शेयर की राशि जिला इकाई के पास जमा करवाने का अनुरोध किया गया। पेंशनरों की लंबित मांगों पर विचार-विमर्श करते हुए पेंशनरों ने सरकार के प्रति नाराजगी जताई गई कि सरकार जनवरी, 2016 से जनवरी, 2022 के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी, कम्युटेशन, लीब-एनकैशमेंट आदि का भुगतान न करके इनके साथ पक्षपात किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त पेंशनरों में सरकार द्वारा जारी महंगाई भत्ता की दो किस्तों का 21-21 महीने का एरियर, चिकित्सा बिलों का समय पर भुगतान न मिल पाना, महंगाई भत्ता की तीन देय किस्तें जारी न करने व पेंशनरों की समस्याओं के निपटान हेतु जेसीसी का गठन न किए जाने आदि मुद्दे लंबित होने पर भी पेंशनर्स ने सरकार के प्रति गहरा आक्रोश जताया व सरकार से मांग उठाई गई कि सरकार पेंशनरों के सभी देय वित्तीय लाभ का शीघ्र एकमुश्त भुगतान करे। प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा द्वारा सदस्यों को आश्वस्त किया कि चुनाव प्रक्रिया खत्म होने पर पेंशनरों की लंबित मांगों बारे सरकार से मामला उठाया जाएगा और अगर मांगों को पूरा करवाने हेतु संघर्ष पर उतरना पड़ा तो उसमें भी गुरेज नहीं होगी।

पदाधिकारियों ने अन्य जानकारियां भी उपलब्ध करवाई गईं। चर्चा में भाग लेने वालों में प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा, टौणी देवी प्रधान जगदीश चंद शर्मा, हमीरपुर खंड प्रधान देव राज पटियाल, भोरंज प्रधान वचित्र सिंह, नादौन प्रधान जगदीश शर्मा, सुजानपुर प्रधान पृथ्वीराज शर्मा, बिझड़ी प्रधान नरेंद्र बन्याल, प्रदेश उपप्रधान सुभाष शर्मा, वरि. उपप्रधान रंजीत सिंह ठाकुर, कृष्ण चन्द आदि प्रमुख रहे। बैठक में ऑपेशन सिंदूर में सेना व नागरिकों के अलावा पेंशनर सदस्यों के निधन पर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।



पेंशनर्स बोले-मांगों को पूरा करने के लिए संघर्ष करने से भी नहीं किया जाएगा गुरेज।

# 1971 में युद्ध के दौरान अमेरिका के आगे नहीं झुकी थी इंदिरा गांधी : एनएसयूआई



एनएसयूआई के कार्यकर्ता हमीरपुर के गांधी चौक पर स्व. इंदिरा गांधी के नारे लगाते हुए।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष टोनी ठाकुर ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा देश की सुरक्षा के लिए की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई ने आज पूरे देश में एक बार फिर साहस, संकल्प और राष्ट्रीय स्वाभिमान की भावना को प्रबल किया है, लेकिन अमेरिका की मध्यस्थता पर सीजफायर का आदेश देना समझ से परे है, ऐसे समय में देशवासियों को याद आ रही है भारत की लौह महिला, स्व. इंदिरा गांधी।

इंदिरा की दबंग छवि आज भी भारतीय राजनीति और इतिहास में मिसाल बनी हुई है। इंदिरा गांधी वह नेतृत्व थीं, जिन्होंने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को निर्णायक रूप से हराया और एक नए राष्ट्र बांग्लादेश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी रणनीति, साहस और राजनीतिक दृढ़ता ने साबित कर दिया था कि भारत किसी भी आतंकवाद से डरने वाला नहीं है।

उनकी सोच स्पष्ट थी, भारत की एकता, अखंडता और सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं होगा। टोनी ठाकुर ने कहा कि भारत की सेना के साहस को नमन करता है और इस अवसर पर इंदिरा गांधी जी जैसी नेतृत्व की प्रेरणादायक छवि को श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

**रोष** सरकार ने मांगें नहीं मानी तो राजकीय प्राथमिक शिक्षक करेगा आमरण अनशन

# वित्तीय व प्रशासनिक शक्तियां समाप्त की तो होगा विरोध: संघ

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार द्वारा धरना-प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को सस्पेंड करने को लेकर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने कड़ा विरोध जताया है। प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि संघ को वार्ता के लिए बुलाया जाए और उनकी मांगों को पूरा किया जाए। यदि संघ के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए नहीं बुलाया जाता है और उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तो संघ आमरण अनशन शुरू करेगा। यह बात प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार ने प्रेस वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि प्रारंभिक और उच्च निदेशालय को मर्ज करके एक निदेशालय बना दिया है जिसमें प्राथमिक शिक्षा का ढांचा था, उसे मर्ज करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और विभाग की सुनियोजित तरीके से प्राथमिक विंग को समाप्त करने का प्रयास है। लगभग 45 साल से यह निदेशालय चले हुए हैं। विभाग से जब पूछा जाता है कि निदेशालयों को मर्ज करने की क्या आवश्यकता है तो यह जवाब मिलता है कि दो निदेशालय सही ढंग से काम नहीं कर पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब दो निदेशालय काम को सही ढंग से नहीं कर पा रहे थे तो एक निदेशालय कैसे काम करेगा। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले प्राथमिक स्कूलों में सिंगल टीचर रह गए थे जिससे शिक्षकों को छुट्टी तक नहीं मिल रही थी, उस समय हमने मांग उठाई कि खाली पदों को भरा जाए जिससे शिक्षा की गुणवत्ता बनी रही, तो उस समय शिक्षा विभाग कलस्टर प्रणाली की प्रपोजल लेकर आ गया कि कलस्टर सिस्टम लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि कलस्टर सिस्टम लागू करना शिक्षा विभाग का सूझबूझ का निर्णय नहीं था। उन्होंने कहा कि प्राइमरी विंग के बच्चे ब्लॉक लेवल से लेकर स्टेट लेवल तक भाग लेते हैं, लेकिन पिछले वर्ष इन बच्चों के टूर्नामेंट समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे विरोध करने के बाद ब्लॉक लेवल के टूर्नामेंट में एक दो खेलें रखकर पल्ला झाड़ लिया।

इस बारे में जब शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बात की उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों की खेलें करवा कर ओलंपिक में मेडल लाना है। उन्होंने कहा कि एक जेबीटी अध्यापक 25 साल नौकरी करने के बाद एचटी पर प्रमोट होता है और वहां पर भी उसे कोई वित्तीय लाभ नहीं है। उसके बाद दो तीन साल बाद वह सीएचटी प्रमोट होता है और बाद में बीईओ प्रमोट होता है, इसके बाद हमारी प्रमोशन समाप्त हो जाती है। यदि यह सारी शक्तियां प्रिंसीपल को दे दी जाती हैं तो हमारा तो सारा ढांचा ही समाप्त हो जाएगा।

उन्होंने प्रदेश सरकार और विभाग को चेताया कि हमारे वितीय लाभ और शक्तियों को समाप्त किया तो इसका कड़ा विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संघ ने सरकार से प्रपोजल मांगी गई कि शिक्षा विभाग में क्या किया जा रहा है, लेकिन आग्रह करने के बाद भी प्रपोजल नहीं दी गई जिसके कारण अध्यापकों में निराशा बढ़ रही थी। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देश में तानाशाही नहीं चलेगी, यहां पर बातचीत से ही हल होगा। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों में संघ की बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। (अनंत ज्ञान)




प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करता राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ।

# आतंकवाद पर भारत की जीरो टॉलरेंस नीति ने रच दिया इतिहास : भाजपा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि पहलगाम में 26 निर्दोष सैलानियों की निर्मम हत्या के पश्चात भारत ने जिस सख्ती और रणनीति से सिंदूर ऑपरेशन को अंजाम दिया, वह देश की आतंकवाद के विरुद्ध अटल नीति और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक है। हमारे वीर सैनिकों ने न केवल संयम और साहस का परिचय दिया, बल्कि दुश्मनों के गढ़ तक घुसकर करारा जवाब भी दिया। राकेश ठाकुर ने कहा कि आज पूरा देश हमारे सैनिकों की बहादुरी का अभिनंदन कर रहा है।



भारत की इस कार्रवाई की गूंज रावलपिंडी तक सुनाई दी, जहां मुनीर की वायुसेना को मिट्टी में मिला दिया। अब यह स्पष्ट हो चुका है कि यह नया भारत है, जो आतंकवाद के मुद्दे पर शून्य सहिष्णुता की नीति पर चलता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने आतंकियों के दर्जनों अड्डों और हवाई ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। ब्रह्मोस मिसाइल ने पाकिस्तान को झकझोर कर रख दिया, जिससे वह युद्ध विराम के लिए गिड़गिड़ाने पर मजबूर हो गया।

भारत ने यह युद्ध विराम अपनी शर्तों पर किया है, जिसमें सिंधु नदी जल समझौता रद्द रहेगा और यह स्पष्ट कर दिया गया है कि यदि भविष्य में पाकिस्तान की ओर से कोई आतंकी गतिविधि पाई गई, तो उसे युद्ध विराम उल्लंघन माना जाएगा और भारत उसी सख्ती से फिर से कार्रवाई करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि एक समय था जब 2014 से पहले हमारे सैनिकों को जवाबी कार्रवाई के लिए दिल्ली से अनुमति लेनी पड़ती थी, लेकिन आज उन्हें दुश्मन की गोली का जवाब तुरंत गोले से देने की खुली छूट है। ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य क्षमता, कूटनीति और साहस का परिचायक है। भारत अब आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## न्यूज ब्रीफ

### 8 ग्राम स्मैक और 480 नशीले कैप्सूल बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान जारी है और इसी कड़ी में पोंटा पुलिस की डिटेक्शन टीम ने एक और नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। टीम ने गुप्त सुचना के आधार पर यह कार्यवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार डिटेक्शन टीम रविवार शाम आदित्य पुत्र मदन निवासी कामो माजरा तहसील बेहट जिला सहारनपुर के कब्जे से पोंटा साहिब के बहराल में 8 ग्राम स्मैक व 480 नशीले कैप्सूल बरामद करने में सफलता प्राप्त की। डीएसपी पोंटा मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। सोमवार को इसे अदालत में पेश किया जाएगा और पुलिस रिमांड की मांग की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सराहन में स्व. वीरभद्र की प्रतिमा होगी स्थापित



**अनंत ज्ञान, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की जन्मस्थली सराहन बुशहर में मां भीमकाली के प्रांगण में उनकी प्रतिमा स्थापित की जा रही हैं। इसके लिए आज कलश यात्रा निकली गई। यह कलशयात्रा वीरभद्र सिंह के सराहन स्तिथ निवास से शुरू हुई। आगामी 8 जुलाई को मां भीमाकाली मंदिर के प्रांगण में प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा।

### किसानों को बिजली सबसिडी देने की अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राज्य सरकार के सोमवार को प्रवक्ता जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध करवाने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को केवल एक रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार प्रति यूनिट 4.04 रुपए की सबसिडी वहन करेगी, जिसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि अधिसूचना जारी होने में थोड़ी देरी के कारण कुछ किसानों को अस्थायी रूप से बढ़ी हुई दरों पर बिजली बिल मिले हैं। हालांकि, उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों से अतिरिक्त वसूल की गई राशि को आगामी बिलों में समायोजित कर राहत दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार किसानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और इस दिशा में सभी आवश्यक व प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

### पैट का 18 और लीट का 25 मई को होगा पेपर

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड ने बहुतकनीकी प्रवेश परीक्षा (पैट) और द्वितीय वर्ष लेटरल एंट्री टेस्ट (लीट) को पूर्व निर्धारित शैडयूल के तहत ही करवाए जाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हालांकि भारत-पाकिस्तान के तनाव के चलते परीक्षाओं को रि-शैडयूल किए जाने की योजना पर भी काम किया जा रहा था। लेकिन अब हालात कुछ सामान्य होने की स्थिति में पुराने निर्धारित शैडयूल के तहत ही करवाई जाएंगी। इस बार पिछले वर्षों के मुकाबले उक्त दोनों परीक्षाओं को आवेदन अधिक पहुंचे हैं। जिसमें पैट के लिए 4676 के करीब व लीट के लिए 2100 के करीब छात्रों ने आवेदन किए हैं। बहुतकनीकी प्रवेश परीक्षा (पैट) 18 मई रविवार को प्रदेश के करीब 29 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी, जबकि लीट परीक्षा 25 मई रविवार को नौ परीक्षा केंद्रों पर होगी। उधर, तकनीकी शिक्षा बोर्ड के सचिव अशोक पाठक ने बताया कि परीक्षाओं को अब पूर्व के निर्धारित शैडयूल के तहत ही करवाए जाने को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। इसके लिए जल्द ही तकनीकी बोर्ड की बेवसाईट में छात्रों को एडमिट कार्ड जारी कर दिए जाएंगे।

# हिमाचल के पर्यटन व्यवसाय को लगे पंख, पर्यटन कारोबारियों के चमके चेहरे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**


भारत-पाकिस्तान के मध्य तनाव में कमी से हिमाचल के पर्यटन को पंख लगने वाले हैं। पर्यटन फिर रफ्तार पकड़ने लगा है। विमानों की आवाजाही से पर्यटक उत्साह में है। रेलमार्ग से भी संपर्क बढ़ गया है। सुहाने मौसम का आनंद उठाने को बड़े राज्यों से पर्यटक पहुंचने लगे हैं। मैदानी इलाकों में झुलसने वाली गर्मी पड़ रही है, जबकि पहाड़ों पर बारिश बरस रही है। एक सप्ताह पहले भी राज्य के पर्यटन में भारी उछाल आ गया था, मगर भारत-पाकिस्तान की तनातनी के बीच अचानक गिरावट आ गई थी।

जानकारी मिली है कि सोमवार को प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सैलानियों ने बड़े पैमाने पर दस्तक दी है। शिमला, कुफरी, मशोबरा नालदेहरा, नारकंडा, मनाली, चायल, कसौली, धर्मशाला, मैकलोडगंज सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर सैलानी खूब दौड़ लगा रहे हैं। अगर सीमा पर शांति के हालत बनी रहे उसे सूरत में अगले सप्ताह पर्यटकों का सप्ताह 80 फीसदी तक ऑक्यूपेंसी पहुंचने की उम्मीद है।

जानकारी मिली है कि राजधानी शिमला में मौसम सुहावना बना हुआ है। सोमवार को भी यहां पर सैलानियों ने खूब चहलकदमी की। परिवार के संग घूमने का आनंद उठाया। कांगड़ा जिला के मैक्लोडगंज में भी सैलानियों की संख्या बढने लगी है। सोमवार को करीब 40 से 45 फीसदी तक पहुंच गई। कोकसर घाटी में भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे और बर्फ के बीच जमकर मस्ती की। खराब मौसम होने के बाद भी यहां सुबह से सैलानी पहुंच रहे है

### 22 अप्रैल के बाद घट गया था कारोबार

**काबिले** गौर है कि की 22 अप्रैल को पहलगाम की घटना के बाद कारोबार बढ़ने के बजाय लगातार घट रहा था। मनाली में वीकेंड में 2,000 से अधिक पर्यटक वाहन आ रहे थे, मगर अब 1000 से 1100 वाहनों की एंट्री हो रही है। अब भारत-पाकिस्तान युद्ध में सीजफायर होने से हजारों पर्यटन कारोबारियों को पर्यटन व्यवसाय में उछाल आने की उम्मीद है।



### कुल्लू घाटी के पर्यटन में भारी उछाल

**पर्यटन** नगरी कुल्लू घाटी में पर्यटन में भारी उछाल आया है। अभी तक होटलों की ऑक्यूपेंसी 60 फीसदी से अधिक नहीं बढ़ पाई है। इसका असर घाटी के सोझा, तीर्थन, जीभी, मणिकर्ण, मनाली के साथ लाहौल घाटी में पड़ा है।

### सीमाओं पर तनाव कम होने से होगा फायदा

**पर्यटन** कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि भारत-पाकिस्तान के बीच शांति कायम होने लगी है। सीमाओं पर तनाव कम हुआ है। यही वजह है कि प्रदेश में पर्यटन कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली है। अगले एक सप्ताह में इसमें भारी इजाफा होने की संभावना है और होटल में ऑक्यूपेंसी 80 से 90 फीसदी के बीच जा सकती है।

### हिमाचल कांग्रेस कार्यकारिणी के गठन का उलझा पेंच जल्द सुलझेगा

# अंतिम दौर की वार्ता पर सजा दिल्ली दरबार

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

- सीएम सुक्खू सहित दो दर्जन नेता होंगे शामिल
- कांग्रेस अध्यक्ष को बदलने की हो रही कोशिश

हिमाचल कांग्रेस कार्यकारिणी के गठन का उलझा पेंच जल्द सुलझने वाला है। दिल्ली आलाकमान ने अंतिम दौर की वार्ता को शीर्ष नेताओं को दिल्ली तलब किया है। सीएम से लेकर डिप्टी सीएम सहित दो दर्जन अन्य शीर्ष नेता दिल्ली कूच करने वाले हैं। नई कार्यकारिणी सहित परस्पर गुटबाजी पर भी मंथन होना है। वरिष्ठ नेताओं के मन मुटाव पर अलग से बातचीत होनी है।

राहुल के दरबार में इसका फैसला होगा। केंद्र में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इसे लेकर पहले ही अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं और उन्होंने सभी शीर्ष नेताओं को दिल्ली तलब किया था, मगर भारत-पाक तनाव की वजह से ये आवश्यक बैठक टल गई थी। अब इस सप्ताह यह बैठक संभव है, जिसमें इन सभी तमाम पहलुओं की पड़ताल होगी और सभी अहम मुद्दों को सुलझाने का रास्ता निकाला जाएगा।

पार्टी सूत्रों ने दावा किया है की नई कार्यकारिणी के गठन में तीन नेताओं की रायशुमारी अहम मानी जा रही है। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की सिफारिशों पर ही नई कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन होना है। तीनों दिग्गज नेताओं के समर्थकों को ही नए संगठन में स्थान मिलना लगभग तय है।

गौरतलब है कि मौजूदा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को लेकर भी खींचतान जारी है उनके धुर विरोधी उन्हें बदलने की कोशिशों में जुटे हैं। सूत्रों ने दावा किया है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के गठन की प्रक्रिया में एकाएक तेजी आ गई है। अब प्रदेश अध्यक्ष व कार्यकारिणी की घोषणा होगी, इसके लिए दिल्ली में कई दौर की बैठकें हो चुकी है। पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर, पंजाब की प्रभारी रह चुकी वरिष्ठ नेता आशा कुमारी, पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर व ठाकुर सिंह भरमौरी की नियुक्ति पर सभी की नजरें टिकी हैं। (अनंत ज्ञान)

### प्रतिभा सिंह को लेकर भी संशय बरकरार



**उसके** बाद कांग्रेस संगठन लगभग पैरालाइज्ड हो गया था। सरकार और संगठन में भी दूरियां सिमटने के बजाय बढ़ रही है। अब दिल्ली कांग्रेस दरबार में ही इस बात का फैसला होगा कि नया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कौन होगा। प्रतिभा सिंह ही इस पद पर बनी रहेगी या फिर किसी दूसरे सीनियर लीडर को इसका प्रभार सौंपा जाएगा। इसके अलावा राहुल के दरबार में सीनियर लीडरों की परस्पर ढींगामुशती पर भी बातचीत होनी है। इसका क्या समाधान निकलेगा, यह भी इसी सप्ताह मालूम हो जाएगा।

### कार्यकारिणी में दिग्गजों को लग सकता है झटका

**कांग्रेस** की कार्यकारिणी में कई दिग्गजों को झटका लग सकता है है। पार्टी के वरिष्ठ नेता रामलाल ठाकुर भी कांग्रेस कमेटी के गठन, कार्यकारिणी में पदाधिकारियों की अधिक संख्या व कार्यकारी अध्यक्षों की नियुक्ति पर अपनी बात हाईकमान के समक्ष रख चुके हैं। मगर उनकी बातें सुनी जाती है जो भी अभी स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता।

### दो कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने की योजना

**अब** पार्टी की कमान एक ही नेता के हाथ में होनी चाहिए। यानी एक ही अध्यक्ष होना चाहिए। हाईकमान में कार्यकारिणी का आकार सीमित करेगा। यानी भारी भरकम फौज के बजाय कम सदस्य ही कार्यकारिणी में रखे जाएंगे। हाईकमान ने नवंबर 2024 में प्रदेश, जिला व खंड कार्यकारिणियों को भंग किया था। तब से प्रतिभा सिंह ही पार्टी को चला रही हैं। प्रतिभा सिंह ने मंडी व बिलासपुर जिला का दौरा कर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की थी। बिलासपुर की बैठक में काफी विवाद हुआ था।

# सिंचाई के बिजली बिलों की बढ़ोतरी पर कांग्रेस सरकार खामोश : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि किसानों के द्वारा सिंचाई के लिए लिए गए बिजली कनेक्शन के बिल चौंकाने वाले हैं। यह मुद्दा सरकार के ध्यान में लाने के बाद भी सरकार कोई सक्रियता नहीं दिखा रही है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। किसानों को पहले जहां खेतों की सिंचाई के लिए 500 यूनिट बिजली खर्च करने पर 300 रुपए का बिल आता था, सुक्खू सरकार की नई व्यवस्था में अब 500 यूनिट बिजली खर्च करने पर 2800 रुपए के लगभग बिजली का बिल आ रहा है।

उन्होंने कहा कि देश के अन्नदाताओं के साथ इस तरह अन्याय सहन नहीं होगा। बिजली के बिलों में कई-कई गुना बढ़ोतरी जायज नहीं है। सरकार इस समस्या की तरह ध्यान दे। किसानों के साथ इस तरह की वसूली पर रोक लगाए। किसान सरकार की मनमानी वसूली के साथ कैसे चल पाएगा? यह देश के अन्न दाताओं के साथ अराजकता है। भारतीय जानता पार्टी इसका कड़ा विरोध करती है।

### बिजली बिल बढ़ोतरी

**जयराम** ठाकुर ने कहा कि सरकार अगर दूध के दाम दो रुपए बढ़ाने की घोषणा भी करती है, तो भी प्रदेश के गली-नुक्कड़-चौराहे, बसें, सब पोस्टर और होर्डिंग्स से भर देती है। लेकिन बिजली के बिल पांच से सात गुना बढ़ाने पर सरकार खामोश बैठी है।

### चुनावी गारंटियां भूली सरकार



**किसानों** द्वारा विरोध किए जाने, विपक्ष द्वारा अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के निवेदन पर भी कुछ नहीं बोल रही है। क्या इन्ही चुनावी गारंटियों के दम पर कांग्रेस हिमाचल की सत्ता में आई थी? कांग्रेस सरकार अपनी चुनावी गारंटियां भूल गई है।

### अनावश्यक शुल्क थोपा

**नेता** प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार ने शुल्क लगाने में गरीबों और किसानों को भी नहीं बख्शा। यह रवैया चलने वाला नहीं हैं। जनहित के मुद्दों को सरकार जिस तरह से अनदेखा कर रही है, वह प्रदेश के लिए बहुत घातक है। सरकार इस तरह से प्रदेश के लोगों के साथ मनमानी नहीं कर सकती है।

### तीन जिलों में बनेंगे ड्रोन स्टेशन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** कृषि और बागवानी क्षेत्र में ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके लिए जिला हमीरपुर, मंडी और कांगड़ा में ड्रोन स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

प्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में संभावनाओं के नए द्वार खुल रहे हैं। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में देश को कुशल कार्यबल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से हिमाचल सरकार ने पहल की है। प्रदेश सरकार राज्य में नवाचार को बढ़ावा दे रही है। इसी के मद्देनजर समग्र ड्रोन ईको सिस्टम की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। ड्रोन प्रौद्योगिकी कृषि, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में अहम भूमिका निभाती है। ग्रीन हिमाचल विजन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रदेश में ड्रोन प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित करना समय की मांग है। इस वित्त वर्ष के दौरान लोगों को ड्रोन टैक्सी सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार की ओर से कार्ययोजना बनाई जा रही है।

# सत्ता में आते ही कांग्रेस ने डीजल पर 7.50 रुपए लीटर टैक्स लगाया : बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर में अनेक स्थानों पर कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि विगत ढाई वर्षों में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने जिला सिरमौर को और हिमाचल प्रदेश को भारी नुकसान पहुंचाया है। सरकार के द्वारा प्रतिदिन लिए जा रहे फैसलों से प्रदेश की जनता त्राहि माम कर रही है।

हिमाचल प्रदेश का कोई भी वर्ग ऐसा नहीं छूटा जिसके उपर सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने टैक्स न लगाया हो और ये टैक्स की मार प्रदेश की जनता को हजारों करोड़ रुपए में पड़ रही है। डॉ. बिंदल ने कहा कि सत्ता में आते ही कांग्रेस ने डीजल पर 7.50 रुपए लीटर टैक्स लगाया और विगत ढाई साल में लगभग 4000 करोड़ रुपए का टैक्स हिमाचल प्रदेश की जनता से वसूला जा चुका है। 2022 के चुनाव में कहा था कि बिजली फ्री करेंगे, फ्री तो क्या करनी थी, हर व्यक्ति को मिलने वाली 125 युनिट फ्री बिजली भी बंद कर दी।



कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल।

बिजली में अनेक टैक्स लगाकर बिजली के दामो में भारी वृद्धि कर दी और प्रदेश का बिजली बोर्ड आजकल जनता को करंट मार रहा है। प्रदेश में ग्रामीण लोगों को पानी मुफ्त में मिल रहा था, उस पर भी टैक्स लगा दिया और शहरों में मिलने वाले पानी की दरों में 500 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी गई। राशन के डिपो में मिलने वाले आटे का दाम 3 रुपए और चावल का दाम 4.50 रुपए और सरसों के तेल के दाम में 50 रुपए से अधिक की बढ़ौतरी की, जो गरीब की जेब पर बड़ा डाका है। राशन की दालों में व अन्य सामान में भी भारी इजाफा किया गया है। छोटे-छोटे कामों के लिए लगने वाली कोर्ट फीस, स्टाम्प ड्यूटी में 500 प्रतिशत तक टैक्स लगाया है और रजिस्ट्री फीस को 50 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आवागमन का एकमात्र साधन एचआरटीसी की बसें है। एचआरटीसी ने अनेकों रूट बंद कर दिए हैं।

### बाहरी देशों के दबाव में न आए केंद्र सरकार : प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा है कि पूरा देश आंतकवाद के खिलाफ किसी भी फैंसले पर केंद्र सरकार के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को पाकिस्तान के खिलाफ आंतकवाद की की इस लड़ाई में किसी बाहरी देश के दबाव में नही आना चाहिए।प्रतिभा सिंह ने आज यहां कहा कि केंद्र सरकार को जल्द ही संसद का विशेष सत्र बुला कर देश पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम की पूरी जानकारी देनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आग्रह पर गौर करते हुए संसद का विशेष सत्र बुला कर पूरी वस्तुस्थिति से देश को अवगत करवाना चाहिए।

### आतंकवादियों को बख्शा न जाए

**प्रतिभा** सिंह ने कहा है कि पहलगाम में जिस प्रकार से पाक प्रायोजित आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या की उसका पूरा बदला लिया जाना चाहिए और इसके दोषियों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नही जाना चाहिए। देश आंतकवाद के खिलाफ सरकार की निर्णायक भूमिका चाहता है। देश की रक्षा में आंतकवाद के खिलाफ हमारे वीर जवानों ने शहादत पाई है, उसका पूरा सम्मान किया जाना चाहिए।

# मिठाई की मशहूर दुकान से पांच लाख चोरी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राजधानी शिमला के लोअर बाजार स्थित प्रसिद्ध नाथूराम हलवाई की दुकान में बड़ी चोरी का मामला सामने आया है। दुकान से करीब पांच लाख रुपए नकद गायब हो गए हैं और इस चोरी के पीछे उसी दुकान में काम करने वाले एक कर्मचारी योगराज पर शक जताया गया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।



यह मामला तब सामने आया जब 11 मई की सुबह दुकान की मालकिन मंजू सूद ने अपनी कैशियर ममता देवी को फोन कर बताया कि दुकान के गल्ले से नकदी गायब है। ममता देवी ने इस संबंध में सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 10 मई की रात वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर गई थीं। अगले दिन सुबह दुकान पहुंचने पर उन्हें पता चला कि दुकान से पांच लाख रुपए की नकदी चोरी हो गई है।

पुलिस जांच के दौरान जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो उसमें दुकान के ही एक कर्मचारी योगराज को गले से नकदी निकालते हुए देखा गया। बताया जा रहा है कि चोरी की यह घटना सुबह उस समय हुई जब दुकान में तैनात दूसरा कर्मचारी शौच के लिए बाहर गया हुआ था। इसी दौरान योगराज ने मौका पाकर गले से नकदी निकाल ली और फरार हो गया।

चोरी का आरोपित योगराज शिमला के बसंतपुर इलाके का निवासी है। वह दुकान में नियमित रूप से काम नहीं करता था, बल्कि बीच-बीच में काम के लिए आता था। पुलिस को शक है कि आरोपी पहले से ही चोरी की योजना बना चुका था और मौका देखकर उसे अंजाम दे गया।इस पूरे मामले की जांच सदर थाना पुलिस कर रही है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी के पास मोबाइल फोन नहीं है जिससे उसकी लोकेशन ट्रेस करने में कठिनाई आ रही है। हालांकि पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही है और उम्मीद जताई जा रही है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सदर थाना में इस मामले को लेकर भारतीय न्याय संहिता की धारा 306 के तहत दर्ज की गई है। दुकान की प्रतिष्ठा और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में स्थित होने के कारण यह मामला पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस द्वारा आस-पास के इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है और आरोपित के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# प्रदेश के 2550 स्कूलों में नहीं डीपीई और पीटीआई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

- खेल प्रतियोगिताएं तो मात्र औपचारिकता

शिक्षा विभाग ने बरसात की छुट्टियों का शेड्यूल बदल दिया है, लेकिन खेल प्रतियोगिताओं का कैलेंडर नहीं बदला है, जबकि इस बार बरसात की छुट्टियां 21 जून के बजाय 12 जुलाई से हो रही हैं।

यह बात हिमाचल प्रदेश राजकीय शारीरिक शिक्षक संघ के मुख्य मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार व वरिष्ठ उप प्रधान सुरजीत कटोच ने प्रेस को जारी बयान में कही। उन्होंने कहा कि छुट्टियों के तुरंत बाद अगस्त में टूर्नामेंट होंगे तो बच्चे बिना प्रैक्टिस के ही खेल मैदान में उतरेंगे।

संघ मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री से मांग करता है कि कम से कम जिन जिलों का मौसम खेल प्रतियोगिता करवाने के अनुकूल है। उन जिलों को अंडर-14 के ब्लॉक टूर्नामेंट करवाने की अनुमति को दी जाए, ताकि अंडर-14 टूर्नामेंट और अंडर-19 के टूर्नामेंट के साथ क्लेश न हो। स्कूलों में शारीरिक शिक्षकों की



बड़ी कमी चली हुई। 400 के लगभग वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में डीपीई और शारीरिक प्रवक्ता के पद ही सृजित नहीं हैं।

150 के लगभग वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों डीपीई के रिक्त चले हुए हैं। कुल मिलाकर 550 के लगभग वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बिना डीपीई के भाग लेंगे। साथ में 2000 के लगभग मिडिल और उच्च विद्यालयों में पीटीआई के पद रिक्त चले हुए हैं। ऐसे में अगर इतनी बड़ी संख्या में शारीरिक शिक्षक नहीं होंगे, तो खेल प्रतियोगिताएं औपचारिकता मात्र रह जाएंगी।

**मौसम** प्रदेश के सात जिलों में येलो अलर्ट, किन्नौर की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी

# हिमाचल में फिर बिगड़ा मौसम, पारा गिरा

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मई महीने के दूसरे सप्ताह में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। सोमवार को भी प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश और अंधड़ का दौर जारी रहा। शिमला, मनाली, कुल्लू और मंडी में सुबह से रुक-रुक कर हल्की बारिश हो रही है जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लाहौल-स्पीति और किन्नौर की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी भी हुई है। प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में ठंडक बढ़ गई है जबकि मैदानी क्षेत्रों में गर्मी का असर लगभग न के बराबर है।

बीती रात भी प्रदेश के कई क्षेत्रों में अंधड़ और हल्की वर्षा हुई। हालांकि कहीं से किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। मौसम विभाग ने सोमवार को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, किन्नौर और लाहौल-स्पीति में येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने इन जिलों में कुछ स्थानों पर



- 13 से 18 मई तक पर्वतीय इलाकों में बारिश की संभावना

मेघगर्जन, बिजली चमकने और 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अंधड़ चलने की आशंका जताई है। विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार राज्य में 12 मई के बाद भी मौसम खराब बना रह सकता है। 13 से 18 मई तक पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई गई है। हालांकि इस अवधि के दौरान किसी तरह का अलर्ट जारी नहीं किया गया है।

### पहाड़ी शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक गिरा

**तेज** हवाओं और बारिश के चलते प्रदेश के छह प्रमुख पहाड़ी शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। लाहौल-स्पीति के कुकुमसेरी में सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। केलंग में 4.7, ताबो में 5.9, किन्नौर के कल्पा में 7.5, शिमला के नारकंडा में 7.8 और कुफरी में 9.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

### बीती रात भरमौर में सबसे ज्यादा हुई बारिश

**रविवार** रात हुई वर्षा की बात करें तो चंबा के भरमौर में सबसे ज्यादा 10 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। शिमला, कुफरी, कुकुमसेरी और कोठी में 2-2 मिलीमीटर, जबकि ऊना, डलहौजी, मनाली और पंडोह में 1-1 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।


### रिकांगपिओ में तेज हवाएं

**अंधड़** की गति की बात करें तो रिकांगपिओ में सबसे तेज 57 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। बजुआरा में 52, शिमला और कुफरी में 44-44, ताबो में 39, नारकंडा और नेरी में 31-31 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अंधड़ दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में यह बदलाव आया है और आने वाले दिनों में भी इसका असर जारी रह सकता है।

# शहीदों के मौन संदेश को सुनकर देश के लिए जिएं सभी : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि आज के अखबार में पुंछ में शहीद हुए शाहपुर के सूबेदार मेजर पवन कुमार के अंतिम संस्कार का समाचार पढ़ रहा था। तिरंगे में लिपटे हुए शहीद का पार्थिक शरीर जब पहुंचा तो चारों तरफ आंखों से आंसुओं की बरसात और नारों से पूरा इलाका गूंजता हुआ देखा। शहीद की पार्थिक देह को सैल्यूट करती उनकी धर्म पत्नी सुषमा को बड़ी देर तक देखता रहा, मेरी आंखें सजल हो गईं और बहुत कुछ सोचने लगा।



उसके साथ ही शहीद की बेटी अनामिका अपने पिता के माथे को चूमकर अंतिम विदा देती हुई देखी। मुझे लगा इन सब शहीदों की शहादत का एक मौन संदेश भी है जिसे देश के लोगों को सुनना चाहिए। यह संदेश मेरे कानों में गूंज रहा था। आज जिन समाचार पत्रों में हम इन शहीदों के अंतिम संस्कार के समाचार पढ़ रहे हैं और जिन अखबारों में तिरंगे में लिपटे हुए इन शहीदों के पार्थिक शरीर को हम देख रहे हैं, इन्हीं अखबारों में कभी-कभी हमको देश के कुछ बड़े नेताओं द्वारा भ्रष्टाचार में लूटे हुए उनके घरों से निकलते नोटों के पहाड़ों के चित्र भी देखने को मिलते हैं। तिरंगे में लिपटे हुए शहीदों के पार्थिक शरीर को देखकर देश गर्व से अपना सीना तानकर उनको विदा देता है।

इन शहीदों की शहादत का एक मौन संदेश है जिसे देश के करोड़ों भाई, बहनों को सुनना चाहिए। वे कह रहे हैं कि देश की रक्षा के लिए आवश्यकता पड़ने पर हमने अपने कर्तव्य का पालन किया और अपने प्राणों तक को त्याग दिया। शांता ने कहा कि यदि भारत के सब लोग इन शहीदों के इस मौन और मूल्यवान संदेश को सुनकर ईमानदारी से देश के लिए जीना शुरू कर दें तो मेरा भारत कल स्वर्ग बन जाएगा। भगवान की कृपा से भारत में सब कुछ है।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 13 मई 2025

# भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार मछिंद्र नाथ

**यहां भगवान विष्णु ने मत्स्य रूप में हजारों वर्षों तक की तपस्या**

**500 साल से भी ज्यादा है पवित्र स्थल का ऐतिहासक महत्व**

## नगरोटा के मूमता में चार भुजाधारी व जटाधारी की महिमा अपरंपार



कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र में स्थित मूमता गांव अपने आध्यात्मिक वैभव और रहस्यमयी इतिहास के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। यहां स्थित मछिंद्र नाथ महादेव मंदिर को भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार के रूप में पूजा जाता है। भगवान विष्णु का मत्स्य अवतार उनके दस अवतारों में पहला है, जो मत्स्य रूप में प्रकट हुए थे। मछिंद्र नाथ को मत्स्य अवतार के रूप में भी जाना जाता है और यह एक प्राचीन मछली के रूप में माना जाता है, जो सतयुग में प्रकट हुई थी। इस ऐतिहासिक मंदिर की मान्यता 500 वर्षों से भी अधिक पुरानी है। मंदिर परिसर में भगवान शिव, श्रीराम, हनुमान, दुर्गा माता और शनिदेव जी की मूर्तियां भी स्थापित हैं। मछिंद्र नाथ महादेव चार भुजाधारी व जटाधारी हैं तथा विष्णु भगवान का अवतार हैं। उनके सिर पर शेषनाग की छतरी है। मान्यता है कि यहां भगवान विष्णु ने मत्स्य रूप में हजारों वर्षों तक तपस्या की थी। इस पवित्र स्थल को प्रकृति ने सराबोर किया हुआ है। यहां मछिंद्र नाथ महादेव की महिमा सिर्फ आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके साथ अनेक रहस्यमयी और चमत्कारी घटनाएं भी जुड़ी हैं, जो इसे और भी खास बनाती हैं। कहा जाता है कि वे गुफा में धूना लगाकर तपस्या में लीन रहते थे।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

प्रस्तुति समरजीत

### मंदिर की रहस्यमयी गुफा और चमत्कार



**मंदिर** कमेटी के प्रधान सुमित्र सिंह मसंद ने बताया कि मंदिर के समीप बहने वाली जोगल खड्ड के साथ जुड़ी एक रहस्यमयी गुफा है, जिसके बारे में कहा जाता है कि जो भी इसमें गया, वह वर्षों तक अदृश्य रहा। एक बार गांव का एक व्यक्ति नहाते नहाते खड्ड के साथ लगती गुफा में चला गया। जिस दिन घर वाले उसका 'चबर्ख' कर रहे थे, उसी दिन वह बावड़ी में तैरता हुआ लौट आया। बावड़ी से पानी भरने आए लोग डर के मारे वहां से भाग गए, लेकिन उस व्यक्ति ने फिर बताया कि वह जिंदा है। इसके बाद वह व्यक्ति तकरीबन एक साल तक जिंदा रहा। उसे मछिंद्र महादेव ने रहस्य बताने से मना किया था। साथ ही हिदायत दी थी कि यदि उसने रहस्य खोला तो उसी समय उसकी मृत्यु हो जाएगी। पत्नी की जिद पर उसने जैसे ही रहस्य खोला तो उसकी उसी समय मृत्यु हो गई। उस व्यक्ति ने तब पत्नी को बताया था कि गुफा के अंदर सोने का महल है और वहां पर स्वयं विष्णु भगवान का अवतार चार भुजाधारी तथा जटाधारी मछिंद्र महादेव हैं, जिनके ऊपर शेषनाग की छतरी है और वह धूना लगाकर तपस्या में लीन रहते हैं। विष्णु भगवान मत्स्य अवतार हैं। यहां एक मछली ने करीब हजार वर्ष तपस्या की थी। फिर मछली के मुख से विष्णु भगवान ने अवतार लिया। यहां स्वयं मछिंद्र महादेव ने तप किया। गुरु गोरखनाथ जी ने भी यहां तप किया।

### रानी मछली और मन्नत की परंपरा

**जोगल** खड्ड की मछलियां यहां की एक विशेष पहचान हैं। लोग इन्हें मछिंद्र महादेव की गण मानते हैं। चाहे जितनी भी बाढ़ आ जाए ये कभी यहां से विलुप्त नहीं होती। वे खड्ड के किनारे बनी कंदराओं में छिपकर अपने आपको सुरक्षित कर लेती हैं। लोग मनोकामना पूर्ण होने पर यहां रानी मछली के नाक में सोने का जेवर जैसे नथ, बालू या सोने की तार आदि डालते हैं। रानी मछली को पकड़ना आसान नहीं होता। गांव के गोताखोरों की मदद से उसे पकड़ा जाता है। ऐसी भी मान्यता है कि यदि जेवर डालने के बाद मछली दाईं और घूमकर वापस लौटती है तो उस भक्त पर मछिंद्र महादेव की कृपा हमेशा बनी रहती है। लोग शनिवार और मंगलवार को यहां मछलियों को दाना और आटा डालकर पुण्य कमाते हैं।

### नियुंद्र की परंपरा और चमत्कारी बर्तन

**पूर्व** समय में गांव के लोग जब किसी शादी या समारोह के लिए बर्तन नहीं जुटा पाते थे, तो वे नियुंद्र (निमंत्रण) के रूप में मंदिर में चने, चावल, डोरी व पैसे चढ़ाते थे। फिर अगली सुबह खड्ड में से बर्तन तैरते हुए मिल जाते थे–डमरू, चरोटी, थाली, कड़छी आदि, लेकिन जब एक व्यक्ति ने लालच में बर्तन चुरा लिए, तो उसका पूरा कुल नष्ट हो गया।

### मूर्ति और मंदिर का पुनर्निर्माण

***हाल** ही में मंदिर में मछिंद्र नाथ महादेव की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई, जिसे राजस्थान के जयपुर के कारीगरों ने विशेष रूप से तैयार किया है। मूर्ति स्थापना के बाद मंदिर में भक्तों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। यह मंदिर आसपास के लोगों ने अपनी श्रद्धानुसार दान देकर बनवाया, जिसमें मंदिर कमेटी का अहम योगदान रहा।*

### धार्मिक उत्सव, भंडारे

***हर** ज्येष्ठ शनिवार, महाशिवरात्रि और जन्माष्टमी पर विशाल भंडारा आयोजित किया जाता है। स्थानीय श्रद्धालु और दूर-दराज से आए भक्त चढ़ावा चढ़ाकर आस्था प्रकट करते हैं। श्रद्धालुओं की ओर से चढ़ाए गए चढ़ावे से अटूट भंडारा लगता है।*



### मुमताज रानी के नाम पर पड़ा गांव का नाम

***मूमता** गांव के नामकरण के पीछे की कहानी भी काफी रोचक है। ग्रामीणों के अनुसार, काफी समय पहले यहां पहाड़ी के टीले पर मुमताज रानी का महल हुआ करता था, उनके स्वर्ग सिधारने के बाद ही इस गांव का नाम मूमता पड़ गया। महल की ईंटें आज भी इस बात की तस्दीक देती हैं कि यहां वाकई कभी मुमताज रानी निवास करती थी। यहां कई बार चांदी के सिक्कों का खजाना भी निकलता रहा, लेकिन अब पुरातत्व विभाग ने खनन पर रोक लगा दी है।*

### जयपुर से बनवाई मछिंद्र महादेव की प्रतिमा

***मंदिर** के पुजारी देशराज ने बताया कि मंदिर परिसर में मछिंद्र नाथ महादेव की भव्य प्रतिमा स्थापित कर दी गई है। यह प्रतिमा राजस्थान के जयपुर के विशेष कारीगरों ने तैयार की है। मंदिर में मूर्ति स्थापना के बाद यहां श्रद्धालुओं की तादाद पहले की अपेक्षा काफी बढ़ी है। शनिवार वाले दिन यहां श्रद्धालुओं का काफी रश होता है।*





### मंदिर में स्थापित है विशाल शिवलिंग




**मछिंद्र** नाथ महादेव मंदिर परिसर में एक विशाल शिवलिंग भी स्थापित है। श्रद्धालु जब भी यहां दर्शन करने आते हैं, तो वे शिवलिंग पर जल चढ़ाना नहीं भूलते। ऐसी मान्यता है कि यहां शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से भगवान भोले नाथ बहुत प्रसन्न होते हैं और वे भक्तों की मुराद पूरी करते हैं।

### ऐसे पहुंचें

**अगर** आप कांगड़ा से पालमपुर की तरफ जा रहे हों, तो नगरोटा बगवां से तीन किलोमीटर पहले आपको बड़ोह रोड से दाईं तरफ टर्न लेना होगा। वहां से दो किलोमीटर आगे चलकर बाईं ओर मुड़कर आप मूमता से होते हुए मछिंद्र महादेव तक पहुंच सकते हैं। हालांकि, नगरोटा बगवां से मूमता गांव तक बस सुविधा भी उपलब्ध है। इसके अलावा आप पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलवे लाइन से समलोटी स्टेशन पर उतरकर भी दो किलोमीटर पैदल चल कर खेतों से होते हुए मछिंद्र महादेव पहुंच सकते हैं।

# शुक्र मंगल से दृष्ट हो तो सफल राजनीति करेगा जातक




**जिस जातक का जन्म भरणी नक्षत्र में हो, तो उसकी राशि मेष होगी। वहीं, नक्षत्र का स्वामी शुक्र होगा। इस नक्षत्र में जन्में जातक पर मंगल, शुक्र का प्रभाव जीवन भर पड़ेगा, जहां ऊर्जा, साहस महत्वाकांक्षा देगा। वहीं, शुक्र कला, सौंदर्य धन व सेक्स का कारण बनता है। भरणी में जन्म होने से जन्म के समय शुक्र की महादशा ही चलेगी। अतः ऐसे जातकों को बाल्यकाल सुखमय व्यतीत होता है। वहीं, सूर्य पंचमेश विद्या भाव की दशा 6 वर्ष, सुखेश की महादशा 10 वर्ष, फिर लग्नेश मंगल की महादशा 7 वर्ष चलेगी। इस प्रकार 23 वर्ष व शुक्र की शेष दशा जो भी हो उत्तम जाएगी। बशर्ते की मंगल, चंद्र, सूर्य की स्थिति भी अनुकूल होनी चाहिए। मंगल लग्नेश व अष्टमेश होगा। अतः इसका शुभ होना स्वयं को स्वस्थ, बलवान, साहसी बनाएगा। शुक्र धनेश द्वितीय वाणी, कुटुंब धन की बचत का भाव है। अगर इसकी स्थिति ठीक रही, तो पत्नी या पति सुंदर होकर लाभ मिलता है। लग्नेश मंगल लग्न में हो व शुक्र सप्तम भाव में स्वराशि का हो, तो ऐसे जातक एक-दूसरे को चाहने वाले होंगे। यदि उनका जीवन साथी तुला राशि या मेष राशि का मिल जाए, तो एक दूसरे प्रति चाहत बनी रहेगी।**

## शुक्र और मंगल उच्च का हो, तो जातक करते व्यापार, व्यवसाय में उन्नति

**शुक्र** उच्च का हो व मंगल भी उच्च का हो तो ऐसे जातक व्यापार, व्यवसाय में उन्नति करने वाले होते हैं। धन की कमी नहीं रहती। मेष राशि के भरणी नक्षत्र में शुक्र सप्तम भाव में अकेला हो व मंगल की शुभ स्थिति हो तो पत्नी सुंदर मिलती है। यदि इस स्थिति के साथ मंगल दशम भाव में हो तो ऐसा जातक पुलिस प्रशासन में उत्तम सफलता पाता है। स्वयं प्रभावशाली तेजस्वी स्वभाव का होता है। ऐसे जातक को पत्नी से लाभ रहता है। इसी नक्षत्र में जन्में जातकों का सूर्य बलवान हो तो मित्र राशि में होकर पंचमेश को देखता हो तो विद्या, संतान का लाभ उत्तम मिलता है। चंद्रमा की स्थिति यदि सुख भाव में स्वराशि का ही हो तो उसकी दशा उत्तम फलदाई होगी। ऐसे जातक को माता, भूमि भवन, वाहनादि सुख मिलता है। इस नक्षत्र में जन्में जातकों का मंगल तृतीय, पंचम, नवम या द्वादश भाव में हो तो उत्तम लाभदायक रहता है। नक्षत्र स्वामी शुक्र द्वितीय, चतुर्थ, षष्ट, सप्तम, दशम या द्वादश भाव में हो तो उत्तम लाभदायक रहता है।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

# ज्येष्ठ मास में करें पानी से भरा घड़ा दान



**ज्येष्ठ** संक्रांति के दिन सूर्य वृष राशि का प्रवेश करेगा। इस पुण्य काल में दान, जप, स्नान करने से अमोघ फल प्राप्त होता है। ज्येष्ठ मास में गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी पर्व भी मनाए जाते हैं। ज्येष्ठ संक्रांति के पुण्य काल में व्रत उपवास कर मिट्टी का घड़ा, गेहूं, चावल, अनाज और गुड़, दूध फल, वस्त्र, छाता, पंखा आदि वस्तुओं का दक्षिणा सहित दान करने पर विशेष पुण्य प्राप्त होता है। इस दिन भगवान श्री विष्णु का पूजन, विष्णु सहस्त्रनाम आदि का पाठ करना चाहिए। ज्येष्ठ संक्रांति के दिन पूजन में अष्टदल का कमल बनाकर सूर्यदेव का चित्र स्थापित कर भगवान का पूजन करना चाहिए। इस दिन ब्राह्मणों को भोजन करवाकर दान देना चाहिए। ज्येष्ठ माह में गर्मी चरम पर होती है, इस कारण जल का दान महत्वपूर्ण होता है। बहुत से लोग ज्येष्ठ संक्रांति को गंगा स्नान कर पुण्य प्राप्त करते हैं। देवभूमि हिमाचल में पीपल के पेड़ के नीचे लोग पानी से भरा घड़ा रखते हैं, ताकि आने जाने वाले लोग अपनी प्यास बुझा सकें। शास्त्र अनुसार, ज्येष्ठ मास में मिट्टी के घड़े का दान सर्वोत्तम माना गया है।

*-अनिल शर्मा, नौबाही मंडी।*

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

# सौंदर्य प्रेमी होते हैं मूलांक 6 के जातक

**अंकज्योतिष में मूलांक 6 शुक्र को दर्शाता है। यह प्रेम, सद्भाव और सौंदर्य का प्रतीक है, जिन व्यक्तियों का जन्म किसी भी महीने की 6, 15 या 24 तारीख को होता है, उनका मूलांक 6 होता है। यह संख्या जिम्मेदारी, सेवा और संतुलन को दर्शाती है, जो व्यक्तित्व को प्रभावित करती है।**



### मूलांक 6 के व्यक्ति का व्यक्तित्व

***मूलांक** 6 वाले व्यक्ति स्वाभाविक रूप से देखभाल करने वाले, जिम्मेदार और सामंजस्यपूर्ण होते हैं। ये अपने आसपास सुंदरता और शांति बनाए रखना चाहते हैं। ये दूसरों की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील होते हैं और उनकी मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।*

**जिम्मेदारी:** मूलांक 6 वाले लोग बहुत जिम्मेदार होते हैं और अपनी प्रतिबद्धताओं को गंभीरता से लेते हैं।

**देखभाल करने वाला स्वभाव :** ये दूसरों की देखभाल और उनकी मदद करने के लिए स्वाभाविक रूप से प्रेरित होते हैं।

**सामंजस्य :** ये अपने आसपास सद्भाव और संतुलन बनाए रखने की कोशिश करते हैं और टकराव से बचते हैं।

**प्रेम और स्नेह :** ये प्यार करने वाले और स्नेही होते हैं और अपने प्रियजनों के साथ मजबूत संबंध बनाते हैं।

**सौंदर्य के प्रति आकर्षण:** इन्हें कला, संगीत और प्रकृति जैसी सुंदर चीजों में रुचि होती है।

**सेवा भाव:** ये दूसरों की सेवा करने और उनकी मदद करने में खुशी महसूस करते हैं।

**परफेक्शनिस्ट:** मूलांक 6 वाले व्यक्तियों में परफेक्शनिस्ट बनने की प्रवृत्ति भी हो सकती है। ये हर चीज को सही और सुंदर बनाना चाहते हैं, जिससे कभी कभी तनाव भी हो सकता है।



*प्रदीप जोशी*
*न्यूमेरोलोजिस्ट और वास्तु कंसलटेंट*

**हठधर्मिता :** ये हठधर्मी भी हो सकते हैं और अपनी राय पर अड़े रह सकते हैं।

**दूसरों पर निर्भरता :** कभी-कभी ये लोग दूसरों पर अधिक निर्भर हो सकते हैं।

### मूलांक 6 की जीवन यात्रा

**इस** मूलांक वाले व्यक्ति की जीवन यात्रा जिम्मेदारी, सेवा और सद्भाव से जुड़ी हो सकती है। ये अकसर ऐसे करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं, जो इन्हें दूसरों की मदद करने और सुंदरता लाने में मदद कर सकते हैं।

* इनकी देखभाल करने की प्रवृत्ति इन्हें नर्सिंग, चिकित्सा, परामर्श और सामाजिक कार्य जैसे क्षेत्रों में सफल होने में मदद कर सकती है।
* दूसरों की सेवा करने की इनकी इच्छा इन्हें होटल प्रबंधन, रेस्टोरेंट और ग्राहक सेवा में मदद करती है।
* इनका धैर्य और देखभाल करने का स्वभाव इन्हें शिक्षण और प्रशिक्षण जैसे क्षेत्रों में रुचि देता है।
* सद्भाव बनाए रखने की इनकी क्षमता इन्हें मध्यस्थ और परामर्श जैसे क्षेत्रों में रुचि उत्पन्न करती है।

### मूलांक 6 के लिए चुनौतियां

**इन** व्यक्तियों को अपनी परफेक्शनिस्ट प्रवृत्ति और हठधार्मिता पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता होती है, इन्हें यह सीखना चाहिए कि हर बात पर पूरी तरह से नियंत्रण नहीं किया जा सकता, इसलिए इन्हें दूसरों की राय का सम्मान करना चाहिए, इन्हें दूसरों पर अत्यधिक निर्भर रहने से बचना चाहिए। इन्हें यह स्वीकार करना सीखना चाहिए कि इनकी हर बात सही नहीं हो सकती है, इसलिए थोड़ा लचीलापन आवश्यक होता है।

आत्मनिर्भर बनना सीखना चाहिए और दूसरों पर निर्भरता कम करनी चाहिए। दूसरों की समस्याओं को अपने ऊपर लेने से बचना चाहिए।

**सुझाव:** यह स्वीकार करें कि हर चीज पर नियंत्रण नहीं किया जा सकता, इसलिए परिस्थिति के अनुसार ढलना सीखें।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

दूसरों के विचारों को सुनें और उनका सम्मान करें, भले ही वे आपके विचारों से अलग हों,

अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखें और स्वतंत्र रूप से निर्णय लेना सीखें।

दूसरों की देखभाल करने के साथ-साथ अपनी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। कलात्मक गतिविधियों में भाग लें।

### मूलांक 6 का महत्व

**ये** व्यक्ति शुक्र के प्रेम और सद्भाव का प्रतीक हैं। ये जिम्मेदार और देखभाल करने वाले होते हैं। यदि ये अपनी क्षमताओं का सही उपयोग करें, तो ये अपने जीवन में खुशी और संतुष्टि प्राप्त करने में सफल होते हैं।

**अनुकूल रंग : सफेद**
**मित्र मूलांक : 1,4,5,6,7**

## न्यूज ब्रीफ

### आईटीआई बड़ोह में कैंपस इंटरव्यू कल



**अनंत ज्ञान, बड़ोह।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बड़ोह में बुधवार को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। श्री राम पिस्टन एंड रिंगस लिमिटेड पथरेडी, राजस्थान कैंपस इंटरव्यू लेगी। इंटरव्यू में फिटर, इलेक्ट्रिशियन, एमएमवी, टर्नर, टूल एंड डाई मेकर, मैकेनिस्ट आदि व्यवसाय के पासआउट अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। लड़के व लड़कियां के कुल 100 भरे जाएंगे। इसके अलावा नॉन आईटीआई 10 दसवीं, पीसीएम, आर्ट्स पास, जिन्होंने आईटीआई नहीं की है उन युवाओं को भी रोजगार का अवसर मिलेगा, जिसमें कुल पद 50) हैं। इंटरव्यू के लिए उम्र 18 से लेकर 30 वर्ष होनी चाहिए।आईटीआई बड़ोह की प्रधानाचार्य वंदना कुमारी और टेनिंग एवं पलेसमेंट अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि युवाओं को 14430 रुपए मासिक वेतन और नॉन आईटीआई को 14130 रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष 82193-43359 व कंपनी के मोबाइल नंबर 90010-59796 पर संपर्क कर सकते हैं।

### बैजनाथ और चोबू में कल बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बिजली उपमंडल कुदेल के अधीन आने वाले कुदैल फीडर और पिहड़ कुन्नी की मुरम्मत कार्य के चलते 14 मई को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सकड़ी, महाकाल कुसल, चैबिन, डुक, विकासनगर, चोबू, धारा, बैजनाथ, शीतला, बाबा काठक, बही क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल के सहायक अभियंता सुभाष कपूर ने लोगो से सहयोग की अपील की है।

### पाक को कड़ा सबक सिखाना होगा : कृष्ण



**अनंत ज्ञान, गरली।** निचला करियाड़ा गांव के 83 वर्षीय वीर सैनिक कृष्णदत्त शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया है। अब पाकिस्तान को सख्त सबक सिखाना होगा। पाकिस्तान जैसे कायर और बेशर्म पड़ोसी को भारत ने हर बार करारा जवाब दिया है, लेकिन वह अब भी अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सेना और सरकार आतंकवाद को बढ़ावा देने में लगी है, जो उसकी सबसे बड़ी कमजोरी है। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को उसकी ही भाषा में ऐसा जवाब दिया जाए, ताकि भविष्य में भारत की ओर आंख उठाकर देखने की हिम्मत न करे।

### पठानकोट में मिला पाकिस्तानी गुब्बारा




**अशोक ठाकुर पठानकोट।** पठानकोट में डिफेंस रोड पर स्थित करौली मोड शहीदी गेट के पास पाकिस्तानी गुब्बारा मिलने से लोगों में एक बार फिर दहशत का माहौल है। लोगों ने बताया कि सुबह करीब 8:30 बजे पाकिस्तान का गुबारा सड़क के किनारे पड़ा मिला, जिसे सेना की आईएनटी शाखा ने अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। शाहपुरकड़ी थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर अमनप्रीत कौर ने बताया कि टीम के साथ जायजा लिया है। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने एवं संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि सेना के अधिकारियों ने गुब्बारे को अपने कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

# प्राथमिक स्कूल दरड़ का भवन गिरने की कगार पर

## बरसात में पास की जमीन के बहने से आई थीं स्कूल बिल्डिंग को दरारें

**रमन राणा, भडवार**

**शिक्षा** खंड नूरपुर के तहत पंचायत खैरिया में स्थित प्राथमिक स्कूल दरड़ के भवन के साथ लगती जमीन एक तरफ काफी बैठ गई है, जिससे भवन गिरने की कगार पर पहुंच गया है। दो माह बाद बरसात आने वाली है। ऐसे में स्कूल भवन गिर सकता है।

प्राथमिक स्कूल दरड़ में पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल ग्राउंड से लेकर स्कूल भवन में दरारें आई हुई हैं और बिल्डिंग को खतरा उत्पन्न हो गया है। लोगों ने बताया कि स्कूल में चारदीवारी भी नहीं है तथा साथ में ही सड़क है। ऐसे में खेल रहे या भागते हुए बच्चों के साथ कोई भी बड़ी अनहोनी घट सकती है। लोगों ने कहा कि प्री-प्राइमरी की कक्षाएं भी शुरू हो गई हैं। शिक्षा तो दूर की बात है, पहले बच्चों की सुरक्षा बेहद जरूरी हो जाती है। स्कूल प्रशासन, एसएमसी कमेटी तथा स्थानीय लोगों ने स्कूल में एकत्रित होकर मीडिया के सामने स्कूल बिल्डिंग, किचन, बाथरूम तथा स्कूल में चारदीवारी न होने को लेकर अपनी बात रखी। वहीं, प्राधानाचार्य कमलेश कुमारी ने बताया कि स्कूल की बिल्डिंग को बने हुए लगभग 25 वर्ष हो गए हैं और बिल्डिंग के साथ की भूमि बरसात के कारण बह गई थी। स्कूल ग्राउंड से लेकर भवन तक में दरारें आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि 50 से ज्यादा बच्चे इस समय शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। ऐसे में चारदीवारी के बिना बच्चों को संभालना मुश्किल काम है, क्योंकि साथ में ही सड़क है और एक तरफ ऊंचा डंगा लगा हुआ है। छोटे-छोटे बच्चों के साथ खेलते समय कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस विषय को लेकर 2023 से स्कूल प्रशासन ने विभाग तथा प्रशासन से पत्राचार कर अपनी समस्या सामने रखी है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। (अनंत ज्ञान)




प्राथमिक स्कूल दरड़ भवन के साथ नीचे खिसकती भूमि को देखते स्थानीय लोग। साथ में स्कूल की इमारत।

# ग्राम रोजगार सेवकों को तीन माह से वेतन नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



- बोले- बच्चों की फीस और घर चलाना हुआ मुश्किल
- प्रदेश सरकार से जल्द समस्या का हल करने की उठाई मांग

**पंचायतों** में तैनात ग्राम रोजगार सेवकों को पिछले करीब तीन माह से वेतन नहीं मिलने से सरकार के प्रति रोष बढ़ गया है। ग्राम रोजगार सेवकों ने कहा कि वेतन न मिलने के कारण महंगाई के इस दौरान में उन्हें परिवार का पालन-पोषण करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ गया है। ग्राम रोजगार सेवक जिला कांगड़ा के पूर्व अध्यक्ष साहिब सिंह ने बताया कि केंद्र से बजट का प्रावधान न किए जाने से प्रदेश सरकार भी इस मामले में गंभीर नहीं है।

उन्होंने कहा कि रोजगार सेवक को बच्चों की पढ़ाई और परिवार का पालन पोषण करने के लिए ऋण लेने पर मजबूर होना पड़ गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में ग्रामीण रोजगार सेवकों की संख्या 1034 के करीब है। पंचायत के विकास कार्यों में इनका अहम योगदान है। हर ग्राम रोजगार सेवक दो से तीन पंचायतों का जिम्मा संभाले हुए हैं।

इसके बावजूद इन्हें समय पर वेतन नहीं मिल रहा। केंद्र से पैसा नहीं आने के कारण प्रदेश सरकार ने भी अपना शेयर नहीं डाला है, जिसके चलते जीआरएस को वेतन के लिए तरसना पड़ रहा है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी एक्ट के तहत अलग से बजट आता था, जो कि पिछले कुछ माह से बंद पड़ा है। इसके चलते इन्हें मासिक वेतन भुगतान करने में देरी हो रही है।

ग्राम रोजगार सेवकों को करीब तीन माह से वेतन नहीं मिला है। उन्होंने प्रदेश सरकार और विभाग से मांग की है कि उन्हें जल्द से जल्द वेतन मुहैया करवाया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को भी चाहिए कि वे जल्द से बजट का प्रावधान करे, ताकि उनकी परेशानियों का अंत हो सके।

# धर्मशाला में पुरानी रंजिश के चलते दो गुटों में मारपीट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- एक युवक के सिर में आई गंभीर चोटें, बाजू फ्रैक्चर, टांडा रेफर

**कोतवाली** बाजार धर्मशाला में दो गुटों में लड़ाई-झगड़ा होने से एक युवक को सिर में गंभीर चोटें और बाजू फ्रैक्चर हो गई, जिसे टांडा मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए धर्मशाला से रेफर किया गया है।

अन्य युवकों को भी हल्की चोटें आई हैं, जबकि अर्चित टांडा में उपचाराधीन है। कोतवाली बाजार के मैक्सिम मॉल के सामने डंडों से दोनों गुटों में पुरानी रंजिश के चलते मारपीट हुई है। पुलिस थाना धर्मशाला ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को धर्मशाला कोतवाली बाजार में मैक्सिम मॉल के पास पुरानी रजिंश के चलते दो युवाओं के गुटों में मारपीट हुई है। इसमें प्रिंस, विशाल व तीन अन्य लड़कों ने अपूर्व निवासी पुलिस लाइन धर्मशाला के बीच अर्चित व काव्या के साथ मारपीट हुई। जख्मी युवकों का जोनल अस्पताल धर्मशाला में प्राथमिक उपचार करवाया गया है। गौर है कि रविवार को भी रेडक्रॉस पुलिस थाना धर्मशाला के एसएचओ नारायण सिंह ने बताया कि युवाओं के दो गुटों में लड़ाई-झगड़े व मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। कुछ युवकों को हल्की चोटें आई हैं, एक युवक अर्चित को टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहां वह उपचाराधीन है।

## पेंशनरों की देनदारियों का भुगतान करे सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश सरकार जनवरी 2016 से लेकर जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों की देनदारियों का भुगतान करे, जिनका वे लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। यह बात जिला कांगड़ा पेंशनर संघ के प्रधान कृष्ण सरुप शर्मा ने कही। उन्होंने ने कहा कि उनकी ग्रेच्युटी का भुगतान, लीव इन कैशमेंट का भुगतान, कम्यूटेशन का भुगतान आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पेंशनरों की इस मांग को सरकार के समक्ष कई बार उठाया गया है, लेकिन कोई भी संतोषजनक उत्तर नहीं मिला है। उन्होंने ने कहा कि सरकार ने अभी तक पेंशनर्स के लिए मेडिकल विकल्प का पत्र भी जारी नहीं किया है, जिससे कई पेंशनरों को लाभ नहीं मिल रहा है। इससे पेंशनर्स सरकार से खफा हैं।

# गरली में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजय करोल के घर विराजे 5,508 शालीग्राम

**अनंत ज्ञान, गरली**

सुप्रीम कोर्ट के माननीय न्यायाधीश संजय करोल अपने परिवार सहित पैतृक निवास पहुंचे और उनके आगमन के साथ ही राजस्थान के अजमेर से 5,508 शालीग्राम देवता उनके घर विराजमान हुए।

यह पहला अवसर नहीं, बल्कि लगातार दूसरी बार है, जब इतने विशाल संख्या में शालीग्राम देवता एक साथ गरली पहुंचे हैं। इस दुर्लभ धार्मिक आयोजन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र से श्रद्धालु उमड़ पड़े। सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं ने भगवान शालीग्राम के दर्शन कर अपने को धन्य माना। ग्रामीणों का कहना है कि उनके जीवन में इतना बड़ा और पवित्र दृश्य पहले कभी नहीं देखा गया। न्यायाधीश संजय करोल ने बताया कि इस शालीग्राम परिवार में भगवान के दशावतार-कश्यप, कृष्ण, वराह, नरसिंह, मोहिनी, वामन, परशुराम, राम, मत्स्य, बुद्ध और कल्कि सहित अन्य दिव्य रूपों की भी उपस्थिति है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े स्तर पर शालीग्राम देवताओं का एक साथ दर्शन होना अत्यंत दुर्लभ और पुण्यकारी अवसर होता है। ये सभी शालीग्राम रविवार सायं गरली मे विराजमान हुए थे। भगवान शालीग्राम मंगलवार को पुनः राजस्थान के अजमेर स्थित अपने स्थान पर वापस लौटेंगे। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन भी किया । वहीं, न्यायाधीश सजय करोल ने अपने घर पर भंडारे का आयोजन किया।



न्यायाधीश संजय करोल के घर विराजे 5,508 शालीग्राम देवताओं के दर्शन करते हुए।

# श्रीनगर से सुरक्षित घर पहुंची अवंतिका ने सुनाई दास्तां

- बसें भेजकर सुरक्षित घर पहुंचाने के लिए सरकार का किया धन्यवाद

**भूषण शर्मा, नूरपुर**



दास्तां सुनाती ऑपरेशन सिंदूर के बाद घर पहुंची छात्रा अवंतिका।

श्रीनगर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश में युद्ध जैसा माहौल बन गया था। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पंजाब जैसे सीमावर्ती राज्यों को हाई अलर्ट पर रखा गया व सभी राज्यों के बॉर्डर सील कर दिए गए।

ऐसे में हिमाचल प्रदेश के जो बच्चे श्रीनगर में स्टडी कर रहे थे, उन्हें सुरक्षित वापस लाने के लिए प्रदेश सरकार ने एचआरटीसी की बसें भेजकर सभी को सुरक्षित घरों तक पहुंचा दिया है। नूरपुर विधानसभा की सुखार पंचायत की रहने वाली अवंतिका सिंह पुत्री देवराज डढवाल ने बताया कि वह श्रीनगर के शालीमार बीएससी होल्ट्री कल्चर यूनिवर्सिटी में चौथे सेमेस्टर के सेकंड ईयर की छात्रा है और वह श्रीनगर यूनिवर्सिटी में ही थीं।

20 वर्षीय अवंतिका सिंह ने बताया कि जब ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया तब समूचे श्रीनगर के साथ यूनिवर्सिटी के छात्रों में भय का माहौल था। यूनिवर्सिटी के स्टाफ ने सभी बच्चों की बहुत मदद की और 10 मई को हमें जम्मू राज्य की बस में बैठाकर जम्मू तक भेजा गया, जहां हिमाचल सरकार ने हमारी बहुत सहायता की और हमारे रहने और खाने-पीने इत्यादि की सभी सुविधाएं मुहैया करवाई गईं। अवंतिका ने बताया कि दूसरे दिन सुबह हिमाचल सरकार ने एचआरटीसी की बसें प्रोवाइड करवाईं और हमें अपने-अपने घर दरवाजे तक पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि हम सब छात्र प्रदेश सरकार व एचटीसी का धन्यवाद करते हैं।

## 4 वर्ष से नगर निगम पालमपुर की आंखें बंद : प्रवीण कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने कहा कि पालमपुर को नगर निगम बने हुए चार साल हो गए हैं, लेकिन एसएसवी चौक के चौराहे पर आज भी बिंद्रावन पंचायत का ही आपका हार्दिक स्वागत का यह बोर्ड लगा हुआ है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि नगर निगम जनता के प्रति कितनी गंभीर है। नगर निगम पालमपुर ने आंखें मूंद रखीं हैं। उन्होंने कहा कि जयराम सरकार के समय में नगर निगम पालमपुर की चिंवलहार से लेकर पालमपुर तक सारी सड़क रात के अंधेरे में सोलर लाइटों से जगमगा उठती थीं। नगर निगम के चुनावों में विरोधियों की ओर से ढिंढोरा पीटा गया कि घटिया किस्म की सोलर लाइटें लगाई गई हैं, जिसमें विजिलेंस जांच करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आज तक जांच नहीं करवाई। अब तो आपके शासन में अधिकांश सोलर लाइटें खराब पड़ी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गलत जगहों पर सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण पर करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा दिए गए, अब विजिलेंस जांच का विषय तो ये शौचालय बनते हैं। बेहतर होता प्राथमिकता के आधार पर इन शौचालयों के बदले बहुउद्देश्यीय भवन एवं वर्षाश्रालय बना दिए जाते।

# सुक्खू सरकार कर रही अपना विकास : राजपाल



भाजपा मंडल नूरपुर (भडवार) के अध्यक्ष अनूप राणा की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

**भाजपा** मंडल नूरपुर (भडवार) ने सोमवार को मासिक बैठक की। इसमें कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी राजपाल भी मौजूद रहे। राजपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पार्टी देशभर में मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले अढ़ाई साल में प्रदेश के विकास को ग्रहण लगा हुआ है।

सुक्खू सरकार सिर्फ अपना विकास कर रही है। सुक्खू सरकार को प्रदेश की जनता के साथ कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से लगातार मदद मिलने के बाद भी सुक्खू सरकार का खजाना खाली है। सुक्खू सरकार अभी तक इस बारे में श्वेत पत्र जारी नहीं कर पाई है कि उन्होंने जो 30 हजार करोड़ का ऋण लिया है, उसे कहां खर्च किया।

राजपाल ने कहा कि विकास के नाम पर कोरी घोषणाएं की जा रही हैं। सुक्खू सरकार की गारंटी के साथ उनकी सरकार की गारंटी भी अब खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा प्रदेश की जनता भुगत रही है।

### युवा बेरोजगार सड़कों पर, नशे के दलदल में फंस रहे

**प्रदेश** का युवा बेरोजगार सड़कों पर है, जो नशे की दलदल में फंसता जा रहा है। जिला अध्यक्ष राजेश काका ने कहा कि जनता को कांग्रेस सरकार की नाकामियों को लेकर जागरूक किया जा रहा है। जनता का भरोसा कांग्रेस सरकार से उठ चुका है। महिलाओं में सुक्खू सरकार के प्रति रोष है, क्योंकि जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है कि किस प्रकार से सत्ता पाने के लिए प्रदेश के लोगों के साथ कांग्रेस पार्टी ने विश्वासघात किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी में है। यह बैठक मंडल अध्यक्ष अनूप राणा की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजेश काका, जिला संयोजक रमेश राणा व मंडल पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## ईविंग्ज अकादमी सैनिकों के बच्चों को देगी विशेष छूट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** देश की सीमाओं की रक्षा में तैनात भारतीय सेना के वीर जवानों को सम्मानित करने के उद्देश्य से ईविंग्ज अकादमी धर्मशाला ने सराहनीय पहल की है। अकादमी ने एनडीए, सीडीएस, नीट, जेईई व एसएससी सीजीएल और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले भारतीय सैनिकों के छात्रों के लिए 30 प्रतिशत की विशेष छूट की घोषणा की है। संस्थान के निदेशक गुलशन गुरदास ने कहा कि इंस्टीट्यूट की ओर से हमारे वीर जवानों की निस्वार्थ सेवा को नमन करते हुए हम यह छूट प्रदान कर रहे हैं। यह देशभक्ति और शिक्षा के समर्पण का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य है कि हर विद्यार्थी अपने सपनों को साकार कर सकें।

ईविंग्ज अकादमी 2500 से भी अधिक सफल विद्यार्थियों की कहानी का हिस्सा बन चुकी है। डायरेक्टर गुलशन ने बताया कि मौजूद कोर्स में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट, इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई, रक्षा सेवाओं के लिए एनडीए व सीडीएस, एसएससी सीजीएल, सीएचएसएल, जीडी, सीपीओ, एचपीपीएससी, यूपीएससससी, एचएएस, टेट, सीटेट, बैंकिंग, रेलवे व पुलिस में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

**रुझान** फूलों की खेती करने वाले किसानों की संख्या में बढ़ोतरी, बंदरों और जंगली जानवरों के आतंक से छुटकारा

# किसानों के लिए लाभ का सौदा बनी फूलों की खेती

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

**प्रदेश** में बंदरों व जंगली जानवरों के उत्पात से सरकार भले ही किसानों को राहत देने में नाकाम हो, लेकिन समय के साथ किसानों ने अब इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए अपने तरीके से कार्य कर रहे हैं। प्रदेश के दर्जनों गांवों में हजारों हेक्टेयर भूमि बंदरों व जंगली जानवरों के आतंक के चलते बंजर हो रही है। किसानों को जंगली जानवरों के आतंक से फसल का भी पूरा लाभ नहीं मिलता। मौसम की मार से बचने के लिए वैकल्पिक फसल भी उपजाए जाते हैं।

इसी कड़ी में आजकल कई किसान फूल की खेती कर रहे हैं। फूल की खेती किसानों के लिए लाभ का सौदा बनी हुई है। परंपरागत खेती के बजाए फूलों की खेती से काफी लाभ कमा रहे हैं। बड़े पैमाने पर किसानों का रुझान फूलों की खेती की ओर बढ़ा है। हर साल फूलों की खेती करने वाले किसानों की संख्या बढ़ती जा रही है। (अनंत ज्ञान)



### फसल को तैयार होने में लगता 3 माह का समय

**फूलों** में बरसाती गेंदा, कलकत्ती गेंदा, ग्लोडियस, जाफरी, गुलाब औररजनीगंधा की खेती होती है। एक फसल को तैयार होने में दो से तीन महीने का समय लगता है। एक एकड़ में तैयार फसल के लिए लगभग दस से पंद्रह बार फूलों की तुड़वाई करनी होती है। तुड़वाई का काम लगभग एक से डेढ़ माह तक चलता है। फूल की खेती करने से पहले खेतों को विशेष रूप से तैयार करना होता है। फूलों के पौधे खेतों में मेढ़ों पर लगते हैं। इसके लिए खेत तैयार करने में लगभग दो महीनें का समय लगता है। फूलों की खेती में फसल तैयार होने के एक से दो दिन के अंदर फसलों को तोड़ लेना होता है, नहीं तो फसलें खराब हो जाती हैं। गेंदे के एक बार में करीब 30 हजार से एक लाख पौधे लगते हैं। गेंदे की खेती में प्रति एकड़ उत्पादन 30 से 40 क्विंटल होती है।

### बंदर और जंगली जानवर नहीं पहुंचाते कोई नुकसान

**फूलों** की खेती में एक और फायदा है। गेंदे की फसल को जानवरों से खासकर बंदरों से किसी भी प्रकार का खतरा नहीं होता है। प्रदेश के कई ऐसे इलाके हैं, जहां बंदर कृषि कार्य को काफी प्रभावित करते हैं। हिमाचल का मौसम और जलवायु फूलों की खेती के लिए उपयुक्त है। ऐसे इलाके जहां बंदर फसलों को बर्बाद कर देते हैं, वहां गेंदे की खेती सफल होगी। गेंदे की फसल से बंदरों कुछ जानवरों को एक प्रकार की एलर्जी होती है। इस कारण वह खेत की ओर नहीं आते हैं। साथ ही आसपास की दूसरी फसलें भी बर्बाद होने से बच जाती है।



**सरकार** की ओर से जंगली जानवरों व बंदरों की समस्या से निपटने के लिए कई कार्य किए हैं, ताकि किसानों की फसल बर्बाद न हो। किसानों को फूलों की खेती से लाभ होना अच्छी बात है, लेकिन कई किसानों ने बंदरों व जानवरों के कारण खेती को छोड़ दिया। इससे प्रदेश में अनाज के साथ सब्जियों की कमी होगी, जो एक चिंता का कारण भी होगा।

**-चौधरी चंद्र कुमार, कृषि मंत्री, हिमाचल प्रदेश।**

# पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज से नहीं चल रही लंबे रूट की बसें

## एचआरटीसी ने एनएचएआई के समक्ष उठाया मामला

**शुभांजलि। मैक्लोडगंज**

पर्यटन नगरी धर्मशाला से मैक्लोडगंज को जाने वाली सड़क पर कुछ जगहों पर सड़क का कार्य चल रहा है। इस कारण एचआरटीसी को मैक्लोडगंज से चलने वाले लंबे रूटस को स्थगित कर धर्मशाला से संचालित करना पड़ रहा है। इससे यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब एचआरटीसी की ओर से एनएचएआई से सड़क के कार्य को जल्द पूरा करने का आग्रह किया है, ताकि जल्द स्थगित रूटों को पुनः मैक्लोडगंज से संचालित किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

### पर्यटन सीजन में परेशान पर्यटक

**पर्यटन** सीजन के चलते वोल्वो बस सेवा का संचालन मैक्लोडगंज से न होने के चलते पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि लंबी दूरी की बसें मैक्लोडगंज से न चलने के कारण यात्रियों को टैक्सी करके धर्मशाला पहुंचना पड़ रहा है, जिससे यात्रियों को 400-500 रुपए अतिरिक्त खर्च करने पड़ रहे हैं। यात्रियों ने इस मामले को निगम के समक्ष उठाया था, जिस पर निगम अधिकारियों ने संज्ञान लेकर एनएचएआई से सड़क कार्य को जल्द पूरा करने का आग्रह किया है।

### नहीं भेजी जा रही 47 सीटर व वोल्वो बसें

**एचआरटीसी** की ओर से 47 सीटर बसें व वोल्वो, जिनका रूट मैक्लोडगंज से है, उन्हें स्थगित करके धर्मशाला से चलाया जा रहा है। मैक्लोडगंज के लिए वर्तमान में निगम की छोटी गाड़ियां मैक्लोडगंज, सतोवरी व बरनेट के लिए ही संचालित की जा रही हैं।

**दिल्ली**, देहरादून, अमृतसर, पठानकोट के लिए निगम के इंटर स्टेट बस रूट, जो कि मैक्लोडगंज से चलते थे, उन्हें धर्मशाला से चलाया जा रहा है। जैसे ही सड़क का कार्य पूरा हो जाता है, इंटर स्टेट बसों का संचालन मैक्लोडगंज से शुरू कर दिया जाएगा।

**-पंकज चडडा, डीएम, एचआरटीसी डिवीजन धर्मशाला**

# भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को अपनाएं : सीएम

## शिमला स्थित संभोटा तिब्बती स्कूल में 'बुद्ध पूर्णिमा' समारोह में बोले मुख्यमंत्री सुक्खू

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**सीएम** सुक्खू ने संभोटा तिब्बती स्कूल में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। वैशाख पूर्णिमा और भगवान बुद्ध की जयंती के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री ने शुभकामनाएं देते हुए भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया ताकि एक सशक्त समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध ने हमें 'अप्प दीपो भव' का मंत्र दिया, जिसका अर्थ है 'स्वयं अपने दीप बनो'। यह आत्मनिर्भरता का मूल मंत्र है, जो आज के युग में भारत को आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करता है।

उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी प्राचीन काल में थीं। हिंसा, असहिष्णुता और अविश्वास से भरे इस युग में भगवान बुद्ध द्वारा दिया गया शांति, करुणा और सहिष्णुता का संदेश मार्ग दिखाता है। ये महज शिक्षाएं नहीं बल्कि जीवन जीने की एक कला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध का जन्म, ज्ञान और 'महापरिनिर्वाण' इसी दिन हुआ था। एक ही दिन में ये तीन महान घटनाएं इस दिन को बेहद पवित्र और महत्वपूर्ण बनाती हैं। भगवान बुद्ध का जीवन हमें यह सिखाता है कि करुणा, शांति और मानवता ही सच्चे धर्म के मूल स्तम्भ हैं। (अनंत ज्ञान)



सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू व अन्य तिब्बतियन स्कूल शिमला में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भाग लेते हुए।

### त्सेरिंग पलकत व पेमा दोरजे को भारत-तिब्बत मैत्री अवॉर्ड से नवाजा

**मुख्यमंत्री** ने त्सेरिंग पलकत नेगी और पेमा दोरजे को भारत-तिब्बत मैत्री अवॉर्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम में तिब्बत, किन्नौर और लाहौल-स्पिति की समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। विधायक हरीश जनारथा, महापौर सुरेंद्र चौहान, उप-महापौर उमा कौशल, तिब्बती निर्वासित सरकार के प्रमुख प्रतिनिधि लहाक्पा त्सेरिंग, उपायुक्त अनुपम कश्यप और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### शांति, सद्भाव व सच्चे सुख का मार्ग दिखता भगवान बुद्ध का संदेश

सीएम ने कहा कि आज के समय में, जहां भौतिक सुख-सुविधाएं तनाव और असंतुलन का कारण बनती है, ऐसे में भगवान बुद्ध का संदेश हमें शांति, सद्भाव और सच्चे सुख का मार्ग दिखाता है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विद्यालय से जुड़ी अपनी यादों को साझा किया। उन्होंने कहा कि 'मैंने शिमला नगर निगम में 10 वर्षों तक पार्षद के रूप में कार्य किया है। मेरे कई मित्रों ने इसी स्कूल से शिक्षा ग्रहण की है और सर्दियों की छुट्टियों में हम यहीं क्रिकेट खेला करते थे'।

# 50 मीटर फ्रीस्टाइल में चोकयुनग वांगचुक प्रथम

## रूट्स कंट्री स्कूल बाघी में शिमला जिला स्विमिंग चैंपियनशिप संपन्न

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

**शिमला** जिला स्विमिंग एसोसिएशन द्वारा रूट्स कंट्री स्कूल बाघी में शिमला जिला स्विमिंग चैंपियनशिप आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता रूटस कंट्री स्कूल बाघी के मेनेजिंग डायरेक्टर एवं शिमला स्विमिंग एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुनील रोहटा ने की। चैंपियनशिप के समापन अवसर पर प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के राज्य उपाध्यक्ष राकेश कुमार वालिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस अवसर पर प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के राज्य उपाध्यक्ष राकेश कुमार वालिया ने कहा कि खेल खेलना बच्चों के लिए पढ़ाई से ब्रेक लेने और दबी हुई ऊर्जा को बाहर निकालने का एक शानदार तरीका है। यह उन्हें पूर्ण और खुशहाल जीवन जीने में भी मदद करता है क्योंकि नियमित खेल और फिटनेस गतिविधियां न केवल शारीरिक लाभ प्रदान करती हैं। शिमला जिला स्विमिंग एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुनील रोहटा एवं जिला महासचिव जगमोहन शर्मा ने बताया कि चैंपियनशिप के दौरान 50 मीटर फ्रीस्टाइल में चोकयुनग वांगचुक प्रथम, सोनम द्वितीय व तन्मय छाबड़ा तीसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में समर प्रताप प्रथम व ऋषि केशवाणी द्वितीय स्थान पर रहे। 50 मीटर बैक स्ट्रोक में मोहित गर्ग प्रथम, तन्मय छाबड़ा दूसरे, चिराग सैनी तृतीय स्थान पर रहे। 50 मीटर बटरफ्लाई में आशिष्ठा विशिष्ट प्रथम, समृद्धि द्वितीय स्थान पर रही। वहीं 100 मीटर बैक स्ट्रोक में कुणाल प्रथम, थिले दूसरे, पयास तृतीय स्थान पर रहे। 50 मीटर फ्रीस्टाइल में एलिजा ढारता प्रथम, यशिका दूसरे, नेहा चौहान तृतीय स्थान पर रही।



रूट्स कंट्री स्कूल बाघी में स्विमिंग चैंपियनशिप के दौरान प्रतिभागी छात्र।

# लोगों ने की सीमा पर डटे वीर जवानों की रक्षा के लिए अरदास

**अनंत ज्ञान, शिमला**

- जठाई करयाल में भक्तों ने लिया भागवत कथा का आनंद

**बीते** एक सप्ताह से चियोग के जठाई करयाल में चल रहे श्रीमदभागवद् महापुराण की कथा सोमवार को संपन्न हो गई। समूचा चियोग क्षेत्र में ज्ञान की अमृत वाणी से वातावरण भक्तिमय बन गया।

इस महा पुराण में भजनों का दौर दिनरात चलता रहा जिसमें श्रद्धाओं, विशेषकर महिलाओं ने नृत्य करके श्रीकृष्ण लीला का भरूपर आनंद उठाया। इस मौके पर किए गए हवन यज्ञ में सैकड़ों लोगों ने सीमा पर डटे वीर जवानों की रक्षा के लिए पूर्णाहुति डाली गई। प्रसिद्ध व्यास एवं कथावाचक संदीप शर्मा ठियोग वाले ने सात दिनों में भागवत पुराण की कथा में श्रीकृष्ण लीला का वर्णन और धर्मशास्त्रों व जीवन संस्कारों की महता बारे लोगों का ज्ञानवर्धन किया। चियोग क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रतिदिन श्रीमदभागवद् महापुराण में हाजरी भरकर कथा का रसास्वादन लिया। कथावाचक ने अपने प्रवचन में कहा कि कलियुग में श्रीमदभागवत महापुराण का बहुत महत्व है इसके श्रवण करने से मनुष्यों के पापों का नाश होने के साथ साथ पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होने कहा कि श्रीमदभागवद पुराण की कथा में बताए गए नियमों का हर व्यक्ति को अपने जीवन में पालन करना चाहिए और आध्यात्मिकता से जुड़कर समाज सेवा के लिए अपने आपकों समर्पित करना चाहिए ।

करयाल निवासी संदीप शर्मा ने बताया कि यह श्रीमदभागवत पुराण विश्व शांति और पितरों की मुक्ति हेतू करवाया गया है ताकि इस दौरान भारत पाकिस्तान के मध्य चल रहे तनाव के दौर में हर व्यक्ति ने इस यज्ञ में सीमा पर डटे जवानों की रक्षा के लिए दुआ मांगी गई।

## एकमुश्त नियमितीकरण के लिए जताया आभार

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रधानाचार्य एवं निरीक्षण अधिकारी संघ ने 2017 से 2023 तक प्लेसमेंट पर नियुक्त प्रधानाचार्यों को एकमुश्त नियमित करने पर प्रसन्नता जाहिर की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरि शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुशताक मोहम्मद व अक्षत ठाकुर, महासचिव विजय शर्मा, एआईएफटीओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अश्वनी, संगठन सचिव भोला दत्त कश्यप व डॉ. प्रदीप शर्मा, कार्यालय सचिव अश्वनी ठाकुर, जिला शिमला प्रधान राजेंद्र वर्मा, जिला कुल्लू प्रधान राजेंद्र चौहान, जिला सिरमौर प्रधान डॉ. प्रेम पाल ठाकुर, राजेंद्र चौहान, डॉ. राशिमा राणा, कमलेश शर्मा, राम लाल शर्मा, रणधीर राठौर, डॉ. दिनेश ठाकुर आदि ने प्रधानाचार्यों को एकमुश्त नियमित करने के लिए सीएम सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व शिक्षा सचिव राकेश कंवर का आभार व्यक्त किया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरि शर्मा ने सरकार से मांग की है कि सभी प्रधानाचार्यों को चरणबद्ध तरीके से 2017 से एरियर प्रदान किया जाए।

# मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अपने आवास पर सुनीं जन समस्याएं, क्रमबद्ध तरीके से हल करने का दिया भरोसा

- कहा- रामपुर में 11 से 17 जून तक होगी श्रीमद्भागवत कथा

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर**

**लोक** निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोमवार को अपने निजी आवास रामपुर में उनसे मिलने आए लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्हें क्रमबद्ध तरीके से समाधान करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के चतुर वार्षिक श्राद्ध से पूर्व रामपुर दरबार ग्राउंड में 11 से 17 जून तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री की चाहत थी कि यहां पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि कथा आयोजन को अंतिम रूप देने के लिए जल्द ही एक बैठक की जाएगी जिसमें आयोजन के सभी पक्षों पर विचार कर चर्चा की जाएगी ताकि यह आयोजन सफलतापूर्वक पूरा हो सके। (अनंत ज्ञान)



## बौद्ध मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान में लोक निर्माण मंत्री भी हुए शामिल

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर आज सोमवार को रामपुर के बौद्ध मंदिर में विशेष अनुष्ठान किया गया। बौद्ध अनुयायियों ने मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की इस मौके सैकड़ों दीप प्रज्ज्वलित किए गए। लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी इस मौके पर मौजूद रहे। बुद्ध अनुयायियों ने उनका पारंपरिक विधि से स्वागत सत्कार किया। उल्लेखनीय है कि उन्होंने इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने बौद्ध समाज के लोगों से विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की और उन्हें पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर उनके साथ 7वें वित्त आयोग अध्यक्ष एवं रामपुर के विधायक नंदलाल के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

# तुर्की से सेब आयात पर प्रतिबंध लगाए केंद्र सरकार: कुलदीप

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**भारत-पाकिस्तान** के बीच बढ़ते तनाव के बीच तुर्की द्वारा पाकिस्तान का खुला समर्थन करना अब राजनैतिक और आर्थिक मोर्चों पर प्रतिक्रियाएं ला रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने केंद्र सरकार से मांग की है कि तुर्की से सेब समेत अन्य वस्तुओं के आयात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाए।

शिमला में सोमवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में राठौर ने कहा कि जब तुर्की में 2023 में भयंकर भूकंप आया था, तब भारत सरकार ने 'ऑपरेशन दोस्त' के तहत सबसे पहले राहत और बचाव टीमें भेजीं। भारत की ओर से के एनडीआरएफ की टीमें तुर्की पहुंचीं और हर संभव मानवीय सहायता प्रदान की गई। इसके बावजूद, तुर्की द्वारा हाल ही में पाकिस्तान को सैन्य ड्रोन देकर और कूटनीतिक रूप से समर्थन कर भारत विरोधी रुख अपनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। राठौर ने कहा कि ऐसे देश के साथ व्यापारिक रिश्ते रखना देशहित के विपरीत है। उन्होंने कहा कि हर साल भारत तुर्की से करीब 1.3 लाख मीट्रिक टन सेब आयात करता है, जिसकी लागत लगभग 822 करोड़ रुपये होती है। इसके अलावा अफगानिस्तान के रास्ते अवैध रूप से भी तुर्की के सेब देश में आते हैं, जिससे हिमाचल प्रदेश जैसे प्रमुख बागवानी राज्यों के किसानों और बागवानों को भारी नुकसान झेलना पड़ता है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि भारत और तुर्की के बीच कुल 12 अरब डॉलर का वार्षिक व्यापार होता है, जिसमें खाद्य पदार्थों से लेकर पर्यटन तक कई क्षेत्र शामिल हैं। हर साल भारत से लगभग 3.3 लाख पर्यटक तुर्की जाते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या ऐसे देश को आर्थिक लाभ देना उचित है, जो भारत की सुरक्षा और कूटनीतिक हितों के विपरीत जाकर पाकिस्तान का समर्थन करता है।

## विधिक माप विज्ञान विभाग ने बिलासपुर, ऊना और हमीरपुर जिले में की कार्रवाई

# 1 साल में वसूला 13 लाख से अधिक जुर्माना

**शुभम राही, बिलासपुर**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

- 3241 दुकानों का निरीक्षण 1.25 करोड़ से अधिक की स्टेंपिंग फीस वसूली


**उपभोक्ताओं** के अधिकारों की रक्षा और व्यापारिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में विधिक माप विज्ञान विभाग बिलासपुर ने बीते एक वर्ष में बड़ी कार्रवाई की है।

विभाग ने बिलासपुर मंडल के तहत आने वाले बिलासपुर, ऊना और हमीरपुर जिले में कुल 3,241 दुकानों का औचक निरीक्षण किया और अनियमितताएं पाए जाने पर कुल 13 लाख 65 हजार रुपए का जुर्माना वसूला है।

निरीक्षणों के दौरान ऐसे कई मामले सामने आए कि दुकानदार बिना सत्यापित माप तोल यंत्रों का प्रयोग कर रहे थे, पैकेजिंग पर आवश्यक जानकारी जैसे निर्माण तिथि, मूल्य, वजन आदि स्पष्ट नहीं थे या उपभोक्ताओं को गलत माप के जरिए ठगने की कोशिश की जा रही थी। इन सभी मामलों में कार्रवाई करते हुए दोषी व्यापारियों के खिलाफ चालान जारी किया और उन्हें भविष्य में नियमों का कड़ाई से पालन करने की चेतावनी भी दी। विभाग की ओर से माप तोल यंत्रों की स्टेंपिंग (प्रमाणीकरण) प्रक्रिया को भी प्रभावी ढंग से लागू किया गया। इस प्रक्रिया के तहत व्यापारिक संस्थानों की ओर से प्रयोग किए जाने वाले तोल यंत्रों, लीटर मीटर, थर्मामीटर, गैस मापक यंत्र आदि की नियमित जांच और सत्यापन किया गया। विभाग ने एक साल में 1 करोड़ 25 लाख 85 हजार 571 रुपए की स्टेंपिंग फीस भी वसूली है। विधिक माप विज्ञान विभाग बिलासपुर के सहायक नियंत्रक ने बताया कि विभाग की यह पूरी मुहिम उपभोक्ताओं को ठगी से बचाने और माप तोल में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से संचालित की गई।

भविष्य में भी विभाग की टीमें इसी तरह निरीक्षण जारी रखेंगी और किसी भी तरह की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी माप तोल में गड़बड़ी दिखाई दे, तो इसकी शिकायत तुरंत विभाग को की जाए, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि कई बार दुकानदार जानबूझकर बिना सत्यापन वाले यंत्रों से ग्राहकों को कम माल देते हैं, जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। आपको बता दें कि विधिक माप विज्ञान विभाग की यह सक्रियता न केवल व्यापारी वर्ग में जवाबदेही ला रही है, बल्कि उपभोक्ताओं में भी जागरूकता बढ़ा रही है। इस तरह की निरंतर और सघन कार्रवाई से व्यापारिक माहौल में पारदर्शिता आएगी और उपभोक्ताओं का विश्वास भी मजबूत होगा। विभाग की यह पहल निश्चित ही उपभोक्ता हित में एक सराहनीय कदम है। (**अनंत ज्ञान**)

> एक साल के भीतर 3241 दुकानों का औचक निरीक्षण किया है। विभाग ने यह कार्रवाई ऊना, हमीरपुर और बिलासपुर जिले में की है। नियमों की अवहेलना करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती है।
> **-प्रवीण सिउटा, सहायक नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग बिलासपुर।**



# नशा तस्करों की पुलिस को दें सूचना: सर्वजीत

## युवा पीढ़ी को बचाने के लिए चलाएं जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**झंडूता** बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एवं सारथी सेवा समिति के अध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वजीत सिंह ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि नशा बेचने व युवाओं के जीवन को बर्बाद करने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि नशा बेचने वालों पर शिकंजा कसा जा सके।

उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पता गुप्त रखा जाए। सर्वजीत सिंह ने थुराण गांव में आयोजित दंगल में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कुश्तियां हमारी संस्कृति व परंपरा की एक सर्वोत्तम धरोहर है, जिसे संभालकर रखना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि दंगल स्वस्थ व स्वच्छ समाज का निर्माण करने में अत्यंत महत्वपूर्ण रोल अदा करते हैं।

### नशा तस्कर कर रहे युवाओं को बर्बाद

**सर्वजीत** सिंह ने कहा कि हमारे सैनिक सरहदों पर देश की रक्षा कर रहे हैं। वहीं कुछ नशा तस्कर युवकों की जिंदगियों को बर्बाद करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को सचेत रहना चाहिए। उन्होंने सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों से आग्रह किया कि नशा से बचने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि युवा पीढ़ी को बचाया जा सके। इस अवसर पर भाग सिंह, प्रदीप चंदेल, हरीश, रिशु, विजय राव, राकेश कुमार, सुभाष वर्मा, ज्ञान चंद और प्यारे लाल शर्मा आदि भी उपस्थित थे।

## हरित्लयांगर गांव में छिंज 25 मई को

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक।** विकास खंड घुमारवीं के तहत आने वाली डींगर पंचायत के हरित्लयांगर गांव में सोमवार को छिंज कमेटी की बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया कि 25 मई को छिंज का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए गत दिवस एक मेटी का गठन किया था, जिसमें रोशन लाल को प्रधान, उप प्रधान सुरेश कुमार शर्मा, सचिव सुनील दत्त, कैशियर दलेल सिंह ठाकुर को चुना था। जगदीश सेठी बिट्टू, सोनी, जोगिंदर पाल, पिंकू, जगदीश चंद शर्मा, सुंदरलाल, बिट्टू सोनी, जगन्नाथ, सुनील कुमार, कृष्ण जन्म, देशराज, कर्मचंद आदि को सदस्य मनोनीत किया गया। प्रधान रोशन लाल शर्मा ने बताया कि 24 को सवाल बाबा बालक नाथ मंदिर हरित्लयांगर में होगा और 25 मई को दंगल का आयोजन किया जाएगा। सुबह 9 बजे तक पहलवानों की एंट्री होगी और 1:00 बजे से दंगल शुरू होगा।

## युद्धविराम पर केंद्र सरकार दे जवाब: संदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के ट्वीट पर युद्धविराम करना देश की विदेश नीति पर सवालिया निशान खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के साथ जब देश का हर नागरिक और पूरा विपक्ष एकजुटता से खड़ा था, तो ऐसे में अचानक से सीजफायर समझ से परे की बात है। जब भारतीय सेना के रणबाकुरों ने पाकिस्तान का सीना छलनी करना शुरू कर दिया था, तो ऐसे में अचानक युद्धविराम करने पर केंद्र सरकार ने शर्मनाक काम किया है। यह देश की गरिमा और देश के स्वाभिमान के साथ खिलवाड़ किया है। युद्धविराम पर पूरा देश केंद्र सरकार से जवाब मांग रहा है। पहलगाम हमने में जब निहत्थे पर्यटक मारे गए, उसके जवाब में भारतीय सेना ने कार्रवाई की और केंद्र सरकार ने सभी राजनीतिक संगठनों की सहमति लेकर युद्ध को आगे बढ़ाया तो युद्धविराम से पहले केंद्र की सरकार ने युद्ध को रोकने के लिए क्यों सभी राजनीतिक संगठनों से बैठक की, यह एक बड़ा सवाल है? क्या अब अमेरिकी राष्ट्रपति भारत की दशा और दिशा तक करेंगे, क्या अब अमेरिका भारतवर्ष की विदेश नीति और युद्धनीति तय करेंगे?

**आश्वासन** शिव मुक्तिधाम समिति बैहना-ब्राह्मणा के अध्यक्ष विनोद सहित 50 लोगों ने की विधायक से मुलाकात

# मुक्तिधाम परिसर का जल्द होगा निर्माण: कटवाल

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**झंडूता** विधानसभा क्षेत्र के तहत तुंगड़ी में सीरखड्ड के किनारे मुक्तिधाम परिसर का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। शिव मुक्तिधाम समिति बैहना-ब्राह्मणा के अध्यक्ष विनोद शर्मा व महासचिव रूपलाल शर्मा की अगुआई में लगभग 50 लोगों ने विधायक जीतराम कटवाल से मुलाकात की।

उन्होंने सीरखड्ड के किनारे तुंगड़ी में मुक्तिधाम परिसर के निर्माण के लिए वित्तीय सहयोग उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। विधायक ने मुक्तिधाम परिसर के निर्माण के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने का भरोसा दिया।

उन्होंने मुक्तिधाम को महत्वपूर्ण स्थल बताते हुए सभी लोगों से इसके निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने झंडूता भाजपा कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनने के साथ ही बलघाड़ पंचायत के पपलाह में आयोजित दंगल के समापन समारोह में भी भाग लिया। उन्होंने विजेता पहलवानों को गुर्ज व इनामी राशि भेंट की। कटवाल ने कहा कि समिति की हर तरह से सहायता करने में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। मुक्तिधाम हर व्यक्ति की जीवन यात्रा का अंतिम पड़ाव होता है। मुक्तिधाम का व्यवस्थित ढंग से निर्माण करना, उसमें सफाई, बैठने, पानी तथा रोशनी आदि की व्यवस्था करना न केवल हमारी संस्कृति व सभ्यता का प्रतीक, बल्कि सभी का कर्तव्य भी है।

## विकास का उजाला शहरों के साथ गांवों तक पहुंचना जरूरी

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए विकास का उजाला शहरों के साथ गांवों तक पहुंचना भी जरूरी है। इसके मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने विकास का रुख और बजट का मुख गांवों की ओर मोड़ा है।

उन्होंने कहा कि झंडूता विकास खंड की जेजवीं पंचायत में बल्ही-मरेटा-दूरघाट सड़क के निर्माण के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। इसे जल्द ही पक्का भी किया जाएगा। इसके लिए इसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में लाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। सोमवार को बल्ही-मरेटा-दूरघाट सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे कटवाल ने कहा कि पिछड़ा कहे जाने वाले कोटधार क्षेत्र को विकास की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। गांवों का विकास तभी संभव हो पाएगा, जब उन्हें सड़क सुविधा से जोड़ा जाए। इसे ध्यान में रखते हुए सड़कों व पुलों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बागछाल पुल बनकर तैयार हो चुका है। नंदनगरांव पुल का काम भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। बल्ही-मरेटा-दूरघाट सड़क के निर्माण की मांग दशकों पहले से की जा रही थी। इसे अब पूरा कर दिया गया है।



बल्ही-मरेटा-दूरघाट सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक जीतराम कटवाल का स्वागत करते लोग।

## घागस में पूजा-अर्चना के साथ तीन दिवसीय देव मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिले के घागस में सोमवार को ऐतिहासिक घागस देव मेले का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हो गया। पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर रूप लाल भाटिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने तीन दिवसीय घागस मेले का उद्घाटन किया। वहीं, मेला कमेटी के अध्यक्ष राकेश कपूर और कृष्ण सोनी ने बताया कि 1956 से निर्विघ्न चल रहा यह मेला 14 मई तक चलेगा। उन्होंने बताया कि 13 मई को महिला मंडलों की ओर से लोक संस्कृति पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसी दिन कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा और विजेता टीम को 11 हजार रुपए व उपविजेता टीम को 71 सौ रुपए के इनाम दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि घागस देव मेले की पारंपरिक पहचान छिंज का आयोजन 14 मई को किया जाएगा, जिसमें हिमाचल के साथ-साथ उतर भारत के नामी पहलवान हिस्सा लेंगे। 14 मई को शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राकेश कपूर व कृष्ण सोनी ने समस्त इलाकावासियों से आग्रह किया है कि वे इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लें। इस अवसर पर कार्यकारिणी पदाधिकारी जगदीश गुप्ता, कमल कुमार आदि मौजूद रहे।

## बैरी गांव में श्रीमद्भागवत कथा में छठे दिन कंस के वध का प्रसंग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** गेहड़वीं के बैरी गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन प्रसिद्ध कथावाचक एवं कथाव्यास रसिक महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के हाथों कंस के वध का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि जब कंस के पाप अत्यधिक बढ़ गए, तो सभी भयभीत हो गए। ऐसे में कंस को भी भय था कि उसके प्राणों को हरने वाले ने जन्म ले लिया है। कंस ने अपने षड्यंत्र की पूर्ति करते एक मल युद्ध रखा, जिसमें आसपास के इलाके के पहलवानों को सादर आमंत्रित किया। इस मल युद्ध में शिव धनुष को भी रखा गया। नंद बाबा अपने 11 वर्षीय कन्हैया और बलराम को लेकर युद्ध देखने के लिए पहुंच गए। वहां पर सबसे पहले इन बालकों ने जब शिव धनुष तोड़ा, तो कंस का भय और बढ़ गया, क्योंकि कंस के मालूम था कि जो इस धनुष को तोड़ेगा, वही उसका काल बनेगा। इतने में नंद बाबा ने कहा कि युद्ध तो बराबर वालों में होता है फिर बच्चो के साथ इतने बड़े योद्धाओं को लड़ाना तर्कसंगत नहीं है। इतने में कंस के सेनापति ने कहा कि जो पूतना तक का वध कर सकता है, उसे अब भय क्यों लग रहा है। कान्हा और बलराम ने नंद बाबा से शांत होकर युद्ध की गति का झुकाव देखने को कहा। इन दोनों ने कंस से सभी योद्धाओं को मार दिया। इसी दौरान भगवान श्रीकृष्ण ने एक छलांग लगाई और कंस को पकड़ा तथा भूमि पर पटक दिया।



# आपदा प्रभावित 10 भेड़पालकों को बांटे चेक

## विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने चेली गांव में बादल फटने की घटना का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

**भटियात** विधानसभा क्षेत्र के चेली गांव में हाल ही में बादल फटने की दर्दनाक घटना के बाद राहत और पुनर्वास कार्यों का जायजा लेने पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सोमवार को प्रभावित 10 भेड़पालक परिवारों को राहत राशि के चेक वितरित किए। उन्होंने आपदा में मृतक भेड़पालक के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

इस मौके पर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष ने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं और कई मुद्दों का त्वरित समाधान किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग को पेयजल योजना के मुख्य स्त्रोत के पुनर्निर्माण के निर्देश दिए, जो बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इसके साथ ही चेली गांव की गलियों और संपर्क मार्गों को पक्का करने के आदेश भी दिए गए। इस दौरान राज्य वन निगम निदेशक मंडल के सदस्य चेला कृष्ण चंद, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनाभ सिंह पठानिया, एसडीएम पारस अग्रवाल, पुलिस उप अधीक्षक योगेश कुमार, तथा विभिन्न विभागों के अधिशासी अभियंता और खंड विकास अधिकारी भी मौजूद रहे।



### गगाहर गांव से दरमाड़ी तक बनाए जा रहे संपर्क मार्ग के उन्नयन की भी घोषणा की

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने गगाहर गांव से दरमाड़ी तक बनाए जा रहे संपर्क मार्ग के उन्नयन की भी घोषणा की। उन्होंने यह मार्ग लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि इसका उन्नयन सुचारू रूप से किया जा सके।

# अनुज ठाकुर ने 56 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिद्वंदी को पहले ही राउंड में किया पराजित

**आरके सहगल, चंबा**

**बिहार** के ऐतिहासिक नगर गया में सोमवार से खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के सातवें संस्करण के अंतर्गत थांग-ता खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया बिहार के निदेशक दीपक साहू ने किया। इस प्रतिष्ठित आयोजन में देश के 25 राज्यों से कुल 128 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो अपने अद्भुत कौशल और ऊर्जा का प्रदर्शन करेंगे।

पहले दिन के मुकाबले में हिमाचल प्रदेश के युवा खिलाड़ी अनुज ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 56 किलोग्राम भार वर्ग में अपने प्रतिद्वंदी को पहले ही राउंड में पराजित कर दिया। अनुज की आक्रामक रणनीति और मजबूत पकड़ ने उन्हें क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया, जहां उनसे अब और भी दमदार प्रदर्शन की उम्मीद है। दूसरी ओर 60 किलोग्राम वर्ग में हिमाचल के समर चौधरी को पहले राउंड में मात्र 2 अंकों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, उन्होंने मुकाबले में अच्छी टक्कर दी और कल के खेल में उनकी वापसी पर सबकी नजरें रहेंगी। बता दें कि थांग-ता, जोकि मणिपुर की पारंपरिक युद्धकला पर आधारित खेल है, अब राष्ट्रीय स्तर पर तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। खिलाड़ियों के भीतर जोश और जुनून साफ झलक रहा है, और दर्शकों में भी मुकाबलों को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)



खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के सातवें संस्करण के अंतर्गत थांग-ता खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ।

### 60 किलोग्राम वर्ग में समर चौधरी 2 अंकों के अंतर से हारे

# भारत-पाक के युद्ध विराम के बाद भी बिना पर्यटकों के वीरान हुई डलहौजी

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

**भारत** और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखकर डलहौजी में जो पर्यटक घूमने आए थे रातों-रात अपने-अपने घरों की ओर रवाना हो गए थे। युद्ध विराम के बाद भी बिना पर्यटकों के डलहौजी बिल्कुल वीरान पड़ी हुई है। डलहौजी होटल व्यवसाई, टैक्सी मालिक और यहां तक की रेहड़ी-फेरी वाले सभी बस यही आस लगाए बैठे हैं कि कब पर्यटक डलहौजी आए व उनका कारोबार चले।

डलहौजी पर्यटक स्थल सारा साल पर्यटकों के ऊपर ही निर्भर रहता है, जिन लोगों ने होटल को किराये पर लिया है उनका कहना है कि होटल में पर्यटक ना आने से उन्होंने जो कर्मचारी रखे हैं। उनके लिए तनख्वाह निकालना और रोटी खिलाना भी मुश्किल हो गया है। अगर स्थिति यही रही तो बीच में ही होटल के ठेके को छोड़कर जाना पड़ेगा। इसके अलावा टैक्सी मालिकों और चालकों का कहना है कि अगर पर्यटक आएंगे ही नहीं तो टैक्सियां खड़ी रहेगी और टैक्सी चालकों का घर निर्वाह करना भी मुश्किल हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर लोगों ने रूट की बसों में भी सफर करना बहुत कम कर दिया है। बस मालिकों का कहना है कि बस का तेल भी पूरा नहीं हो रहा। यूं ही खाली बस को चलाकर न तो टैक्स निकल रहे हैं और न ही किश्त दी जा रही हैं। यहां तक की बसों के टायरों का डलवाना भी मुश्किल हो गया है, लेकिन अब युद्ध विराम होने पर लोगों की दोबारा उम्मीद जगी है।

लोगों का कहना है कि अभी तक कोरोनाकाल के जख्म सूखे भी नहीं हुए थे कि यह युद्ध की मार तुफान बनकर हम सब पर गिर गई है। अब युद्ध विराम होने से उम्मीद है कि इस बार पर्यटक हिमाचल की ओर अपना रूख करेंगे और हिमाचल खुशहाल होगा।



### होटल व्यवसायी व टैक्सी चालकों का कारोबार ठप

# चंबा में बुद्ध जयंती पर गूंजा अहिंसा और शांति का संदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**सोमवार** को चंबा का भूरी सिंह संग्रहालय परिसर शांति, करुणा और अहिंसा के संदेशों से गूंज उठा, जब अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा के तत्वावधान में बुद्ध जयंती के उपलक्ष्य पर एक गंभीर और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में श्री गुरु रविदास सभा चंबा, भीमा बाई महिला मंडल, अंबेडकर सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ, और अम्बेडकर यूथ क्लब चंबा का सराहनीय सहयोग रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत भूरी सिंह संग्रहालय में स्थित भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पण से हुई। इसके बाद संग्रहालय सभागार में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें राजकीय महाविद्यालय चंबा के इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. परविंद्र कुमार ने अध्यक्षीय भूमिका निभाई।

महासचिव अनूप राही ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आज के दौर में भगवान बुद्ध के मूल उपदेश अहिंसा, शांति, करुणा और मानवता को जन-जन तक पहुंचाना था। गोष्ठी में वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के चार आर्य सत्य, अष्टांगिक मार्ग और पंचशील सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

प्रमुख वक्ताओं में प्रो. परविंद्र कुमार, तिलक राज हितैषी, भोला सिंह भट्ट, भूपेंद्र जसरोटिया, के चंद्रा, शिवचरण चंद्रा आदि शामिल रहे। वक्ताओं ने कहा कि आज के तनावपूर्ण वैश्विक वातावरण में बुद्ध के विचार पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। उन्होंने ने कहा कि जैसे कि आजकल भारत-पाकिस्तान के बीच तनवपूर्ण स्थिति बनी हुई है और जम्मू-कश्मीर में उभरते आतंकवाद के खतरे ने चेतना का नया स्तर मांग लिया है, ऐसे समय में भगवान बुद्ध के सिद्धांत सतर्कता को बढ़ावा देने और विश्व शांति की दिशा में मार्ग प्रशस्त करने के लिए बेहद आवश्यक हैं।

मंच संचालन प्रोफेसर अविनाश ने किया और कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं, समाजसेवियों और बुद्ध विचारों से प्रेरित युवाओं की सहभागिता देखी गई।

कार्यक्रम में प्रो. परविंद्र कुमार, तिलक राज हितैषी, के चंद्रा, भोला सिंह भट्ट, भूपेंद्र जसरोटिया, समाजसेवी अब्दुल गनी, योगेश्वर अहीर (अध्यक्ष, अंबेडकर मिशन सोसायटी), जीतेश्वर सूर्या (राज्य महासचिव, श्री गुरु रविदास महासभा), जितेंद्र सूर्या (प्रधान, श्री गुरु रविदास सभा), अविनाश पाल (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), मनोहर लाल हितैषी, शिवचरण चंद्रा, जीत सिंह चंद्रा, हरीशरण भट्ट, तरसेम चौहान, कुलदीप अहीर, सुभाष अहीर, पार्षद मेघना कुमारी, विशाल कुमार, दीपक कुमार, अरुण डालिया, अनिल अहीर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



भूरी सिंह संग्रहालय में स्थित भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पण करते हुए गणमान्य।

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चुराह के राजेश ने जीता स्वर्ण पदक

**अनंत ज्ञान, चुराह।** प्रदेश के चंबा जिले के विधानसभा क्षेत्र चुराह की जसौरगढ़ पंचायत के राजेश ठाकुर ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश और चंबा का नाम रोशन किया है। 4 मई को आगरा (उत्तर प्रदेश) में हुई नेशनल बेंचप्रेस और डैडलिफ्ट प्रतियोगिता में राजेश ने गोल्ड मेडल जीता है। प्रतियोगिता में देशभर के 22 राज्यों से कुल 550 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें राजेश का प्रदर्शन सबसे दमदार रहा। अमृतसर के निजी होटल में बतौर प्रबंधक कार्यरत राजेश ठाकुर का सफर संघर्षों से भरा रहा है। रोजाना 8 से 12 घंटे की नौकरी के बाद भी उन्होंने अपनी फिटनेस को प्राथमिकता दी और जिम के लिए समय निकाला। उन्होंने जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय बेंचप्रेस एवं पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में भी अपना लोहा मनवाया है। राजेश ठाकुर ने बताया कि बचपन से ही बॉडी बिल्डिंग का शौक था। जो धीरे-धीरे बेंचप्रेस और पावरलिफ्टिंग में बदल गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

# भुनाड़ में सुरक्षा व्यवस्था न होने से बढ़ी लोगों की चिंता

## जम्मू-कश्मीर सीमा से सटा है गांव, स्थानीय लोग वर्षों से कर रहे पुलिस चेक पोस्ट की मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**प्रदेश** के जिला चंबा के सीमावर्ती क्षेत्र भुनाड़ में सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी ने स्थानीय लोगों की चिंता को बढ़ा दिया है। जम्मू-कश्मीर की सीमा से सटे इस अति संवेदनशील गांव में स्थायी पुलिस चेक पोस्ट की अनुपस्थिति से ग्रामीणों में भारी असुरक्षा की भावना और आक्रोश देखने को मिल रहा है।

ग्राम पंचायत भुनाड के प्रधान सहित स्थानीय बुजुर्गों और युवाओं का कहना है कि वे लंबे समय से सरकार और प्रशासन से पुलिस चेक पोस्ट की स्थापना की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन आज तक उनकी आवाज को गंभीरता से नहीं लिया गया। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि हम जब भी किसी संदिग्ध गतिविधि को देखते हैं, तो खुद निगरानी करनी पड़ती है। यहां पुलिस की मौजूदगी शून्य है, जिससे खतरा हर समय बना रहता है।



### राष्ट्रीय सुरक्षा का भी है मसला

**भुनाड़** की संवेदनशील भौगोलिक स्थिति को देखते हुए, यह केवल एक स्थानीय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। सीमांत क्षेत्र में सुरक्षा बलों की मजबूत उपस्थिति न केवल अपराधों को रोकेगी, बल्कि नागरिकों को मानसिक शांति और भरोसा भी प्रदान करेगी।

### नशा तस्करी-अवैध गतिविधियों का अंदेशा

**ग्रामीणों** का दावा है कि इस क्षेत्र में नशा तस्करी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों की आशंका लगातार बढ़ रही है। पुलिस की गैर-मौजूदगी असामाजिक तत्वों को खुली छूट देती है, जिससे इलाके की शांति और सामाजिक ताना-बाना प्रभावित हो रहा है।

### स्थायी पुलिस चेक पोस्ट की जाए स्थापित

**पंचायत** ने मीडिया को दिए बयान में कहा कि हमारी सरकार से सीधी मांग है कि भुनाड़ में अविलंब स्थायी पुलिस चेक पोस्ट स्थापित की जाए, ताकि हम सुरक्षित महसूस कर सकें और अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। स्थानीय नागरिकों ने भी कहा कि यदि यह मुद्दा समय रहते नहीं सुलझाया गया, तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से भी गंभीर संकट बन सकता है।

# हिमालयन कल्याण संस्था की जिला प्रधान हेमलता सम्मानित




स्नेह मिलन कार्यक्रम के अवसर पर हिमालयन कल्याण संस्था मंडी की जिला प्रधान हेमलता पठानिया को समाजसेवा और उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित करते हुए

**अनंत ज्ञान, मंडी।** स्वर्णिम हिमाचल प्रदेश जन जागरण समिति द्वारा आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम के अवसर पर हिमालयन कल्याण संस्था मंडी की जिला प्रधान हेमलता पठानिया को उनकी समाजसेवा और उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम पिंजौर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

### सूडोकु नवताल- 7428 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7427 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

# बट्ट कॉलेज में मनाया विश्व नर्सिंग दिवस

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सोमवार को विश्व नर्सिंग दिवस सोमवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर कॉलेज की प्रशासनिक अधिकारी रीता ठाकुर ने मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। मुख्यातिथि ने नर्स की आदर्श फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर समारोह की शुरुआत की। वहीं संस्थान की मुख्य प्रशिक्षक हेमलता ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए नर्सिस दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसके उपरांत अपने संबोधन में मुख्यातिथि ने प्रशिक्षकों व नर्सिंग संस्थान की प्रशिक्षुओं को बधाई दी। इसके उपरांत संस्थान की जीएनएम व बीएससी नर्सिंग संस्थान को शपथ सेरेमनी की गई।

### फ्लोरेंस नाइटिंगेल के योगदान पर डाला प्रकाश

**संस्थान** की प्रशिक्षुओं की भाषण, पोस्टर मेकिंग, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें जीएनएम व बीएससी नर्सिंग की प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से प्रशिक्षुओं ने नर्स के कार्य का बखूबी उल्लेख करते नर्सिंग के क्षेत्र में फ्लोरेंस नाइटिंगेल के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। वहीं पोस्टर मेकिंग के माध्यम से नर्स के कार्यों का विस्तार से विवरण दिया। जबकि आकर्षक रंगोली बनाकर अपनी कला प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया।

## अनंत ज्ञान — आज का पंचांग

मंगलवार, 13 मई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** प्रतिपदा (00:38): **नक्षत्र** विशाखा (09:09), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** वरीयान (05:51), अभीजित (11:50-12:44)। **राहुकाल** (03:40-05:21)।

**विशेष दिन**

- 13 मई 2025: ज्येष्ठ माह आज से प्रारंभ।
- 114 मई 2025: वीणा दान कल।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** आज आपके सहकर्मी समूह के मध्य आपकी लोकप्रियता में इजाफा कर सकते हैं। व्यावसायिक रूप से चीजें सुचारू रहेंगी और आपको अच्छी प्रगति प्राप्त होगी।

**वृषः** व्यावसायिक संदर्भ में आशावादी दृष्टिकोण के साथ कार्यस्थल पर आप बहुत ऊर्जावान रहेंगे। आप अपने व्यवहार में अत्यधिक सफल होंगे। ग्राहकों के साथ स्थायी संबंध बनाएंगे।

**मिथुनः** नौकरीपेशा जातकों के लिए समय अनुकूल नहीं है। अज्ञात के साथ व्यवहार करते समय सावधान रहें। संचारी बनें और खुद को आराम देने के लिए कुछ समय निकालें।

**कर्कः** यह अधिक अनुकूल अवधि नहीं है। स्वास्थ्य के सन्दर्भ में आप कुछ पुरानी बीमारियों से प्रभावित हो सकते हैं। गुप्त रोग जैसी समस्याएं आपको बीमार कर सकती हैं।

**सिंहः** आपकी लोकप्रियता अपने चरम पर होगी। यदि आप अधिकारियों के साथ टकराव से बचें रहें, तो आप व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छी प्रगति कर सकते हैं। पारिवारिक-जीवन खुशहाल रहेगा।

**कन्याः** आपको अधिकारियों से पूर्ण सहयोग मिलेगा व आपकी आमदनी, व्यापार और अन्य उपक्रमों से काफी बढ़ेगी। यदि आप नौकरीपेशा हैं, तो आप एक आय वृद्धि या पदोन्नति हो सकती है।

**तुलाः** आज आपको विभिन्न स्रोतों से लाभ प्राप्त हो सकता है। आपकी कुछ महत्वाकांक्षाएं पूरी हो सकती हैं और आपके पास नए अधिग्रहण हो सकते हैं।

**वृश्चिकः** आज भाग्य की अपेक्षा कर्म पर भरोसा करके काम करना लाभदायक साबित होगा। न्याय से जुड़े लोंगो को कुछ राहत मिलेगी। भौतिक सुखो में वृद्धि होगी।

**धनुः** आज खुशियों के साथ दिन की शुरुआत हो सकती है। नौकरीपेशा जातकों को तरक्की मिल सकती है। व्यापारी एवं व्यवसायियों के लिए व्यापार में बेहतरी संभव है।

**मकरः** यदि आप व्यावसायिक सन्दर्भ में निर्यात या आयात से सम्बंधित हैं, तो आकस्मिक विदेशी यात्रा संभव हो सकती है। यह आपके लिए बेहद फायदेमंद भी साबित होगी।

**कुंभः** व्यावसायिक सन्दर्भ में आप बड़ी सफलता प्राप्त करेंगे और एक उच्च सामाजिक स्थिति हासिल करेंगे। एक नया उद्यम शुरू कर सकते हैं। सभी विरोधियों पर विजय मिलेगी।

**मीनः** आज ईमानदारी से किया गया कार्य अतिरिक्त लाभ के रूप में अपने फल देगा। व्यक्तिगत जीवन को अपने व्यावसायिक हितों के साथ हस्तक्षेप न करने दें।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बैरकोट, विकास खंड बल्ह, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत बैरकोट जिला मंडी द्वारा वित्त वर्ष 2025-2026 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ दिनांक **06/06/2025** तक को शाम **5 बजे** तक ग्राम पंचायत बैरकोट के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। तथा निविदाएँ दिनांक **09/06/2025** को खोली जाएगी। इसलिए निविदाताओं से अनुरोध है कि अपने निविदा के लिफाफे के बाहर अपना दूरभाष नंबर जरुर अंकित करें।

**सामग्री का विवरण:- 1.** रेत (खड्ड/नदी की) - प्रति घन मीटर, **2.** रेत (क्रेशर की) - प्रति घन मीटर, **3.** बजरी 20 एमएम (खड्ड/नदी की) - प्रति घन मीटर, **4.** बजरी 40 एमएम (खड्ड/नदी की) - प्रति घन मीटर, **5.** बजरी 20 एमएम (क्रेशर की) - प्रति घन मीटर, **6.** बजरी 40 एमएम (क्रेशर की) - प्रति घन मीटर, **7.** सोलिंग/बोल्डिंग पत्थर - प्रति घन मीटर, **8.** पत्थर (Cut Stone) - प्रति घन मीटर, **9.** पक्की ईंटे (मिट्टी के भट्टे की) (2nd Class) - प्रति 1000 नं., **10.** मशीन द्वारा कटान (Cutting through JCB Machine) - प्रति घन मीटर, **11.** सामग्री ढुलान ट्रैक्टर/जीप/अन्य वाहन द्वारा - प्रति घन मीटर, **12.** शटरिंग - प्रति घन मीटर, **13.** टोर सरिया (ISI Marked) - प्रति घन मीटर, **14.** दीवार लेखनी (Wall Writing) - प्रति घन मीटर, **15.** दरवाजा / खिड़की के पल्ले 2nd क्लास देवदार लकड़ी 35 एमएम - प्रति घन मीटर, **16.** दरवाजा/खिड़की के पल्ले 2nd क्लास देवदार लकड़ी 40 एमएम - प्रति घन मीटर, **17.** दरवाजा/खिड़की चौखट 2nd क्लास देवदार लकड़ी - प्रति घन मीटर, **18.** सीमेंट ढुलाई HPCSE डिपो से ग्राम पंचायत के स्टोर तक - प्रति घन मीटर, **19.** PVC पाईप 100mm Dia. 6kg/Sqm.CM - रनिंग मीटर, 20. PVC पाईप 150mm Dia.6kg /Sqm.CM - रनिंग मीटर, **21.** RCC/Hume Pipe NP2, 150mm Dia- रनिंग मीटर, 22. RCC/Hume Pipe Np2, 200mm Dia. - रनिंग मीटर, **23.** RCC/Hume Pipe Np2, 250mm Dia. - रनिंग मीटर, **24.** RCC/Hume Pipe Np2, 3000mm Dia. - रनिंग मीटर, **25.** RCC/Hume Pipe NP2, 6000mm Dia.- रनिंग मीटर, **26.** RCC/Hume Pipe Np2, 750mm, Dia. - रनिंग मीटर, **27.** RCC/Hume Pipe Np2, 900mm Dia. - रनिंग मीटर, **28.** RCC/Hume Pipe NP2, 1200mm Dia. - रनिंग मीटर, **29.** लोहे की ग्रिल व अन्य लोहे का सामान - प्रति किलो ग्राम, **30.** पेंट सामग्री (सभी प्रकार की) - प्रति लीटर, **31.** साईन बोर्ड (3 x 2) With all Metarial - प्रति साईन बोर्ड, **32.** साईन बोर्ड (4 x 5) With all Metarial - प्रति साईन बोर्ड, **33.** Interlock Paver Block - प्रति ब्लॉक, **34.** Solar Light - प्रति लाईट।

**नियम व शर्तें :-** 1) निविदादाता के पास अपना पंजीकरण नंबर निविदा पर भरना सुनिश्चित करें। इसके साथ R.C.No.GST.CST.No. की छाया प्रति लगाना अति आवश्यक है। 2) ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Form जमा करवाने होंगे, M-Form उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सबंधी रायल्टी वर्तमान में मूल्य /- रुपये प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी। 3) सभी निविदाएं सील बन्द लिफाफे में देनी अनिवार्य होगी। अधूरी व खुली निविदाएं मान्य नहीं होगी। 4) GST/CST दरें निविदा प्रपत्र में भरी गई दरों में ही शामिल होगी। 5) पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार से सम्बन्धित सदस्यों की निविदाएं मान्य नहीं होगी। 6) सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 7) दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी होनी चाहिए। 8) निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 9) पारित निविदादाता को मु0 - 25,000/- रूपये धरोहर/सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करने होंगे। 10) ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी।

हस्ता/- प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बैरकोट, विकास खंड बल्ह, जिला मंडी (हि.प्र.)



**कार्यालय ग्राम पंचायत वनाल, विकास खण्ड धर्मपुर जिला मण्डी हि. प्र.**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वनाल में विभिन्न मदों के अंतर्गत विकास कार्यों के लिए अवधि 01-04-2025 से 31-03-2026 तक निम्न सामग्री (वस्तु) के लिए निविदा आमंत्रित करती है:-

1 रेता क्रशर-प्रति घन मीटर, 2. बजरी क्रशर-प्रति घन मीटर, 3. रेता धुला क्रशर-प्रति घन मीटर, 4. रेता लोकल खड्ड-प्रति घन मीटर, 5. बजरी लोकल खड्ड-प्रति घन मीटर, 6. शटरिंग-प्रति वर्ग मीटर, 7. सीमेंट ढुलवाई सिविल सप्लाई स्टोर धर्मपुर से पंचायत स्टोर व पंचायत स्टोर से कार्य स्थल -प्रति बैग, 8. बोर्ड सीमेंट-प्रति बोर्ड, 9. बोर्ड लिखवाई व फोटा-प्रति बोर्ड, 10. इंटर लॉक टाईल 40,60,80एमएम-प्रति टाईल, 11. सरिया 8,10,12,16एमएम-प्रति किलो, 12. बोल्डर - प्रति घन मीटर, 13. कट स्टोन (पत्थर)-प्रति स्टोन (पत्थर), 14. जेसीबी मशीन-प्रति घंटा, 15. सीमेंट बैंच-प्रति बैंच, 16. लोहा बैंच-प्रति बैंच, 17. सीमेंट ब्लॉक-प्रति ब्लॉक, 18. डिस्पले बोर्ड-प्रति बोर्ड, 19. ईंट-प्रति ईंट, 20. डस्टवीन-प्रति नग, 21. जिम व पार्क सामग्री-प्रति नग।

अतः इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा दिनांक 22.05.25 तक शाम 5 बजे तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा ग्राम पंचायत वनाल में पहुंच जानी चाहिए। निविदा 23.05.25 को सुबह 11 बजे निविदा कमेटी के सामने ग्राम पंचायत वनाल में खोली जायेगी। अगर निविदा निर्धारित तिथि किसी कारणवश नहीं खुलती है तो अगली तिथि निविदा कमेटी के निर्णय अनुसार निविदा निर्धारित तिथि को खोली जायेगी। **नियम व शर्तेः** (1) निविदा देने वाले के पास अपना जीएसटी न0 होना चाहिए। (2) सामग्री गाड़ी में जहां तक जा सकती है पंहुचानी होगी। (3) पंचायत के सप्लाई आदेश पर हो सामाग्री दी जायेगी। (4) यदि सामाग्री में सही गुणवत्ता नहीं पाई जाती है या समय पर सप्लाई नहीं दी जाती जिसके कारण यदि कार्य में बाधा होती है तो आपूर्तिकर्ता को पंचायत द्वारा एक माह का नोटिस देकर किसी भी समय निविदा रदद की जा सकती है (5) निविदा स्वीकृत या रदद करने का अधिकार निविदा कमेटी को होगा (6) यदि निविदा किसी व्यक्ति या फर्म की स्वीकृत होती है तो उस व्यक्ति या फर्म को निविदा 20000/- रुपये धरोहर राशि के रूप में पंचायत में जमा करवाने होगें। (7) निविदा खुलने वाली तिथि को जिस भी व्यक्ति या फर्म ने निविदा हेतू अपना आवेदन पंचायत को किया है को निविदा खुलते समय उपस्थित होना अनिवार्य है। (8) निविदा में मांगी गई प्रत्येक सामाग्री वस्तु का मुल्य व जीएसटी प्रत्येक सामाग्री में निर्धारित दर से अलग बिल में दर्शाना होगा (9) निविदा स्वीकृत होने पर निविदाकर्ता को सप्लाई की गई सामागी (वस्तु) के साथ एम (M. Form) फार्म जमा करवाना अनिवार्य है। (10) निविदा स्वीकृत होने पर व्यक्ति या फर्म को अपने दस्तावेज जैसेः जीएसटी न0, आधार कार्ड, बैंक पास बुक की फोटो कॉपी संलग्न करनी होगी। **प्रधान/सचिव**

**ग्राम पंचायत वनाल विकास खण्ड धर्मपुर विकास खण्ड धर्मपुर जिला मंडी हि.प्र.**



**कार्यालय ग्राम पंचायत साहज**
**विकास खंड चुराग, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**नोटिस वाबत निविदा आपूर्ति बारे**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत साहज को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निर्माण कार्यों को करने के लिए मटिरियल की आवश्यकता पड़ेगी। अतः व्यवसायिक फर्म/निविदादाता अपनी मोहर बंद निविदा प्रधान ग्राम पंचायत साहज, डाकघर जस्सल, तहसील करसोग, जिला मंडी के पत्ते पर दिनांक **16-05-2025** को दोपहर **1 बजे** तक पहुंच जानी चाहिए जो **16-05-2025** को दोपहर बाद **3 बजे** कमेटी के द्वारा खोली जाएगी।

**मटेरियल का विवरण निम्न प्रकार से है:-**

**1.** रेत आपूर्ति FOR क्रैशर - GST सहित प्रति फुट, **2.** रेत आपूर्ति FOR खान - GST सहित प्रति फुट, **3.** रोड़ी आपूर्ति FOR क्रैशर - GST सहित प्रति फुट, **4.** रोड़ी आपूर्ति FOR खान - GST सहित प्रति फुट, **5.** रोडी आपूर्ति FOR (गटका) - GST सहित प्रति फुट, **6.** पत्थर आपूर्ति FOR , **7.** GI पाईप 15mm, 20mm - GST सहित प्रति पाईप, **8.** JCB पक्की व कच्ची खुदाई - GST सहित प्रति घंटा, **9.** चादर शीट - प्रति पीस, **10.** मनरेगा बोर्ड साईज (3*2) फीट, **11.** ईंट - प्रति पीस, **12.** पानी टैंकर - 3000 लीटर, **13.** मिक्चर - प्रति दिन, **14.** सीमेंट ढुलान सुनी से कार्य स्थल तक, **15.** रेता ढुलान खान या नदी से व सीमेंट ढुलान खच्चर के द्वारा प्रति फुट/बैग

**निविदादाता को कोटेशन के साथ निम्न दस्तावेज संलग्न करने होंगें**

**1.** गाड़ी की RC की फोटो कॉपी या गाड़ी किसी की लीज पर ली है तो लीज एग्रीमेंट और पैन कार्ड की कॉपी। **2.** निविदादाता GST पंजीकृत होना चाहिए। **3.** आपूर्तिकर्त्ता को M-form के साथ आपूर्ति करनी होगी अन्यथा निर्धारित रायल्टी बिल से काटी जाएगी। **4.** सफल निविदादाता को पंचायत के साथ एक अनुबन्ध हस्ताक्षरित करना होगा। **5.** सफल निविदादाता को 10,000/- की धरोहर राशी पंचायत के पास रखनी होगी जो आपूर्ति करने में असफल होने पर पंचायत उपयोग करेगी। **6.** आपूर्ति स्थल ग्राम पंचायत के समस्त वार्ड जहां तक गाड़ी जाती है। **7.** सफल निविदादाता को प्रत्येक सामग्री बिल में HSN कोड लिखना अनिवार्य होगा।

हस्ता/-
प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत साहज
विकास खंड चुराग, जिला मंडी, हि.प्र



**कार्यालय ग्राम पंचायत बिंदला**
**विकास खंड चुराग, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**नोटिस वाबत निविदा आपूर्ति बारे**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिंदला को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निर्माण कार्यों को करने के लिए मटिरियल की आवश्यकता पड़ेगी। अतः व्यवसायिक फर्म/निविदादाता अपनी मोहर बंद निविदा प्रधान ग्राम पंचायत बिंदला, डाकघर शाकरा , तहसील करसोग, जिला मंडी के पत्ते पर दिनांक **17-05-2025** को दोपहर **1 बजे** तक पहुंच जानी चाहिए जो **17-05-2025** को दोपहर बाद **3 बजे** कमेटी के द्वारा खोली जाएगी।

**मटेरियल का विवरण निम्न प्रकार से है:-**

**1.** रेत आपूर्ति FOR क्रैशर - GST सहित प्रति फुट, **2.** रेत आपूर्ति FOR खान - GST सहित प्रति फुट, **3.** रोड़ी आपूर्ति FOR क्रैशर - GST सहित प्रति फुट, **4.** रोड़ी आपूर्ति FOR खान - GST सहित प्रति फुट, **5.** रोडी आपूर्ति FOR (गटका) - GST सहित प्रति फुट, **6.** पत्थर आपूर्ति FOR , **7.** GI पाईप 15mm, 20mm - GST सहित प्रति पाईप, **8.** JCB पक्की व कच्ची खुदाई - GST सहित प्रति घंटा, **9.** चादर शीट - प्रति पीस, **10.** मनरेगा बोर्ड साईज (3*2) फीट, **11.** ईंट - प्रति पीस, **12.** पानी टैंकर - 3000 लीटर, **13.** मिक्चर - प्रति दिन, **14.** सीमेंट ढुलान सुनी से कार्य स्थल तक, **15.** रेता ढुलान खान या नदी से व सीमेंट ढुलान खच्चर के द्वारा प्रति फुट/बैग

**निविदादाता को कोटेशन के साथ निम्न दस्तावेज संलग्न करने होंगें**

**1.** गाड़ी की RC की फोटो कॉपी या गाड़ी किसी की लीज पर ली है तो लीज एग्रीमेंट और पैन कार्ड की कॉपी। **2.** निविदादाता GST पंजीकृत होना चाहिए। **3.** आपूर्तिकर्त्ता को M-form के साथ आपूर्ति करनी होगी अन्यथा निर्धारित रायल्टी बिल से काटी जाएगी। **4.** सफल निविदादाता को पंचायत के साथ एक अनुबन्ध हस्ताक्षरित करना होगा। **5.** सफल निविदादाता को 10,000/- की धरोहर राशी पंचायत के पास रखनी होगी जो आपूर्ति करने में असफल होने पर पंचायत उपयोग करेगी। **6.** आपूर्ति स्थल ग्राम पंचायत के समस्त वार्ड जहां तक गाड़ी जाती है। **7.** सफल निविदादाता को प्रत्येक सामग्री बिल में HSN कोड लिखना अनिवार्य होगा।

हस्ता/-
प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत **बिंदला**
विकास खंड चुराग, जिला मंडी, हि.प्र

**कोई** तुम्हें कमजोर समझे इससे पहले, तुम्हें शिक्षा के महत्व को समझना होगा।
-सावित्रीबाई फुले

## संपादकीय

# संकट में टेस्ट क्रिकेट

टेस्ट क्रिकेट, जिसे क्रिकेट का शुद्धतम और पारंपरिक प्रारूप माना जाता है, आज एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जहां इसके भविष्य को लेकर कई सवाल उठ खड़े हुए हैं। जब एक के बाद एक दो बड़े खिलाड़ी–रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे नामचीन बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेते हैं, तो यह सिर्फ एक व्यक्तिगत फैसला नहीं होता, बल्कि इससे क्रिकेट जगत में व्यापक संदेश भी जाता है। यह कदम न केवल प्रशंसकों को झकझोरता है, बल्कि इस दिशा में सोचने को मजबूर करता है कि क्या टेस्ट क्रिकेट अपने अस्तित्व के संकट से गुजर रहा है? टेस्ट क्रिकेट का स्वरूप सबसे लंबा और सबसे डिमांडिंग होता है। पांच दिनों तक मैदान पर लगातार फोकस, स्ट्रैटेजी, और फिजिकल एंगेजमेंट की मांग टेस्ट क्रिकेट करता है। उम्र बढ़ने के साथ, खासकर 30 की उम्र पार करने के बाद, खिलाड़ियों के लिए इतने लंबे समय तक उच्च स्तर की परफॉर्मेंस देना मुश्किल होता है।

विराट कोहली और रोहित शर्मा, दोनों ही अब 35+ की उम्र में हैं और पिछले कुछ वर्षों में फिटनेस को लेकर इन दोनों खिलाड़ियों ने कई बार ब्रेक भी लिया है। ऐसे में टेस्ट क्रिकेट में निरंतर प्रदर्शन करना उनके शरीर और मानसिक स्थिति पर भारी पड़ सकता है। टेस्ट क्रिकेट एक मैच के लिए कम से कम 5 दिन लेता है। वहीं टी20 या वनडे क्रिकेट में खिलाड़ी एक–दो दिन में मैच खेलकर अगले मैच की तैयारी कर सकते हैं। आज का खिलाड़ी, खासकर जब उसके पास कई लीग्स और टूर्नामेंट के विकल्प हों, तो वह वही फॉर्मेट चुनना पसंद करता है, जिसमें समय कम लगे और मुनाफा ज्यादा हो। आजकल खिलाड़ी सालभर आईपीएल, इंटरनेशनल टी20/वनडे सीरीज या फिर विदेशी लीग्स आदि में व्यस्त रहते हैं।

ऐसे में पांच दिन का टेस्ट मैच न केवल समय खाता है, बल्कि रिकवरी और ट्रेनिंग का भी समय लेता है। आईपीएल ने भारतीय क्रिकेटरों की कमाई और लोकप्रियता को एक नई ऊंचाई दी है। एक सीजन में ही खिलाड़ी करोड़ों कमा लेते हैं और यह सिर्फ वेतन से नहीं, ब्रांडिंग, विज्ञापन और सोशल मीडिया की प्रसिद्धि के जरिए भी होता है। टी20 का यह तेज, मनोरंजक और हाई–रिटर्न फॉर्मेट युवा खिलाड़ियों को भी आकर्षित करता है। जब खिलाड़ी आईपीएल से मिली आर्थिक और सामाजिक मान्यता को देखते हैं, तो स्वाभाविक रूप से वे उस दिशा में झुकते हैं जहां कम समय में अधिक लाभ हो। इस परिप्रेक्ष्य में टेस्ट क्रिकेट उन्हें कम आकर्षक लगने लगता है। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे सितारे, जो पहले ही टेस्ट में अपनी विरासत बना चुके हैं, अब शायद करियर के उस दौर में हैं जहां वे टी20 लीग्स और सीमित ओवर क्रिकेट पर ध्यान देना चाहते हैं।

विराट और रोहित दोनों ही कप्तान के तौर पर भारतीय क्रिकेट को कई उपलब्धियां दिला चुके हैं। उम्र और अनुभव के साथ खिलाड़ी अपने करियर को लंबा खींचने के लिए रणनीतिक निर्णय लेते हैं–जैसे सीमित प्रारूपों में बने रहना और टेस्ट को अलविदा कहना। टेस्ट क्रिकेट की तैयारी, प्लानिंग और एक्सीक्यूशन, सभी कुछ अलग और गहन होता है। ऐसे में जब खिलाड़ी यह सोचते हैं कि वे सीमित ओवर क्रिकेट या आईपीएल में और 3–4 साल खेल सकते हैं, तो वे टेस्ट से पीछे हट जाते हैं, ताकि बाकी फॉर्मेट में खुद को बनाए रख सकें। रोहित और विराट जैसे सीनियर खिलाड़ी जानते हैं कि टीम में शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान आदि नई पीढ़ी के युवा खिलाड़ी आ रहे हैं। ऐसे में उन्हें टेस्ट में अवसर देने और खुद बैकफुट पर आने का यह सही समय लगता है। टी20 क्रिकेट के छोटे फॉर्मेट और चौके–छक्कों की बारिश दर्शकों को ज्यादा आकर्षित करती है। यही कारण है कि मीडिया, ब्रॉडकास्टर्स और स्पॉन्सर्स भी टी20 और वनडे फॉर्मेट में ज्यादा निवेश करते हैं।

इस बदले हुए मार्केट और दर्शक व्यवहार का सीधा असर खिलाड़ियों की प्राथमिकताओं पर भी पड़ता है। आज के खिलाड़ी अपने मानसिक स्वास्थ्य को भी गंभीरता से लेने लगे हैं। विराट कोहली ने खुद कई बार बताया है कि वे मानसिक दबाव से जूझ चुके हैं। पांच दिन के टेस्ट मैच की तैयारी, यात्रा, और लगातार प्रदर्शन की उम्मीदें, खिलाड़ियों पर मनोवैज्ञानिक बोझ भी डालती हैं। ऐसे में टेस्ट से दूरी बनाना उन्हें मानसिक सुकून दे सकता है। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना एक युग का अंत है। ये दोनों खिलाड़ी उन कुछ भारतीय सितारों में से थे जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट को एक नई पहचान दी थी, खासकर विदेशों में, लेकिन अब जब उन्होंने यह फैसला लिया है, तो यह स्पष्ट करता है कि आज का क्रिकेटर हर फॉर्मेट में खुद को झोंकने की बजाय स्मार्ट प्लानिंग के जरिए अपने करियर को संतुलित रखना चाहता है। अब यह देखना रोचक होगा कि क्या आने वाली पीढ़ी टेस्ट क्रिकेट को फिर उसी जोश और सम्मान के साथ आगे बढ़ाती है या यह फॉर्मेट धीरे–धीरे अपनी चमक खो देगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### बॉलीवुड चरित्र अभिनेता और हास्य कलाकार

**असित** सेन हिंदी सिनेमा के कॉमेडी किंग कहे जाते थे। उन्होंने चार दशक तक बॉलीवुड पर चरित्र अभिनेता और हास्य कलाकार के रूप में अपनी खास पहचान बनाकर दर्शकों को अपनी अदाओं से लोट–पोट होने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने 200 से अधिक बॉलीवुड फिल्मों में हास्य और चरित्र अभिनेता का किरदार निभाकर अपने अभिनय की अलग पहचान बनाई। असित सेन ने बांग्ला फिल्म 'अमानुष' और 'आनंद आश्रम' सहित अनुसंधान में भी काम किया। असित सेन का जन्म उत्तर प्रदेश के गोरखपुर शहर में हुआ था। असित सेन की पत्नी का नाम मुकुल सेन था, जो कोलकाता की रहने वाली थीं। यहीं पर उनकी तबियत खराब हुई। वह पत्नी को इलाज के लिए बॉम्बे लेकर गए, लेकिन कुछ ही माह के बाद उनकी मौत हो गई। असित सेन ने अपने अभिनय की शुरुआत दुर्गाबाड़ी में चलने वाले कई बांग्ला नाटकों में अभिनय से किया। सन 1950 में वह कोलकाता अपने ससुराल गए थे। वहां पर उन्हें एक नाटक कंपनी में एक रोल मिल गया। जब वह प्ले हुआ तो फिल्म निर्देशक विमल रॉय उनके अभिनय ने उन्हें खासा प्रभावित हुए और वह उन्हें लेकर मुंबई चले गए। टुनटुन, जीतेंद्र, राजेश खन्ना, संजीव कुमार और सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से उनका खासा दोस्ताना रहा। इनके साथ उन्होंने कई यादगार फिल्मों में काम भी किया। असित सेन हास्य अभिनेता के साथ एक सरल हृदय इंसान भी थे। ■



असित सेन
जन्म : 13 मई, 1917
मृत्यु : 18 सितंबर, 1993



## कविता: नया सबक सीखाना है

बचन सिंह घटवाल, मस्सल (कांगड़ा)

*बहुत हुआ अब नहीं सहेंगे, कर ली अब तैयारी है।*
*आतंक के अड्डों पर अब तो, ताबड़तोड़ बमबारी है।।*
*निहत्थों पर वार करे तूं, कायर है हत्यारा है।*
*नापाक तेरी जमीं पर ही, अब चुन चुन के मारा है।।*
*दो दिन में ही सिमट गया तूं, जब हिंद की सेना टूट पड़ी।*
*युद्ध विराम का राग अलापा, अब क्यों तेरी छूट पड़ी।।*
*घुसकर तेरे घर में कातिल, हम कोहराम मचाएंगे।*
*आतंकी अड्डों पर फिर से, ढेरों बम बरसाएंगे।।*
*हर जन ने अब ठान लिया, तुझको कुछ नया दिखाना है।*
*आतंकी अड्डों को कर ध्वस्त, एक नया सबक सीखाना है।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# पाकिस्तान को उत्तर भारतीय शौर्य की पराकाष्ठा

भारत और पाकिस्तान के संबंधों की कहानी केवल दो देशों की कूटनीतिक या भौगोलिक सीमा तक सीमित नहीं है। यह दरअसल दो विचारधाराओं, दो मानसिकताओं और दो प्रकार के राष्ट्र–निर्माण की प्रक्रियाओं के बीच का संघर्ष है। 1947 में जब देश का विभाजन हुआ, तो उस वक्त यह कहा गया था कि अब दोनों देश अपने–अपने रास्तों पर आगे बढ़ेंगे, लेकिन समय ने साबित किया कि यह विभाजन केवल भौगोलिक नहीं था बल्कि यह भावनाओं, संस्कृतियों और राजनीतिक उद्देश्यों का भी विभाजन था और दुर्भाग्यवश, पाकिस्तान ने शुरुआत से ही अपने अस्तित्व को भारत विरोध के आधार पर परिभाषित किया। भारत ने हमेशा शांति, समन्वय और संवाद को प्राथमिकता दी। चाहे वह शिमला समझौता रहा हो, ताशकंद वार्ता या अटल बिहारी वाजपेयी की ऐतिहासिक लाहौर बस यात्रा हो, भारत ने बार–बार दोस्ती का हाथ बढ़ाया, लेकिन हर बार बदले में मिला विश्वासघात, कारगिल का युद्ध, संसद पर हमला, मुंबई आतंकी हमला, उरी, पुलवामा, और अब हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले जैसे दर्दनाक घटनाक्रम। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुआ आतंकी हमला न केवल सुरक्षा व्यवस्था पर हमला था, बल्कि भारत की सहनशीलता की भी परीक्षा थी।



लेखक: रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी (हमीरपुर)



इस हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई और पूरे देश में गम और आक्रोश की लहर दौड़ गई। किंतु इस बार भारत ने केवल शोक नहीं मनाया, बल्कि ठोस और निर्णायक उत्तर भी दिया एक ऐसा उत्तर, जिसे इतिहास भारतीय शौर्य की पराकाष्ठा के रूप में याद रखेगा। 6 और 7 मई की रात को भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान के भीतर स्थित कई आतंकी अड्डों को सटीक हवाई हमलों द्वारा नष्ट कर दिया। जैश–ए–मोहम्मद और लश्कर–ए–तैयबा जैसे संगठनों के ट्रेनिंग कैंपों, हथियार डिपो और संचार केंद्रों को लक्ष्य बनाया गया।

भारतीय वायुसेना और विशेष बलों द्वारा की गई यह कार्रवाई अत्यंत योजनाबद्ध, सीमित, लेकिन शक्तिशाली थी, जिसने पाकिस्तान को न केवल चौंका दिया, बल्कि उसकी सैन्य और कूटनीतिक नींव हिला दी। यह जवाब केवल सैन्य कार्रवाई नहीं था, बल्कि यह एक साहसिक संदेश था कि अब भारत केवल सहने वाला राष्ट्र नहीं है, बल्कि वह अपने प्रत्येक नागरिक के प्राण की रक्षा के लिए शत्रु की धरती पर भी जाकर हमला कर सकता है। पाकिस्तान के सत्ता गलियारों में हड़कंप मच गया। वहां की सेना और आईएसआई को यह पहली बार अहसास हुआ कि भारत अब रणनीति बदल चुका है अब वह प्रहार करेगा और उस प्रहार की गूंज केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहेगी। भारतीय वायुसेना के पराक्रमी योद्धाओं ने जिस सटीकता, गति और दक्षता से यह अभियान अंजाम दिया, वह विश्व में सैन्य कार्रवाई का एक उदाहरण बन गया। रात्रि के अंधकार में जब राफेल विमानों ने शत्रु की सीमा में प्रवेश किए बिना ही मिसाइलों से सटीक प्रहार किया, तब न केवल दुश्मन के राडार इसे भांपने में असमर्थ रहे, बल्कि पाकिस्तान की हुकूमत की नींद तक उड़ गई। यह कार्य सिर्फ एक सैन्य सफलता नहीं थी यह भारत के शौर्य, संकल्प और आत्मबल का प्रतीक था। पाकिस्तान की समस्या यह है कि वह न तो एक स्थिर लोकतंत्र बन सका और न ही एक जिम्मेदार राष्ट्र। वहां की सेना, आईएसआई और धार्मिक कट्टरपंथी ताकतों ने मिलकर देश को एक आतंक के निर्यातक के रूप में गढ़ दिया है। आतंकवाद पाकिस्तान की विदेश नीति का एक अनौपचारिक, लेकिन सशक्त उपकरण बन चुका है।

जो देश अपने पड़ोसी की पीठ में बार–बार छुरा घोंपे, उस पर विश्वास करना केवल भोलेपन की निशानी हो सकती है। हर बार जब हमारे सैनिक सीमा पर शहीद होते हैं, हर बार जब एक जवान की मां की गोद सूनी होती है और हर बार जब एक मासूम बच्चा आतंकी हमले में मारा जाता है, तो भारत की आत्मा यह सवाल करती है, क्या अब भी संयम की नीति अपनाना सही है? क्या अब समय नहीं आ गया है कि पाकिस्तान को उसी की भाषा में उत्तर दिया जाए? तो इस बार भारत ने अपनी रणनीति को स्पष्ट कर दिया है कि वह शांति चाहता है, लेकिन कमजोरी की कीमत पर नहीं। यदि कोई देश आतंक को पालकर हम पर थोपे, तो जवाब ऐसा ही होना चाहिए जैसा हाल ही में हुआ। यह जवाब एक नए भारत का परिचायक है जो सहिष्णु है, लेकिन कायर नहीं; जो शांतिप्रिय है, लेकिन निर्बल नहीं। भारत ने पहले भी कई निर्णायक कदम उठाए हैं सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक, लेकिन अब इन कार्रवाइयों की तीव्रता और निरंतरता की आवश्यकता है। पाकिस्तान को स्पष्ट रूप से यह संदेश मिलना चाहिए कि भारत की धरती पर खून बहाने की कोई भी साजिश, अब उसके अस्तित्व पर भारी पड़ेगी।

भारत ने तो आतंकियों के अड्डों को लक्षित करते हुए एक सीमित और सटीक सैन्य कार्रवाई की, लेकिन पाकिस्तान ने इसके जवाब में एक पूर्ण युद्ध छेड़ दिया। उसने भारत के 15 शहरों को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन हमलों की श्रृंखला शुरू की, लेकिन भारत का आधुनिक रक्षा प्रणाली जिसमें एस400 सुदर्शन चक्र, एंटी–मिसाइल शील्ड, ड्रोन जैमर और सैटेलाइट–आधारित ट्रैकिंग तकनीक शामिल थी, ने समय रहते सभी हमलों को निष्क्रिय कर दिया। नतीजतन, एक भी पाकिस्तानी मिसाइल या ड्रोन अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच सका। भारत ने केवल रक्षात्मक रुख नहीं अपनाया। इसके जवाब में, तीनों सेनाओं थल, वायु और नौसेना ने एक समन्वित और सटीक प्रतिघात आरंभ किया। थलसेना ने सीमापार गहराई तक प्रवेश कर पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर जबरदस्त हमला किया। नौसेना ने अरब सागर में पाकिस्तान के समुद्री अड्डों को निष्क्रिय कर उनकी समुद्री गतिविधियों को ठप कर दिया। वायुसेना ने फिर एक बार पीओके और पाकिस्तान के रणनीतिक ठिकानों पर बमबारी करते हुए उनके डिफेंस सिस्टम को ध्वस्त कर दिया। अब समय आ गया है कि भारत इस युद्ध में न केवल आतंकवाद से, बल्कि उन व्यवस्थागत ताकतों से भी निर्णायक रूप से निपटे जो वर्षों से आतंक को शरण, संसाधन और रणनीतिक समर्थन देती आ रही हैं। भारत अब उस ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है, जहां उसे न केवल उत्तर देना है, बल्कि एक नई दिशा भी तय करनी है, एक ऐसी दिशा जो राष्ट्र की गरिमा, सुरक्षा और अखंडता को न केवल अक्षुण्ण रखे, बल्कि उसे विश्व पटल पर और भी अधिक सशक्त और सम्मानित बनाए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# धैर्य हमारी ताकत, इसे कायरता नहीं समझें


सन् 1975 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के समय हम इस दुनिया में थे ही नहीं। न उस युद्ध का प्रत्यक्ष अनुभव था, न उसकी पीड़ा या विजय की खुशी की कोई व्यक्तिगत स्मृति, लेकिन जैसे–जैसे चेतना का विस्तार हुआ, भारतीय सेना की वीरगाथाएं हमारे भीतर गूंजने लगीं। किताबों, फिल्मों और बुजुर्गों के किस्सों ने हमें सिखाया कि यह राष्ट्र केवल सीमाओं से नहीं, बल्कि उन जांबाज सपूतों के रक्त से बना है, जिन्होंने हर चुनौती का डटकर सामना किया।



लेखक : मनीष वर्मा 'मनु'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

जनरल सैम मानेकशॉ—भारतीय सैन्य इतिहास का वह स्वर्णिम नाम—हमारे आदर्शों में शुमार हो गए। हाल ही में जब उनकी जीवनी पर आधारित फिल्म देखी, तो रोमांच के साथ गर्व भी महसूस हुआ। यह वही गौरव है जो हमें कारगिल के युद्ध में भी महसूस हुआ था, जब विश्वासघात के बाद भी हमने साहस और रणनीति से दुश्मन को पीछे धकेल दिया। दरअसल, पाकिस्तान से लड़ाई कभी समान धरातल पर नहीं रही।

युद्ध वही देश करते हैं जो बराबरी पर हों, लेकिन पाकिस्तान ने हमेशा छद्म युद्ध का सहारा लिया—कभी आतंकवाद, कभी घुसपैठ, तो कभी पीठ पीछे वार। उसका मकसद युद्ध नहीं, भारत की स्थिरता को चुनौती देना रहा है। पहलगाम की घटना भी इसी नीयत का हिस्सा थी, मगर इस बार उसने हमारे धैर्य को हमारी कायरता समझने की भूल की। करोड़ों भारतीयों की भावनाओं के साथ खेलना किसी भी देश के लिए महंगा साबित हो सकता है। जब भारत ने जवाब दिया, तो दुश्मन दो दिन भी नहीं टिक सका। घबराकर युद्धविराम की अपील करने लगा। यह युद्ध का अंत नहीं था, सिर्फ एक चेतावनी थी। पाकिस्तान को समझना होगा कि सोशल मीडिया पर नारेबाजी करने से युद्ध नहीं जीते जाते।



निर्णायक लड़ाइयां रणभूमि में लड़ी जाती हैं—रणनीति, शौर्य और इच्छाशक्ति के साथ। अगर अगली बार फिर ऐसी भूल दोहराई गई, तो यह सिर्फ जवाबी कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि उसके अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न लग जाएगा। यह सच है कि युद्ध किसी के लिए भी वांछनीय नहीं होते। जान–माल की क्षति दोनों तरफ होती है। पर जब सवाल राष्ट्रीयता, संप्रभुता और सम्मान का हो, तो मौन रह जाना पराजय होती है। भारत ने हर बार यह सिद्ध किया है कि उसका संयम उसकी शक्ति है।

सन् 1971 हो, 1999 का कारगिल युद्ध या 2008 के मुंबई हमले—हर बार भारत ने अपने धैर्य और शक्ति से जीत दर्ज की है। भारत शांति चाहता है, लेकिन सम्मान की कीमत पर नहीं। जय हिंद, जय भारत।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**पुराने** समय में ग्रामीण लोग अपने खेतों में तंबाकू की खेती करते थे। हर घर में बुजुर्ग व अधेड़ आयु वर्ग के पुरुष हुक्का पीते थे। शराब व भांग का नशा तो सुना जाता था, लेकिन इसका प्रचलन न के बराबर था। उस समय बीड़ी–सिगरेट भी बहुत कम पीते थे। लोग नशा करने वाले को कोई मान–सम्मान नहीं देते थे। शराब पीने वाले को शराबी, और भांग का सेवन करने वाले को भंगड़िया के नाम से जाना जाता था। गांव के लोग उनसे मिलने–बरतने से भी गुरेज करते थे। यही नहीं, ऐसा नशा करने वाले युवकों की शादियां करनी भी मुश्किल हो जाती थी। अब विवाह, शादियों एवं अन्य उत्सवों में शराब रिश्तेदारों व दोस्त–मित्रों को परोसने का प्रचलन बढ़ा। कुछ समय से हिमाचल प्रदेश में चिट्टा नामक नशे ने गांव–गांव तक पांव पसार दिए हैं। कहा जाता है कि इसका सेवन करने वाला व्यक्ति कुछ ही समय का मेहमान होता है। सरकार इस ओर अपना ध्यान दें। **रमन, कांगड़ा**

# युद्धविराम के साथ आतंकवाद का समूल नाश भी बेहद जरूरी

विश्व में युद्ध विराम की आवश्यकता आज जितनी तीव्रता से महसूस की जा रही है, उतनी पहले कभी नहीं हुई। इसका कारण यह है कि आधुनिक विश्व, विशेष रूप से 1945 के बाद, एक अत्यंत संवेदनशील और विनाशकारी युग में प्रवेश कर चुका है, जहां अनेक देश परमाणु हथियारों से लैस हैं और एक छोटा सा सैन्य टकराव भी वैश्विक संकट का रूप ले सकता है।



लेखक : सिकंदर बंसल,
शिक्षाविद्

जब सभी राष्ट्र परमाणु के ढेर पर खड़े हों, तो युद्ध का कोई विकल्प नहीं रह जाता—सिर्फ विनाश और मानवीय त्रासदी। इस संदर्भ में, युद्ध विराम न केवल तत्काल हिंसा को रोकने का माध्यम है, बल्कि शांति, कूटनीति और सभ्यता के भविष्य की रक्षा का भी जरिया है। द्वितीय विश्व युद्ध के अंत यानी 1945 के बाद से अब तक अनेक युद्ध हुए, जिनमें असंख्य लोगों की जान गई, करोड़ों विस्थापित हुए और कई पीढ़ियों का भविष्य धूमिल हो गया, लेकिन हर युद्ध के बाद किसी न किसी स्तर पर युद्ध विराम हुआ, जिसने दुनिया को एक राहत की सांस दी और पुनर्निर्माण की राह खोली। 1948 में भारत और पाकिस्तान के बीच पहला युद्ध हुआ था, जो कश्मीर के मुद्दे को लेकर था। इस युद्ध का अंत संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता में 1 जनवरी 1949 को युद्ध विराम से हुआ।

इसके बाद 1953 में कोरियाई युद्ध का अंत एक युद्ध विराम समझौते से हुआ, जिससे उत्तर और दक्षिण कोरिया आज तक अलग हैं लेकिन सीधी सैन्य मुठभेड़ से बचे हुए हैं, 1962 में भारत और चीन के बीच युद्ध हुआ था, जिसमें चीन ने युद्धविराम की घोषणा कर एकतरफा वापसी की। 1965 में भारत–पाकिस्तान के बीच फिर युद्ध हुआ और ताशकंद समझौते (1966) के माध्यम से युद्ध विराम हुआ। 1971 में भारत–पाकिस्तान युद्ध एक निर्णायक युद्ध था, जिससे बांग्लादेश का उदय हुआ। यह युद्ध 16 दिसंबर 1971 को पाकिस्तानी सेना के आत्मसमर्पण के साथ समाप्त हुआ, जिसे युद्धविराम और संधि का रूप दिया गया। 1980 के दशक में ईरान और इराक के बीच आठ वर्षों तक लंबा और रक्तरंजित युद्ध चला, जो 1988 में संयुक्त राष्ट्र की पहल पर युद्धविराम से समाप्त हुआ। 1991 में खाड़ी युद्ध, जिसमें अमेरिका के नेतृत्व में गठबंधन सेनाओं ने इराक को कुवैत से बाहर निकाला, वह भी युद्धविराम के माध्यम से समाप्त हुआ।



1999 में कारगिल युद्ध के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच एक बार फिर टकराव हुआ, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव और कूटनीति के बल पर पाकिस्तान को पीछे हटना पड़ा और युद्धविराम लागू हुआ।

अंत हम कह सकते है कि परमाणु हथियारों से लैस इस दुनिया में युद्ध कोई समाधान नहीं है। हर युद्ध के बाद अंततः शांति की ओर लौटना ही पड़ता है, लेकिन उस शांति की कीमत अगर लाखों जानों की हो, तो यह मानवता की सबसे बड़ी विफलता मानी जाएगी। युद्धविराम केवल सैन्य रणनीति नहीं, यह मानवीय चेतना का प्रतीक है। जब सभी देश परमाणु के ढेर पर खड़े हों, तो युद्धविराम की आवश्यकता अनिवार्य नहीं, अनिवार्यता से भी परे हो जाती है—यह अस्तित्व की शर्त बन जाती है, लेकिन यह भी उतना ही आवश्यक है कि शांति के इस प्रयास को आतंकवाद जैसे विघटनकारी तत्वों से सुरक्षित रखा जाए। इसलिए युद्धविराम के साथ–साथ आतंकवाद का समूल नाश भी वैश्विक और राष्ट्रीय प्राथमिकता बनना चाहिए। तभी एक सुरक्षित, स्थायी और न्यायपूर्ण विश्व व्यवस्था की कल्पना की जा सकती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## पाठकों के पत्र...

**देश** दुनिया में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के बावजूद अनंत ज्ञान समाचार पत्र और डिजिटल टीवी ने पाठकों में अपनी विश्वसनीयता कायम की है। अखबार में खबरों का चयन बड़ी सावधानी और जिम्मेदारी के साथ किया जा रहा है। अपने आप में यही पत्रकारिता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र मीडिया की भूमिका को निष्पक्षता और पारदर्शिता से निभाने में सफल हुआ है। खबरों की प्रमुखता के साथ सामयिक विषयों पर बेबाक संपादकीय लेख दर्शाता है कि समाचार पत्र समाज के प्रति संवेदनशील है। इस कड़ी में खबरों के अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और धार्मिक पहलुओं से जुड़ी जानकारी पाठकों के लिए हितकारी है। यदि शिक्षा और प्रतियोगिता पूरक परीक्षाओं से जुड़ी जानकारी का कॉलम भी शुरू किया जाए तो युवा वर्ग भी अखबार के लिए आकर्षित होगा।



**प्रदीप ममगई, सोलन**
**मो. +91 98169 07282**

**अनंत** ज्ञान समाचार पत्र न केवल प्रिंट, बल्कि डिजिटल फॉर्मेट में भी अपनी पत्रकारिता बखूबी निभा रहा है। हालिया दिनों में भारत पाकिस्तान के बीच बने युद्ध के हालात पर अनंत ज्ञान ने बड़ी सावधानी से खबरों के चयन किया। अनंत ज्ञान समाचार पत्र और डिजिटल टीवी ने पाठकों में अपनी विश्वसनीयता कायम की है। साथ ही मीडिया के तौर पर अपनी अहम भूमिका निभाई। अनंत ज्ञान नवाचार की तरफ भी ध्यान दे रहा है। इससे पाठकों को रोचकता बनी रहती है। खासबात है कि अनंत ज्ञान में प्रदेश भर की सभी खबरें एक साथ पढ़ने को मिल रही है। प्रबंधन को डिजिटल फॉर्मेट में एआई तकनीक को अपनाने के साथ कंटेंट पर ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही फिल्ड रिपोर्ट को भी बढ़ाया जा सकता है।



**शशि वर्मा, सोलन**
**मो. 94180–74074**

**मैं** कश्मीर ठाकुर जिला ऊना के गांव मरोट पंचायत हटली केसरु का स्थायी निवासी हूं। किसान होने के साथ–साथ गांव का जिम्मेदार नागरिक भी हूं। इस क्षेत्र में परिवहन सुविधा सामान्य से अभी कम है, किंतु संतोषजनक स्थिति में नहीं है। सड़कों की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है, लेकिन बहुत ही धीमी गति से हो रहा है। महोदय हमारे क्षेत्र में अधिकांश लोग कृषि कार्य पर निर्भर हैं। यहां लावारिस जानवरों के साथ जंगली जानवरों की समस्या भी प्रमुख है। हमारे गांव मरोट के साथ लगते गांव हटली, दनोह, रवाड, जंडूर, रिट सतरुखा, हहथलोण, हटली पट्यालां पहाड़ी क्षेत्र हैं। जंगली जानवरों खासकर बंदरों, सूअरों और नील गाय की समस्या से सब परेशान हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। कई दफा बारिश अधिक या कम होने से फसल प्रभावित होती है। बेरोजगारी भी प्रमुख समस्या है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित भी होते हैं, लेकिन अखबार का डिजिटल संस्करण ही पढ़ता हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति लेने के लिए बंगाणा उपमंडल मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि मरोट, हटली, दनोह, रवाड, जंडूर, रिट सतरुखा, हहथलोण, हटली पट्यालां में अगर कोई व्यवस्था हो जाए तो इन रूट पर समाचार पत्र पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में शिमला मुख्यालय से अधिकांश समाचार और रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए। महोदय हमारे क्षेत्र में लावारिस और जंगली जानवरों, खासकर बंदरों की समस्या विकराल हो चुकी है। यहां मक्की और गेहूं की प्रमुख फसलें होती हैं, लेकिन कुछ मौसम की मार और रही कसर लावारिस जानवरों द्वारा पूरी कर दी जाती है। हालांकि बंदरों की समस्या के लिए वन विभाग द्वारा प्रयास किया जाता है, लेकिन समस्या का पूरा हल नहीं हो पाया है। यहां कृषि के कार्य से जुड़े लोग भी अधिक हैं। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं इसलिए किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण नियमित पढ़ता हूं। कभी कभी प्रिंट भी मिल जाता है।



**कश्मीर ठाकुर**
**मो. 8894133919**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज–2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर–176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# चिट्टा व चरस के साथ 3 गिरफ्तार

## मंडी के नगवाईं में किराये के कमरे में रहते हैं हरियाणा के तीनों आरोपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** के नगवाईं क्षेत्र में किराए के कमरे में रह रहे हरियाणा के तीन आरोपियों द्वारा नशे के काला कारोबार चलाए जाने का खुलासा हुआ है। पुलिस थाना औट की टीम ने मौके पर दबिश देकर चेकिंग के दौरान आरोपियों के कब्जे से 18 ग्राम चिट्टा और 357 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आरोपियों की पहचान नरेंद्र (48) पुत्र गोपी राम निवासी गांव व डाकघर नाहरी तहसील और जिला सोनीपत, हरियाणा, विशाल (25) पुत्र अशोक कुमार निवासी मकान नंबर-182, गांव व डाकघर राजपुरा तहसील व जिला सोनीपत हरियाणा और अंशु (20) पुत्र नरेंद्र निवासी गांव व डाकघर बरोदा ठूथान तहसील गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा के तौर पर हुई है। तीनों आरोपी नगवाईं के रहने वाले राजेंद्र देव शर्मा पुत्र बिशन दास की दुकान की ऊपर वाली मंजिल में रहते थे। जहां से पुलिस टीम ने उन्हें नशे की बड़ी खेप के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना औट में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा।

## म्याह माता मंदिर में चोरी का प्रयास

**सुनील शर्मा, गोहर**

**गोहर** उपमंडल मुख्यालय में स्थित म्याह माता मंदिर में चोरी करने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। सोमवार को एक चोर मंदिर में आया और दानपात्र को लोहे के रॉड नुमा हथियार से तोड़ने का प्रयास किया। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। दानपात्र से कितनी राशि चोरी हुई है अभी पता नहीं चल पाया है। मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष दीप गुप्ता ने चोरी की घटना की पुष्टि की है। कमेटी के चेयरमैन महेश गुप्ता ने बताया कि चोर ने मंदिर के आसपास के दानपात्रों से चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना के बारे में गोहर पुलिस को सूचना दी गई व पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले ली है। उन्होंने बताया कि चोरी करने वाले व्यक्ति की पहचान भी हो गई है। पुलिस ने आरोपी के घर पर दबिश दी, लेकिन वह घर पर नहीं मिला। बताया जा रहा है कि आरोपी मानसिक तौर पर परेशान रहता है। (अनंत ज्ञान)



सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ चोर।

## स्कूटी की टक्कर से महिला घायल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** शहर में सड़क पार कर रही एक महिला को स्कूटी सवार ने टक्कर मार दी। इससे महिला जख्मी हो गई। महिला की पहचान शीला देवी के रूप में हुई है। पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत में दुनी चंद निवासी गांव छ्युड़ डाकघर पौड़ा कोठी ने आरोप लगाया कि 10 मई को उनकी मौसी शीला देवी उनके घर आई थी। बीते रविवार को वह अपनी पत्नी लीला देवी व शीला देवी के साथ सेरी कोठी गाड़ी में जा रहे थे। सुंदरनगर बस अड्डा के पास सामान खरीदने के लिए सड़क को पार कर रहे थे कि भोजपुर बाजार की तरफ से आ रहे स्कूटी चालक ने शीला देवी को टक्कर मार दी। आरोपी स्कूटी चालक की पहचान मंजुल गांव कलौहड़ के रूप में हुई है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लोअर महादेव में खोदी नाली बनी जानलेवा

**भीम बसेड़ू, महादेव**

**नाचन** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव लोअर महादेव से संपर्क करता ग्राम पंचायत महादेव का ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल महादेव जुड़ता तो जरुर है, मगर आज बीबीएमबी नहर के साथ की यह सड़क अपनी बदहाली पर वर्षों से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है।

वहीं एक मकान बनाने वाले ने खुदाई इतनी अधिक कर दी कि संबंधित विभाग की पक्की नाली का एक बड़ा भाग धूल धूसरित कर दिया और अब नाली का गंदा पानी इसी व्यक्ति के मकान स्थल में ही बह रहा है। वहीं इस लापरवाही का खामियाजा वाहन चालकों आदि को भुगतान पड़ रहा है, क्योंकि सड़क संकरी हो गई है। बता दें कि धड़ाम हुई नाली को करीब छह माह हो गए हैं और थोड़ी सी भी चूक होने पर वाहन नीचे गहरे में जा गिरेगा जिससे भयंकर किस्म की जान माल की हानि हो सकती है। यही नहीं गड्ढों की गिरफ्त में पड़े इस मार्ग को भी अगर समय रहते नाली संग बड़े पैमाने पर सुधार न किया गया तो यह सड़क मार्ग भी धड़ाम होकर औंधे मुंह गिर सकता है। जिससे यह सड़क मार्ग सुविधा बंद हो जाएगी।

लोगों ने संबंधित विभाग व उपायुक्त मंडी से मांग की है कि शीघ्र ही नाली सहित सड़क का सुधार स्तरीय ढंग से करने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं। (अनंत ज्ञान)



लोअर महादेव में मकान बनाने वाले व्यक्ति ने सड़क किनारे खोदी गहरी नाली।

# चौहार और छोटा भंगाल घाटी में पंचायत चुनाव की सुगबुगाहट तेज

**रूपी ठाकुर, बरोट**

**प्रदेश** में इस वर्ष के अंत में पंचायत के चुनाव होने हैं मगर अभी से ही पंचायत के चुनावों के लेकर लोगों के बीच सुगबुगाहट तेज हो गई हैं।

चौहार घाटी तथा छोटा भंगाल घाटी में लोग आजकल चार साल पहले चुने हुए पंचायत के प्रधानों, उपप्रधानों, वार्ड सदस्यों, बीडीसी सदस्यों तथा जिला परिषदों द्वारा किए गए विकास कार्यों की चर्चा कर कई चुने हुए प्रतिनिधियों के कामों की सराहना कर रहे हैं तो कई ऐसे भी प्रतिनीधि है जिन्हें लोग नकारा बताकर उनके दिल की धड़कनों को बढ़ा रहे हैं। चुने हुए प्रतिनिधियों में कुछ अभी से ही लोगों के बीच अपनी मजबूत पकड़ बनाकर दोबारा चुनाव लड़ने के सपने पाले हुए हैं। कुछ लोग रोस्टर के इंतजार में हैं कि कौन-कौन सी सीटें रिजर्व रहेगी और कौन -कौन सीटें ओपन रहेगी उसके बाद ही वे चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी में हैं।

इस वर्ष होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में खासकर प्रधान पद, बीडीसी तथा जिला परिषद व वार्ड सदस्य के पद के लिए कई नए लोग अभी से ही चुनाव लड़ने का मन बनाए हुए हैं। कुछ लोग नए लोगों को चुनावी मैदान में उतरने को कह रहे है तो कुछ लोग पुराने अनुभवी लोगों को चुनाव लड़ने के लिए सही बता रहै हैं। लोगो की उत्सुकता व पंचायत चुनावों के लिए अभी से युवाओं की दिलचस्पी को देखते हुए सही में ही इस वर्ष होने वाले पंचायती चुनाव काफी रोमांचकारी होने वाले हैं। (अनंत ज्ञान)

# जोगिंद्रनगर में झूठे प्रचार पर भाजपा का पलटवार, सीबीआई जांच की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**चौंतड़ा** भाजपा मंडल ने सोमवार को प्रेसवार्ता की, इसमें मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार और प्रवक्ता केहर सिंह चौहान ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ जोगिंद्रनगर क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर टिप्पणी की। उन्होंने जोगिंद्रनगर में एक कथित नेता द्वारा फैलाए जा रहे झूठे और भ्रामक प्रचार की आलोचना करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की।

भाजपा नेताओं ने कांग्रेस की हालिया प्रेसवार्ता का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष ने अपने ही साथी पर तबादला धंधे, ठेकेदारों से ठगी और गुंडागर्दी जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। यह कांग्रेस की अंदरूनी सच्चाई और नेतृत्व की कमजोरी को उजागर करता है। नेताओं ने सवाल उठाया कि जो व्यक्ति कानून की पढ़ाई करता है, वह स्वयं कानून का मजाक कैसे बना सकता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि जिसे सर्वोच्च शक्ति और महाशक्ति में अंतर नहीं पता, वह क्षेत्र का नेतृत्व करने योग्य नहीं है। उन्होंने प्रकाश राणा के नेतृत्व में क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी गई। नेताओं ने उपेक्षित संस्थानों, जनहित योजनाओं की विफलता और प्रशासन की निष्क्रियता पर चिंता जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि थाना, उप अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी एक नेता की प्रेस वार्ता में शामिल होकर कार्रवाई से इनकार कर रहे हैं। अंत में भाजपा ने मांग की कि जोगिंद्रनगर क्षेत्र में हो रहे भ्रष्टाचार की उच्च स्तर की सीबीआई जांच करवाई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके।



जोगिंद्रनगर में चौंतड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष व प्रवक्ता प्रेसवार्ता करते हुए।

## गुब्बारे फुलाने में निशा देवी प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सैनबैहल स्कूल शिक्षा खंड सदर-प्रथम में प्राइमरी व मिडिल स्कूल के बच्चों द्वारा स्टाफ सदस्यों व एसएमसी सदस्यों सहित मातृत्व दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कवयित्री व हिंदी शिक्षिका मंजुला वर्मा मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुई। मुख्य प्रतियोगिताओं में गुब्बारे फुलाने, बाल्टी में बॉल डालना, गुब्बारे से गिलास उठाना, म्यूजिकल चेयर, गिलास के नीचे नींबू ढूंढना आदि रहा। गुब्बारे फुलाने में निशा देवी प्रथम व पूजा द्वितीय, बाल्टी में बॉल डालने में मीनाक्षी प्रथम व कमलेश द्वितीय, गुब्बारे से गिलास उठाने में ज्योति प्रथम तथा सुनीता द्वितीय, गिलास के नीचे नींबू ढूंढने में महेश्वरी प्रथम तथा हंसा देवी द्वितीय, म्यूजिकल चेयर में रशमा प्रथम, डांस में कमलेश प्रथम व किरण कुमारी द्वितीय रही।

# सीमेंट दाम व बस किराया अनियंत्रित सीएम हवाई यात्रा में मस्त: संजय ठाकुर

**अनंत ज्ञान, बरोट**

**केवल** योजनाओं के नाम के आगे 'सुख' लगा देने से वह आम जन के लिए सुखमय और लाभदायक सिद्ध नहीं हो जाती है। उसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना पड़ता है। गत माह चंबा जिला में सुखाश्रय योजना के अंतर्गत शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों की फीस संबंधित शिक्षण संस्थानों को जमा नहीं की गई है जोकि इस योजना की असलियत को दर्शाता है। बैजनाथ भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष संजय ठाकुर ने बताया कि जितना व्यय प्रदेश सरकार के खजाने से इस योजना के प्रचार-प्रसार के होर्डिंग्स पर खर्च किया गया है यदि उससे आधा भी सरकार उपरोक्त छात्रों के हित में व्यय करती तो आज यह परिस्थिति ही उत्पन्न नहीं होती। मगर न तो मुख्यमंत्री को इस बात की चिंता है और न ही सरकार को इससे कोई लेना-देना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू केवल हवाई यात्राओं और गाने बजाने में व्यस्त दिख रहे हैं।



संजय ठाकुर ने कहा कि आज प्रदेश में सीमेंट के दाम अनियंत्रित हो गए हैं वहीं बस किराया व पानी के बिलों में भी काफी बढ़ोतरी कर दी गई है। अस्पतालों में रोगियों को जरूरी दवाइयां नहीं मिल पा रही हैं। बेरोजगार युवा सरकारी प्रतियोगी परीक्षाएं न हो पाने के कारण दर-दर भटकने को विवश हैं। आज प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, मगर प्रदेश सरका अपनों को लाभ देने में ही व्यस्त है।

# भारत की विजयश्री के लिए किया चंडी यज्ञ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**धर्म** संघ, श्री भूतनाथ मंदिर मंडी द्वारा सोमवार को सुबह 11 बजे पूर्वाह्न माता सिद्धकाली, मंदिर परिसर, इंदिरा मार्केट मंडी में भारत के वीर सैनिकों के शौर्य को बल देने और भारत की विजयश्री का मार्ग प्रशस्त करने के लिए सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के सानिध्य में व वीरेंद्र भट्ट महापौर नगर निगम मंडी की उपस्थिति में सहस्त्र चंडी यज्ञ का आयोजन संपन्न हुआ। इसमें वीरेंद्र भट्ट मुख्य यजमान रहे।



धर्म संघ श्री भूतनाथ मंदिर छोटी काशी मंडी के सभी सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे। नगर के सभी प्रबुद्ध नागरिक और सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के प्रमुख व सदस्यों ने उपस्थित होकर देश की इस पराक्रम की घड़ी में भारत की विजयश्री के लिए यज्ञ में भाग लिया। जिसमें ब्राह्मण सभा, वीर मंडल, सनातन धर्म सभा, राजपूत सभा, विश्वकर्मा सभा, नागरिक सभा आदि। वीर मंडल के प्रधान चंद्रशेखर वैद्य ब्राह्मण सभा के प्रधान हरीश, पुष्पराज कात्यायन, सनातन धर्म सभा के प्रधान रवि वैद्य, किशोरी लाल, सैनिक लीग के प्रधान कैप्टन हेत राम, महासचिव कैप्टन वीरी सिंह, अनुपमा सिंह गणमान्य उपस्थित रहे। साढ़े 12 बजे के शुभ मुहूर्त पर पूर्णाहुति दी गई। धर्म संघ के यजमान भीमचंद सरोच हरीश वैद्य, डॉ. ओम राज शर्मा, कैप्टन ज्ञान चंद सैनी, नरेश धीमान रहे अन्य सदस्यों ने भी परिवार सहित भाग लिया।

इसमें मुरारी लाल शर्मा, महेंद्र पाल राणा, प्रकाश धीमान मातृ शक्ति से उमा सरोच, आशा सैनी, रंजना शर्मा, मंजू शर्मा, आरके शर्मा, गीतांजलि, हेमराज सैन, पारस अरोड़ा, अनुपम टंडन, नीरज हांडा, पुरोहित अमर चंद शर्मा ने यज्ञ को संपन्न करवाया।

# सेवानिवृत्त कर्मी संगठन की मजबूती के लिए सुनिश्चित करें सक्रिय भागीदारी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**हिम आंचल पेंशनर संघ की मासिक बैठक संपन्न**

**हिम** आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंद्रनगर-चौंतड़ा खंड की मासिक बैठक सोमवार को मिनी सचिवालय जोगिंद्रनगर के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रधान नेक राम शास्त्री ने की। बैठक में सदस्यता अभियान को जोरदार ढंग से चलाने का निर्णय लिया गया।

नेक राम शास्त्री ने कहा कि जोगिंद्रनगर-चौंतड़ा खंड से अधिक से अधिक संख्या में पेंशनर सदस्य बनें, ताकि जिला मंडी में आगामी राज्य स्तरीय चुनावों में क्षेत्र की प्रभावशाली भूमिका सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने उपमंडल के सभी सेवानिवृत्त कर्मियों से अपील की कि वे संगठन की मजबूती के लिए अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। नेक राम शास्त्री ने बताया कि जिला स्तरीय चुनाव 15 मई तक संभावित हैं, जिसके लिए सभी सदस्यों को तैयार रहने का आह्वान किया। बैठक में उपस्थित पेंशनर सदस्यों ने पाकिस्तान में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना की कार्रवाई का स्वागत किया और पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या का करारा जवाब देने के लिए सेना के पराक्रम को नमन किया।

बैठक में जिला उपप्रधान रविंद्र शर्मा, मुख्य सलाहकार सुभाष ठाकुर, खंड वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश वर्मा, गोपाल चंद शर्मा और दान सिंह ठाकुर ने संगठन की मजबूती पर अपने विचार रखे।

## धर्मपुर एफपीओ का तीसरा वार्षिक अधिवेशन सजाओपीपलू में आयोजित

# 60 लाख का व्यापार करने का रखा लक्ष्य

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**1537 सदस्यों में से 677 महिलाओं ने ली सदस्यता**

**धर्मपुर** एफपीओ का तीसरा वार्षिक अधिवेशन अंबेडकर भवन सजाओपीपलू में आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता सुरेश पठानिया, सत्तपाल चौहान और रजनी सकलानी ने की, जिसमें एनसीडीसी शिमला के रीजनल डॉयरेक्टर भूपेंद्रा मंडावी ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एनसीडीसी ने एफपीओ के लिए 15 लाख रुपए की लागत से हल्दी पाउडर बनाने का प्रोसेसिंग सेंटर स्वीकृत कर दिया है और जल्दी ही ये यूनिट यहां स्थापित हो जाएगा।

उन्होंने एफपीओ धर्मपुर को दो साल में जो उपलब्धि हासिल हुई है वो सराहनीय है। नाबार्ड के अधिकारी शिमला के डॉ. गौरवदीप, खाद्य विशेषज्ञ डॉ. हरदयालसिंह गुलेरिया, प्रो. किशोर खोसला, जोगिंद्र वालिया, ब्रिजलाल शर्मा इत्यादि ने बतौर स्रोत व्यक्ति भाग लिया।

एफपीओ के उपाध्यक्ष रणताज राणा ने अतिथियों सबका स्वागत किया। सचिव भूपेंद्र सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की, जिसमें बताया गया है प्रथम वर्ष में एफपीओ के सदस्य 103 दूसरे साल में 552 और तीसरे साल में 1537 हो गए हैं जिनमें 677 महिलाएं हैं। इस वित्त वर्ष के पहले महीने में 200 और शेयरहोल्डर्स बन गए हैं और अब तक कुल 1700 शेयर होल्डर बन गए हैं। इसके अलावा एफपीओ ने छह महिला एग्रो प्रोसेसिंग सेंटर स्थापित करके उन्हें खड्य सुरक्षा कानून के तहत एफएसएसएआई लाइसेंस प्राप्त करके आये प्रदायक गतिविधियों के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया है और इन सेंटरों ने 15 लाख रुपए से अधिक का कारोबार किया है जिनमें सौ से ज्यादा महिलाओं को आजिविका कमाने का अवसर मिला है। वार्षिक रिपोर्ट में बताया गया कि गत साल एफपीओ ने 26 लाख का कारोबार किया है जिसमें 1.31 लाख का प्रॉफिट हुआ है।

इस साल 60 लाख का कारोबार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके लिए सामग्री की पैकिंग और मार्केटिंग कि गुणवत्ता सुधारने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा

# जय मां दुर्गा कॉलेज जोगिंद्रनगर में फ्लोरेंस नाइटिंगेल को किया नमन

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

**छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर मोहा सबका मन**

**अंतरराष्ट्रीय** नर्सिंग दिवस के उपलक्ष्य में जय मां दुर्गा कॉलेज ऑफ नर्सिंग जोगिंद्रनगर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर कॉलेज परिसर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य गुरमीत कौर रहीं, जिन्होंने अपने अनुभव और मार्गदर्शन से छात्राओं को प्रेरित किया। कॉलेज की प्रधानाचार्य छविता और संस्थान के निदेशक डॉ. राकेश धरवाल ने मुख्यातिथि गुरमीत कौर को सम्मानित किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन समिति के सदस्य सुरेंद्र काचरू भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर फ्लोरेंस नाइटिंगेल को विशेष रूप से याद किया गया, जिन्हें आधुनिक नर्सिंग की जननी कहा जाता है। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। नृत्य, नाटिका और कविता पाठ जैसे विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से नर्सिंग सेवा की महत्ता को रेखांकित किया गया। अंत में कॉलेज प्रशासन की ओर से सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन छात्राओं के लिए न केवल एक प्रेरणास्पद अनुभव रहा, बल्कि उन्हें नर्सिंग पेशे की गरिमा और जिम्मेदारियों का भी एहसास दिलाया। (अनंत ज्ञान)

# बच्चों को जागरूक व सक्रिय नागरिक बनने के लिए किया प्रेरित

## डीएवी सेंटेनरी स्कूल मंडी में तीन दिवसीय आईआईएमयूएन मंडी सम्मेलन का समापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**डीएवी** सेंटेनरी पब्लिक स्कूल मंडी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आईआईएमयूएन मंडी सम्मेलन का गरिमामयी और प्रेरणादायक वातावरण में सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैश्विक मुद्दों पर आधारित समिति चर्चाओं के माध्यम से नेतृत्व, कूटनीति और संप्रेषण कौशल विकसित करने का एक सशक्त मंच प्रदान करना था।

समापन समारोह के मुख्यातिथि सेवानिवृत्त मंडी नगर निगम आयुक्त एचएस राणा (एचएएस) रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्साह और लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ की सराहना की तथा उन्हें जागरूक और सक्रिय नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। सम्मेलन में छह समितियों एचपीएलए, लोकसभा, यूएनडब्ल्यू, आईपीएल, डीआईएसईसी और आईसीआईजे का संचालन हुआ, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। एचपीएलए समिति में गौरी को बेस्ट डेलीगेट घोषित किया गया, जबकि रविंद्र कुमार ठाकुर (हाई कमेंडेशन), मैरी पराशर (स्पेशल मेंशन) तथा परिशा महाजन व अनिका को वर्बल मेंशन से नवाजा गया।



सम्मेलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

लोकसभा समिति में विभोर को बेस्ट डेलीगेट घोषित किया गया, साथ ही हरनाम सिंह, सार्थक कपूर, हितार्थ कपूर और ऋधिमा को भी सम्मानित किया गया। यूएनडब्ल्यू समिति में अध्य को सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि घोषित किया गया, जबकि ऐशान्या, दीपाक्षी कपूर, तेजस्विनी सिंह और अवंतिका ठाकुर को भी प्रशंसा प्राप्त हुई। आईपीएल समिति में नवजीत कौर को बेस्ट डेलीगेट चुना गया, वहीं एकलव्य बहल, एपी आदि शंकरन, दक्ष आहूजा और अभय ठाकुर को विशेष सराहना मिली। डीआईएसईसी समिति में अन्वी को सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि घोषित किया गया और सान्वी सिंह, नलिनी, कृष्णा शर्मा तथा श्रिय को भी सम्मानित किया गया।

आईसीआईजे समिति में अंकिता ठाकुर को बेस्ट जर्नलिस्ट और केसांग को बेस्ट फोटोग्राफर का पुरस्कार मिला। सर्वश्रेष्ठ समग्र प्रदर्शन पुरस्कार डीएवी सुंदरनगर को उनकी विभिन्न समितियों में उत्कृष्ट भागीदारी के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने आईआईएमयूएन मंडी की मेजबानी पर गर्व व्यक्त किया और सभी को बधाई दी।

# इंडियन आइडल फेम अनुज शर्मा व जानी ठाकुर के गानों पर झूमेंगे भक्त

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**धर्मपुर** क्षेत्र की प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री जालपा माता सक्रैणधार में मंगलवार को विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया जा रहा है। इस जागरण में इंडियन आइडल फेम पहाड़ी और बॉलीवुड गायक अनुज शर्मा, हिमाचल गोट टैलेंट फाइनलिस्ट एवं नाटी क्विन जानी ठाकुर और पंजाब के प्रसिद्ध आशु सिंह और उनकी पार्टी मां की भेंटों से भक्तों का मनोरंजन करेंगे।

मंदिर जागरण और निर्माण कमेटी के सदस्य संजय ठाकुर और बलदेव ठाकुर ने बताया कि 35 वर्षों से लगातार जारी इस जागरण को अमृतसर जालंधर डगसाई चंडीगढ़ और नाभा के भक्तों के सहयोग से आयोजित करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम 4 बजे



**श्री जालपा माता सक्रैणधार में भगवती जागरण आज**

पूर्ण आहुति देने के बाद शाम 5 बजे विशाल लंगर का आयोजन किया जाएगा रात 8 बजे ज्योति प्रचंड करने के साथ ही 8:30 बजे जागरण प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र भर के लोगों से इस पावन कार्य में परिवार सहित भाग लेकर मां जालपा का आशीर्वाद प्राप्त करके अपने जीवन को समृद्ध एवं धन्य बनाने का आह्वान किया है।

# रोहतक के सोमवीर ने जीता टिहरा दंगल

## बड़ी माली में पंजाब के अशमीर को दी मात, जतिन रहे छोटी माली के विजेता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**जय** लखदाता दंगल कमेटी टीहरा के सौजन्य से टीहरा में 11वें दंगल का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में सकोहटा गांव के सेवानिवृत्त कर्नल विधि चंद वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

वहीं महिलाओं की कुश्ती में ठाणा गांव की सानिगधा ने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिद्वंदियों को पछाड़ा। वही सनिग्धा के भाई रूद्रा ने भी अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाए। यह दोनों भाई वहन क्षेत्र के ठाणा गांव से संबंध रखते हैं व दोनों भाई बहन अपने-अपने भार वर्ग में कुश्ती में नेशनल व स्टेट चैंपियन रहे हैं।

इसके अलावा बड़ी माली के लिए रोहतक के सोमवीर व पंजाब के अशमीर के बीच मुकाबला हुआ, इसमें सोमवीर ने माली पर कब्जा जमाया। विजेता को कमेटी द्वारा 25,000 रुपए तथा उपविजेता को 20,000 की राशि प्रदान की गई। वहीं छोटी माली के लिए मंडी के जतिन और उत्तर प्रदेश के तुषार के बीच में मुकाबला हुआ, जिसमें जतिन ने विजय प्राप्त की और उन्हें 11000 रुपए तथा उपविजेता को 9000 की राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने मेला कमेटी को 21000 रुपए दान स्वरूप प्रदान किए। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष अश्वनी राणा, उपाध्यक्ष मूलराज, महासचिव यश पठानिया, कोषाध्यक्ष संजय चंदेल, राजकुमार चौहान, दिलेराम, ओमचंद, धर्मवीर, सतपाल चौहान, देशराज पठानिया, भूपेंद्र सिंह, सुखदेव शर्मा, पृथी पाल, जगदीश, हंसराज सहित कई मौजूद रहे।



टीहरा दंगल के विजेता व उपविजेता पहलवानों को सम्मानित करते हुए आयोजक।

**मदद** रंडौल गांव के राजमिस्त्री के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए मिली 84 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

# कामगार कल्याण बोर्ड से मिली मदद ने संजोया बेहतर भविष्य

**अनंत ज्ञान, करसोग**

**दीवारों** पर ईंट-गारा लगाते जो हाथ दिन-रात मेहनत में रमे रहते हैं, उन्हीं हाथों ने अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का सपना भी गढ़ा है। करसोग की उप-तहसील बगशाड के रंडौल गांव के राजमिस्त्री लीला नंद के लिए बच्चों को ऊंची शिक्षा दिलाना एक ऐसा सपना था, जिसे उन्होंने कभी खुली आंखों से देखने की हिम्मत नहीं की थी। लेकिन हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड ने लीला नंद के सपने को न सिर्फ हकीकत में बदला, बल्कि उनके बेटे और बेटी को आत्मनिर्भर बनने की राह पर भी आगे बढ़ाया।

लीला नंद ने बताया कि बोर्ड की ओर से उनके बच्चों को शिक्षा के लिए लगभग 84 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि बोर्ड की ओर से उनके बेटे साहिल को इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में आईटीआई की पढ़ाई के लिए 48 हजार रुपए और उनकी बेटी अंजली को ग्रेजुएशन की पढ़ाई के लिए 36 हजार रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की गई। इससे बेटी ने अपनी ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की है। उन्होंने बताया कि बेटा आज एसजेवीएनएल में अप्रेंटिसशिप कर रहा है।

### इनको मिलेगी सहायता

**ऐसे** व्यक्ति जो किसी भवन या निर्माण कार्य में कुशल, अर्द्धकुशल के रूप में या मैनुअल, लिपिकीय कार्य, सुपरवाईजर या तकनीकी, वेतन या पारिश्रमिक के लिए कार्य करते है। जैसा कि मिस्त्री, पेंटर, प्लम्बर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, कारपेंटर, मजदूर व हेल्पर आदि कामगार की श्रेणी में आते हैं और हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।



कामगार कल्याण बोर्ड से मिली मदद के लाभार्थी।

### होनहार बच्चे अपने सपनों से न रहें वंचित

**सीएम** सुक्खू के संवेदनशील नेतृत्व में प्रदेश सरकार का यह संकल्प है कि कोई भी होनहार बच्चा केवल संसाधनों की कमी के कारण अपने सपनों से वंचित न रहे। कामगार कल्याण बोर्ड जैसे प्रयास इसी दिशा में एक मजबूत कड़ी हैं, जो राज्य के निर्माण में लगे मजदूरों को सिर्फ सुरक्षा ही नहीं, सम्मान और संभावनाओं से भरा भविष्य भी देते हैं।

### मदद न मिलती तो नहीं पढ़ पाते बच्चे : पिता

**लीला** नंद का कहना है, अगर सरकार की आर्थिक मदद नहीं मिलती तो बच्चे पढ़ नहीं पाते। आज उन्हें आगे बढ़ते देख कर लगता है कि मेहनत रंग लाई है। उनका कहना है कि यह कहानी न केवल एक परिवार की सफलता का प्रतीक है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सरकारी योजनाएं जब ज़रूरतमंदों तक पहुंचती हैं, तो वे जीवन को संवार सकती हैं।

# गोलाबारी में गंभीर जख्मी जवानों की मांगी जल्द सलामती की दुआ

**अनंत ज्ञान, ऊना**


व्यास देव


गुरनाम सिंह

जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी पर तैनात ऊना जिले के दो जवान पाकिस्तान हमले में घायल हुए हैं। इनमें एक 7 बटालियन बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) के एसआई व्यास देव पुत्र प्रेमचंद, जो जिला ऊना, तहसील हरोली के गांव बाथू के निवासी हैं, उधर, भारतीय सेना की सिख रेजिमेंट के जवान गुरनाम सिंह निवासी छेत्रा, ऊना भी घायल हुए हैं। राजोरी में ड्यूटी के दौरान एक बम धमाके में गुरनाम सिंह के सिर पर चोट आई है। जानकारी के मुताबिक शनिवार रात को पाकिस्तान की ओर से की गई अचानक गोलाबारी में व्यास देव गंभीर रूप से घायल हो गए। व्यास देव की पोस्टिंग आरएस पुरा, जम्मू-कश्मीर में है।

बताया जा रहा है कि पाकिस्तान की शेलिंग में व्यास देव के पास ब्लास्ट हुआ और व्यास देव बुरी तरह से जख्मी हो गया और व्यास देव की टांग काटनी पड़ी ओर छाती में बम के छर्रे लगे। व्यास देव इससे पहले पंजाब के अबोहर में ड्यूटी दे रहे थे। व्यास देव की प्रमोशन हुई थी और एसएसआई से एसआई बन गए थे। अब व्यास देव की पोस्टिंग जम्मू-कश्मीर में थी। यह भी पता चला है कि वे 15 अप्रैल को 20 दिन की छुट्टी काट कर गए थे। हमले के दौरान व्यास देव को गंभीर चोटें आईं और उन्होंने अपनी टांग खो दी। उनका इलाज जम्मू-कश्मीर के सैन्य अस्पताल में चल रहा है।

व्यास देव इसी वर्ष बीएसएफ से अपनी लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त होने वाले थे। इस घटना के बाद ग्राम पंचायत बाथू की प्रधान सुरेखा राणा और समस्त गांववासियों ने व्यास देव के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। पूरा गांव उनके परिवार के साथ इस कठिन समय में खड़ा है। गौरतलब है कि व्यास देव ने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए देश की सेवा में अपनी जान की परवाह नहीं की। यह घटना पूरे क्षेत्र के लिए दुखद और गौरवपूर्ण दोनों है और उनकी जल्द सलामती की दुआ कर रहा है।

# दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान

## पीड़ित स्कूटर मैकेनिक को विधायक ने दी 50 हजार की आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के समूर में एक दुखद घटना सामने आई, जब स्कूटर मैकेनिक जसवंत सिंह पुत्र बलदेव सिंह की दुकान में अचानक आग लग गई। यह दुकान समूर बाजार के समीप स्थित है और पीड़ित जसवंत सिंह लंबे समय से यहां स्कूटर और मोटरसाइकिल मरम्मत का कार्य करता था। लगभग तीन लाख के नुकसान का अनुमान है। अचानक दुकान में आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान में रखी दो मोटरसाइकिलें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। इसके अलावा दुकान में मौजूद अन्य उपकरण और स्पेयर पार्ट्स भी आग की भेंट चढ़ गए।


विधायक विवेक शर्मा नुकसान का जायजा लेते हुए।

प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, दुकान को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है, हालांकि किसी प्रकार की जानी नुकसान की सूचना नहीं है। हालांकि समय रहते आग पर काबू पाया और आसपास की दुकानों या घरों तक आग को फैलने से रोका। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट को इसका संभावित कारण माना जा रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही कुटलैहड़ विधान सभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा स्वयं मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित जसवंत सिंह से मुलाकात की और उनका ढांढस बंधाया। विधायक ने पीड़ित को तत्काल राहत प्रदान करते हुए 50,000 रुपए की आर्थिक सहायता दी और यह आश्वासन भी दिया कि प्रशासनिक स्तर पर हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। जसवंत सिंह जैसे मेहनतकश लोगों के लिए यह हादसा बहुत बड़ी क्षति है। सरकार और प्रशासन की तरफ से हरसंभव मदद दी जाएगी ताकि वह दोबारा अपने व्यवसाय को शुरू कर सकें। स्थानीय दुकानदारों एवं लोगों ने विधायक विवेक शर्मा द्वारा की गई त्वरित सहायता की सराहना की और प्रशासन से मांग की कि अग्निकांड जैसी घटनाओं से निपटने के लिए क्षेत्र में आग से बचाव की व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए। अभी प्रशासन द्वारा दुकान में हुए कुल नुकसान का आकलन किया जा रहा है और पीड़ित को सरकार की अन्य राहत योजनाओं से भी जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

यह घटना न सिर्फ एक व्यक्ति की निजी क्षति है, बल्कि यह दर्शाती है कि छोटे दुकानदारों के लिए आग जैसी घटनाएं किस कदर विनाशकारी हो सकती हैं। प्रशासन और समाज दोनों को ऐसे समय पर साथ आकर पीड़ितों की मदद करनी चाहिए। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दादागिरी : शराब ठेकेदार ने होटल मालिक पर 15 बाउंसरों के साथ किया हमला

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**दुकानदारों और व्यवसायियों ने की कार्रवाई की मांग**

उपमंडल बंगाणा मुख्यालय शराब के ठेकेदार की गुंडागर्दी का उस समय गवाह बना, जब रविवार शाम करीब सात बजे एक स्थानीय होटल मालिक पर हमला किया गया। पीड़ित होटल मालिक राजेश कुमार उर्फ लाली ने थाने में दर्ज कराई शिकायत में आरोप लगाया है कि बंगाणा रेंज के शराब कारोबारी ने अपने साथ 15 बाउंसर लेकर उस पर हमला करवाया। यह घटना न केवल हैरान कर देने वाली है, बल्कि स्थानीय लोगों में भारी दहशत फैलाने वाली भी साबित हुई है।

पीड़ित राजेश कुमार जो बंगाणा में फूट प्वाइंट नामक होटल चला रहे हैं, ने बताया कि शराब ठेकेदार और उसके साथ आए 15 से ज्यादा हथियारबंद बाउंसरों ने उनके होटल में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई, उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया गया और जान से मारने की कोशिश गई। हमले के बाद राजेश कुमार खुद थाना बंगाणा पहुंचे और प्राथमिक के बाद राजेश कुमार को प्राथमिक चिकित्सा के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसका मेडिकल परीक्षण किया गया। होटल मालिक और शराब ठेकेदार के बीच कोई बाद विवाद किसी बात को लेकर नहीं था। मीडिया ने जब शराब ठेकेदार से संपर्क कर घटना के बारे में पूछा गया, तो उसका जवाब और भी चौंकाने वाला था। उसने कहा ऐसे ही होता है। कोई गलत करेगा तो उससे सबक सिखाया जाएगा। इस घटना के बाद बंगाणा कस्बे में दहशत का माहौल है।

स्थानीय दुकानदारों और होटल व्यवसायियों का कहना है कि अगर प्रशासन ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई नहीं की तो आने वाले समय में शराब माफिया और भी ज्यादा बेलगाम हो जाएंगे। कुछ स्थानीय नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने घटना की निंदा की है और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि ठेकेदार और उसके साथियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। घटना के बाद थाना बंगाणा में मामला दर्ज कर लिया गया है और पीड़ित का लेडिकल करवाया गया है, लेकिन अभी तक ठेकेदार व उसके बाउंसरों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

# राम कुमार ने घायल जवान का पूछा कुशलक्षेम

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के हमले में घायल बाथु गांव के सीमा सुरक्षा बल में तैनात व्यास देव संधु जोकि आरएस पूरा जम्मू कश्मीर में पाकिस्तानी गोलाबारी का मुहंतोड़ जवाब दे रहे थे, इस गोलाबारी में घायल हो गए थे, के घर प्रो. राम कुमार ने जाकर उनकी पत्नी परमजीत कौर व उनके पुत्र मुकेश कुमार से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना।


गंभीर घायल का घर जाकर कुशलक्षेम पूछते रामकुमार व अन्य।

रामकुमार ने उनको हिम्मत मे देते हुए कहा कि पूरे क्षेत्र को व्यास देव जी पर नाज है कि उन्होंने दुश्मनों से लोहा लेते हुए घायल हुए हैं व भारत माता की रक्षा में उनका अहम योगदान दिया है, उसके लिए पूरा देश उनके इस पराक्रम का ऋणी है व पूरा देश उनकी सलामती के लिए दुआ कर रहा है व जल्द ठीक होकर अपने घरवालों के बीच पहुंचेंगे।

वेद व्यास के घरवालों ने बताया कि किस तरह से दुश्मनों से लोहा लेते हुए वेद व्यास गोलाबारी का शिकार हो गए व गंभीर रूप से घायल हो गए हैं व इस समय हस्पताल में उपचाराधीन हैं। इस मौके पर गोल्डी कौंडल, हरबंस सैनी, हैप्पी संधू, राम कुमार, गोविंद राजपूत, मोहन लाल, सचिन कपिला, अमृत लाल, हैप्पी संधू, शीला देवी, कृष्णा देवी, सरवनी देवी, निर्मला देवी, तिरथो देवी ने भी परिवार को हिम्मत दी व भगवान से प्रार्थना की है कि जल्द स्वास्थ्य होकर घर लौटे।

# डूबने से बिजली बोर्ड कर्मचारी की मौत

**अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल के गांव कुठेड़ा खैरला सोमवार दोपहर एक हादसा पेश आया, जहां स्थानीय स्विमिंग पूल में नहाते समय 32 वर्षीय अजय कुमार की डूबने से मौत हो गई। मृतक अजय पुत्र सोहनलाल, मूल रूप से गांव रेहन (जोल) डाकखाना हरलोक तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर का रहने वाला था और पिछले 14 वर्षों से अंब के 33 केवी विद्युत स्टेशन में कार्यरत था।

अजय सोमवार को भी अपने कुछ साथियों के साथ इसी पूल में नहाने गया था। मंगलवार को दोबारा नहाने के दौरान वह अचानक पानी में डूब गया। कर्मियों ने जब तक उसे बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सिविल अस्पताल अंब में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसडीपीओ वसुधा सूद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विधायक ने पीपलू मेले को लेकर सीएम को दिया निमंत्रण

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने एक बार फिर क्षेत्रवासियों के लिए सांस्कृतिक समृद्धि का द्वार खोल दिया है। इस बार जिला स्तरीय तीन दिवसीय मेला पीपलू मेला 5 से 7 जून तक आयोजित किया जा रहा है, जो पहले की अपेक्षा कहीं अधिक भव्य, आकर्षक और लोक संस्कृति को समर्पित होगा।

इस मेले को और भी गरिमा प्रदान करने हेतु विधायक विवेक शर्मा ने स्वयं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को आमंत्रित किया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि इस आयोजन को राज्य सरकार का भी पूरा सहयोग प्राप्त है। मेले का शुभारंभ 5 जून को बंगाणा रेस्ट हाउस से निकलने वाली शोभायात्रा से होगा। इस शोभायात्रा में विभिन्न विद्यालयों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय सांस्कृतिक समूहों की भागीदारी रहेगी। पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकार, ढोल-नगाड़ों की थाप और रंग-बिरंगी झांकियां इस यात्रा को एक अद्भुत दृश्य में बदल देंगी। शोभायात्रा केवल मेला आरंभ करने का माध्यम नहीं, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक आत्मा की झलक भी होगी। मेले के दौरान विभिन्न विषयों पर प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा।


मुख्यमंत्री सुक्खू को निमंत्रण देते विधायक विवेक शर्मा।

कृषि, हस्तशिल्प, बुनाई, स्थानीय उत्पादों, और महिला स्व-सहायता समूहों के स्टॉल इस मेले की खासियत होंगे। इससे एक ओर जहां स्थानीय कारीगरों को मंच मिलेगा, वहीं आगंतुकों को क्षेत्रीय उत्पादों को जानने और खरीदने का अवसर प्राप्त होगा। इसके साथ ही सरकारी विभाग भी अपने कार्यों और योजनाओं से जुड़ी जानकारी देने हेतु सूचना केंद्र लगाएंगे।

पीपलू मेले के तीनों दिन हिमाचल के प्रसिद्ध कलाकारों और लोक गायकों के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पहाड़ी नाटी, कांगड़ी धाम, संगीत व नाटक—ये सब इस मेले का अभिन्न हिस्सा होंगे। यह आयोजन स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ आगंतुकों को पारंपरिक मनोरंजन की सौगात देगा। इस बार पीपलू मेले में एक विशेष आयोजन के रूप में 'स्टार नाइट' का आयोजन भी रखा गया है, जो बंगाणा में आयोजित होगी। इसमें बॉलीवुड या पंजाबी संगीत जगत के प्रसिद्ध गायक अथवा कलाकारों को बुलाया जाएगा, जिससे युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। यह न केवल मेले को एक नई पहचान देगा, बल्कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रचारित करने में सहायक होगा।

उपमंडल बंगाणा प्रशासन और पुलिस विभाग ने इस आयोजन के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल व स्वच्छता व्यवस्था और एंबुलेंस सेवा जैसे सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। विधायक विवेक शर्मा ने स्वयं तैयारियों की निगरानी करते हुए स्पष्ट किया है कि इस बार पीपलू मेला पहले से अधिक व्यवस्थित, आकर्षक और भव्य होगा।

# ऊना में प्रचंड हुई गर्मी, दो दिन में दो डिग्री उछला पारा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**दोपहर को लू चलने से बढ़ी लोगों की मुश्किलें**

जिले में सोमवार को गर्मी ने प्रचंड रूप दिखाया है। अधिकतम तापमान 38.8 और न्यूनतम 18.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। दिनभर मौसम साफ रहा। लगातार दो दिनों से तेज धूप खिलने से दोपहर के समय गर्मी बढ़ना शुरू हो गई। रविवार से पहले बीते एक सप्ताह से जिले में बादल छाने से मौसम सुहावना बना हुआ था। रविवार को दोपहर के समय गर्म हवाएं चलनी शु- हुई थीं। इससे बचने के लिए वाहन चालक मुंह को ढककर वाहन चलाते हुए नजर आए।

बता दें कि रविवार को जिले के अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में गर्मी बढ़ने ही आशंका जताई है। गर्मी ने फिर जिले में अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। दोपहर के समय चलने वाली लू ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बीते तीन दिनों की बात करें तो सोमवार को जिला मुख्यालय में 38.6 डिग्री सेल्सियस, रविवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जबकि शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, ऐसे में अधिकतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज हुई है। तेज धूप के चलते किसान भी अपनी फसल की सिंचाई करने में जुट गए हैं।

मौसम विभाग ऊना के समन्वयक विनोद कुमार ने बताया कि सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। आगामी दिनों में मौसम के साफ रहने व गर्मी बढ़ने की संभावना है।

# पूरा देश मोदी व सेना के साथ चट्टान की तरह खड़ा : भाजपा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**बोले-युवा कांग्रेस के नेता गलत बयानबाजी कर अपनी राजनीति चमकाने में लगे**

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा और महामंत्री सतवंत सिंह, ऊना मंडल अध्यक्ष रुपिंदर सिंह ने युवा कांग्रेस द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष और संघर्ष विराम को लेकर युवा कांग्रेस द्वारा उठाए गए सवालों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भारत की सरकार स्पष्ट कर चुकी है कि इस मामले में किसी भी प्रकार की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में इस मामले में जैसे अमेरिका के राष्ट्रपति ने अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास किया है, ठीक उसी तरह युवा कांग्रेस के नेता भी अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन हासिल करने के लिए हाथ पैर करने लग गए हैं।

उन्होंने कहा कि भारत में आतंकी हमले का पहली बार यदि किसी ने करारा जवाब दिया तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं। उन्होंने कहा कि सीजफायर पर बड़ी-बड़ी बातें करने वाले युवा कांग्रेस के नेता यह बताएं कि 1947 में भारत के टुकड़े करने वाले लोग कौन थे और भारत को दो हिस्सों में बांटने की क्या जरूरत आन पड़ी थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग जिस परिवार की चाटुकारिता करते आए हैं, उस परिवार ने हमेशा अपने सत्ता के लालच को पूरा करने के लिए देश के हितों की बलि देने का ही काम किया। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस के नेता जनता को यह भी बताने का कष्ट करें कि 1971 की लड़ाई में देश के हजारों जवानों का बलिदान देकर भारत को क्या हासिल हुआ था।

जिस इंदिरा गांधी का महिमामंडन करने का प्रयास किया जा रहा है, उस इंदिरा गांधी ने 1971 की जंग भारत की सेनाओं पर थोपी, जब भारत के जांबाज सैनिकों ने 93000 पाक सैनिकों से आत्मसमर्पण करवाया तो इसी इंदिरा गांधी ने 3 साल तक पाकिस्तानियों मुफ्त की रोटियां खिलाकर वापस बड़ी इज्जत के साथ भेज दिया, जबकि वही इंदिरा गांधी उस वक्त भारत के 54 युद्ध बंदियों को छुड़वाने में नाकाम रही। आज युवा कांग्रेस के तीसमार खान नरेंद्र मोदी पर पाक अधिकृत कश्मीर नहीं लेने का आरोप लगा रहे हैं तो वह बताएं कि इंदिरा गांधी उस वक्त पाक अधिकृत कश्मीर पर कब्जा क्यों नहीं कर सकी, यदि उस वक्त इंदिरा गांधी चाहती तो आज जो बांग्लादेश के रूप में नासूर भारत के लिए बड़ा खतरा बन रहा है, उसे भारत में मिला सकती थी।

इंदिरा गांधी द्वारा थोपी गई उस जंग के बाद क्या दुष्परिणाम इस देश की जनता ने भुगते, युवा कांग्रेस के नेता उनके बारे में बात क्यों नहीं करते। आज जब पूरा देश इस माहौल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश की सेना के साथ चट्टान के रूप में खड़ा होने की वचनबद्धता दोहरा रहा है तो युवा कांग्रेस के नेता अपनी ही राजनीति चमकाने में लगे हैं।

उन्होंने कहा कि देश की सरकार और सेना ने स्पष्ट कर दिया था कि वह आतंकी हमले का बदला लेकर रहेंगे और पाकिस्तान में आतंकी अड्डों को तबाह करके भारत ने अपना काम भी पूरा किया। उसके बाद केवल मात्र पाकिस्तान के हमलों को रोकने का काम किया। उन्होंने कहा कि केंद्र पर सवाल खड़े करने वाले युवा कांग्रेस के नेता 1947 से लेकर आज दिन तक कांग्रेस द्वारा भारत को दिए गए हर नासूर का जवाब देश की जनता को अवश्य दें।

### बोलने से पहले लें वरिष्ठ नेताओं से ज्ञान

उन्होंने युवा कांग्रेस के नेताओं को नसीहत दी कि किसी भी मुद्दे पर बोलने से पहले अपने वरिष्ठ नेताओं से थोड़ा बहुत ज्ञान लेकर आया करें, अन्यथा जिस तरह राहुल गांधी देश भर में परिहास का पर्याय बनकर रह चुके हैं युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों का भी वही हाल होने वाला है। उन्होंने कहा कि 26/11 का हमला किसे याद नहीं है, जब उस हमले का बदला लेने का प्रण भारत की वीर सेना ने लिया तो मनमोहन सिंह मौन क्यों धारण कर गए थे। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों के समय देश पर हुए आतंकी हमले की केवल मात्र कड़े शब्दों में निंदा ही की जाती रही है, लेकिन आज जब पुलवामा और पहलगाम जैसे हमले का बदला लिया जा रहा है तो कांग्रेस के लोगों से यह सहन नहीं हो रहा।

# 'सुमन' कार्यक्रम प्रसव के दौरान महिलाओं की मृत्यु दर करेगा शून्य

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**आशा वर्कर घर-द्वार पर करेंगी जागरूक**

जिले में 'सुमन' कार्यक्रम प्रसव के दौरान महिलाओं की मृत्यु दर को शून्य करने में सहायक होगा। हाल ही में स्वास्थ्य विभाग के सुमन कार्यक्रम के तहत जिलेभर में अभियान चलाया गया है। बताया गया है कि कार्यक्रम के चलते मातृ मृत्यु दर में भी कमी आई है। वर्ष 2023-24 में पांच महिलाओं की प्रसव के दौरान मौत हुई थी, लेकिन वर्ष 2024- 25 में तीन महिलाओं की मौत हुई है। इस दर को शून्य पर लाने के लिए विभाग की तरफ से सुमन कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए विभाग की तरफ से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस कड़ी में गर्भवती महिलाओं और नवजात के स्वास्थ्य को लेकर भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सुमन कार्यक्रम के तहत 59 स्वास्थ्य उपकेंद्र 23 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और पांच नागरिक अस्पताल अधिसूचित किए गए हैं। इसमें गर्भवती महिलाओं की एंटीनेटल केयर एएनसी द्वारा जांच की जा रही है। जिले में चार एएनसी जांच का की दर 91.2 प्रतिशत पहुंच गई है। इसके अलावा आशा वर्कर्स के माध्यम से घर-द्वार पर जाकर महिलाओं को सुमन कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया जा रहा है, साथ ही महिलाओं के प्रसव के लिए सरकारी अस्पताल में समय समय पर जांच करवाने व प्रसव के लिए सरकारी अस्पतालों का ही रुख करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम का मकसद अधिक से अधिक महिलाओं का सुरक्षित प्रसव हो सके और प्रसव के बाद भी प्रसूता महिला व नवजात ही देखभाल स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में सही प्रकार से हो सके। इसे लेकर लगातार विभाग की तरफ से प्रयास किए जा रहे हैं। विभाग के इस कार्यक्रम के के चलते जिले में अस्पतालों में प्रसव दर 96.4 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

**श्रद्धा** कुटलैहड़ के बाबा पहाड़िया मंदिर ऊपरला टांडा में सजा भव्य कीर्तन

# पंजाबी गायक अश्वनी बेमानी के भजनों पर झूमा पंडाल


बाबा पहाड़िया मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार(

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के गांव ऊपरला टांडा बाबा पहाड़िया मंदिर में आयोजित भव्य धार्मिक कार्यक्रम ने श्रद्धा, भक्ति और संगीत से भरे माहौल में हजारों श्रद्धालुओं को एकत्रित किया। झंडा रस्म अदा होने के साथ ही बाबा के गुणगान का सिलसिला शुरू हुआ और पंडाल भक्ति में सराबोर हो गया। बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन के गद्दीनशीन बाबा अशोक कुमार और मैडम अल्का राणा के नेतृत्व में इस आयोजन ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत झंडा रस्म से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में भाग लिया। झंडा रस्म बाबा के प्रति आस्था और समर्पण का प्रतीक मानी जाती है और इसे विशेष धार्मिक मान्यता प्राप्त है। इसके बाद कीर्तन दरबार का आयोजन हुआ, जिसमें देश-प्रदेश के कई नामी फनकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस भव्य दरबार में विशेष आकर्षण रहे पंजाब के प्रसिद्ध भजन गायक अश्वनी वर्मा, जिन्होंने अपनी सुरीली आवाज़ और भक्ति से ओतप्रोत भजनों के माध्यम से बाबा पहाड़िया की महिमा का गुणगान किया।

अश्वनी वर्मा के भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और हर ओर भक्ति की गूंज सुनाई देने लगी। बाबा अशोक कुमार, जो बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन के वर्तमान गद्दीनशीन हैं, उन्होंने भी अपनी मधुर और भावपूर्ण आवाज़ में बाबा की स्तुति की। उन्होंने श्रद्धालुओं को बाबा पहाड़िया जी की जीवन गाथा और उनकी दिव्य लीलाओं से अवगत कराया। उनके प्रवचनों और भजनों ने पंडाल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। मैडम अल्का राणा ने भी आयोजन को सुचारु रूप से संचालन कर एक सशक्त नेतृत्व का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान बाबा पहाड़िया की महिमा का विस्तार से वर्णन किया गया।

बाबा के चमत्कार, उनके मानवता के लिए किए गए कार्य, और श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण करने वाली कथाओं को सुनकर लोग भावविभोर हो गए। पंडाल में चारों ओर जय बाबा पहाड़िया के जयकारे गूंजते रहे और माहौल पूरी तरह भक्तिमय बन गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजनकर्ताओं ने भंडारे की व्यवस्था अत्यंत सुचारु और अनुशासित ढंग से की, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। भंडारे में सादा मगर स्वादिष्ट भोजन परोसा गया।

# प्राकृतिक गेहूं को घर से खरीदेगी सरकार

## केंद्र तक गेहूं लाने के लिए मिलेगा भाड़ा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**जिले में 16858 किसान कर रहे प्राकृतिक खेती : वीरेंद्र**

हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती से गेहूं की फसल उगाने वाले किसानों की उपज को सरकार किसानों के घर-द्वार से खरीद लेगी। मतलब उनको घर से खरीद केंद्र तक उपज पहुंचाने का अतिरिक्त दाम मिलेगा। जानकारी मिली है कि जिले में प्राकृतिक विधि से तैयार फसल के परिवहन (ट्रांसपोर्टेशन) का पूरा खर्च प्रदेश सरकार देगी। बताया जा रहा है कि 200 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से सरकार पहली बार किसानों को अनुदान देगी।

सरकार का प्राकृतिक खेती के प्रति बढ़ता रुझान किसानों को लाभान्वित करेगा। खेतों से संग्रहण केंद्र तक गेहूं लाने के लिए यह सुविधा मिलेगी। इस पहल के चलते सीधे तौर पर फायदा किसानों को होगा। जिला ऊना में कृषि विभाग की (कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण) आत्मा परियोजना के तहत प्राकृतिक खेती से तैयार गेहूं की खरीद की जाएगी। इसके लिए विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले के जलग्रां में स्टोरेज सेंटर भी स्थापित किया है। इसके अलावा दो संग्रहण और एक ग्रेडिंग सेंटर रामपुर और टकारला में चिह्नित किए हैं। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक जिले में 49 किसान प्राकृतिक गेहूं की खेती कर रहे हैं। विभाग 49.10 मीट्रिक टन प्राकृतिक गेहूं किसानों से खरीदेगा। 15 मई तक किसानों से प्राकृतिक गेहूं की खरीद की प्रक्रिया शुरू होगी। जिले में 16,858 किसान 2092 हेक्टेयर जमीन पर प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने 60 रुपए प्रति किलो के हिसाब से समर्थन मूल्य प्राकृतिक गेहूं का तय किया है। गेहूं खरीद के बाद अगर संग्रहण केंद्र स्थापित करने की जरूरत पड़ी तो इस दिशा में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण ने रूपरेखा तैयार कर ली है।

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण ऊना के परियोजना निदेशक डॉक्टर वीरेंद्र कुमार बग्गा के अनुसार जिले में 16858 किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। 49 किसानों ने प्राकृतिक गेहूं की पैदावार कर आर्थिकी को मजबूत किया है।

# कुठार में पकड़ा सांप जंगल में सुरक्षित छोड़ा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना के साथ लगते कुठार गांव के पास बाबा सिद्ध चानो के मंदिर में लोगों में दहशत हो गई, जब सोमवार को वहां नाग-नागिन का जोड़ा आ गया। लोगों ने इसकी सूचना स्नेक कैचर जितेंद्र को दी। जितेंद्र स्नेक कैचर ने वहां पहुंच कर एक नाग को रेस्क्यू करके जंगल में छोड़ दिया और एक नाग मौके से भाग गया। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि यह नाग-नागिन का जोड़ा हर साल निकलता है और लगभग 3 साल से यह नाग-नागिन का जोड़ा निकल रहा है।


सांप को पकड़े हुए स्नेक कैचर।

# यातायात के लिए बहाल हुआ देश का सबसे लंबा मनाली-लेह राजमार्ग

**कमलेश वर्मा, केलांग**

सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण एवं देश का सबसे लंबा मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग आखिर पांच माह के बाद वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल हो गया है।

बीआरओ द्वारा सड़क बहाली करने के बाद डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने अधिसूचना जारी कर मार्ग को यातायात के लिए बहाल कर दिया है। आज से इस मार्ग पर वाहन दौड़ना शुरू हो जाएंगे। पांच माह बाद मनाली-लेह मार्ग की सरचू में शैक हेंड सेरेमनी के दौरान बीआरओ के अधिकारी ने वाहनों की आवाजाही को झंडी दिखाई। इस दौरान बीआरओ के अधिकारियों ने लद्दाख के पांच साल के तनजिन देचन के हाथों रिबन काट कर सामरिक मार्ग का शुभारंभ करवाया। बर्फबारी के चलते इस मार्ग पर नवंबर से वाहनों की आवाजाही बंद थी। मनाली-लेह मार्ग बहाल होने से लेह-लद्दाख सीमा पर सेना की पहुंच आसान होगी। बीआरओ ने श्रीनगर से जोजिला पास होकर अप्रैल के अंतिम सप्ताह में लेह को

**वाहनों की आवाजाही मौसम और सड़क की स्थिति पर करेगी निर्भर**

सड़क से जोड़ दिया था। दूसरी ओर मनाली-दारचा से शिंकुला व पद्दुम निमो होते हुए मनाली को लेह से जोड़ दिया था। देशभर के पर्यटक मनाली-लेह मार्ग की बहाली का इंतजार कर रहे थे।

मार्ग पर यातायात सुचारू होने से पर्यटन को गति मिलेगी और पर्यटन स्थल सरचू में 5 माह बाद रौनक लौटेगी। इस बार दिसंबर व जनवरी की अपेक्षा फरवरी, मार्च व अप्रैल में अधिक हिमपात हुआ है, जिस कारण एक माह बाद मार्ग बहाल हुआ है। बीआरओ ने गत वर्ष इस मार्ग को अप्रैल में बहाल कर दिया था। डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने बताया कि वाहनों को सरचू तक जाने की अनुमति दे दी गई है। मंगलवार से इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। वाहनों की आवाजाही मौसम और सड़क की स्थिति पर निर्भर करेगी। लिहाजा, अब सेना के साथ पर्यटक लेह जा सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

# बारिश व बर्फबारी से कूल-कूल हुआ मौसम

## सीजफायर व नागरिक हवाई उड़ानें बहाल होने से पर्यटन कारोबार को पंख लगने की उम्मीदें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग/कुल्लू**



लाहौल घाटी की चोटियों पर बर्फबारी के बाद का आकर्षक नजारा।

जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति में एक बार फिर मौसम ने करवट बदल ली है। कुल्लू जिले में जहां रुक-रुक कर हल्की बारिश हो रही है।

वहीं, लाहौल के रोहतांग व कुंजम दर्रा सहित अन्य ऊंची चोटियों बर्फबारी से सफेद हो गई हैं। वहीं, मौसम ठंडा होने और सीजफायर के बाद अब कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। सोमवार को पर्यटन नगरी मनाली सहित जिले के अन्य पर्यटन स्थलों के अलावा लाहौल-स्पीति के सिस्सू, कोकसर व अटल टनल में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे और बर्फ के बीच जमकर मस्ती की। खराब मौसम होने के बाद भी यहां सुबह से सैलानियों को पहुंचना जारी रहा। देश के अन्य राज्यों में पड़ रही प्रचंड गर्मी से पर्यटकों को यहां पर राहत मिल रही है। मौसम कूल-कूल होने से और अब सीजफायर से कुल्लू-मनाली के पर्यटन सीजन को गति मिलने की उम्मीदें जगी हैं। सनद रहे कि भारत-पाकिस्तान युद्ध के कारण पिछले काफी दिनों से कुल्लू व लाहौल-स्पीति में पर्यटकों की संख्या बिलकुल कम हो गई थी, जिस कारण पर्यटन कारोबार मंदा चल रहा था। इसका असर कुल्लू के विभिन्न पर्यटन स्थलों कुल्लू, सोलंगनाला, अटल टनल, सोझा, तीर्थन, जीभी, मणिकर्ण, मनाली के साथ-साथ लाहौल घाटी में भी देखने को मिला, लेकिन अब पर्यटकों की संख्या बढ़ने लगी है, जिससे पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिल उठे हैं। बता दें कि 15 अप्रैल से पर्यटन सीजन शुरू हो जाता है। इस दौरान एक सप्ताह तक अच्छी खासी संख्या में सैलानी कुल्लू-मनाली और लाहौल की वादियों में पहुंचे थे, लेकिन उसके बाद कारोबार बढ़ने के बजाय लगातार घटता गया, अब भारत-पाकिस्तान युद्ध में सीजफायर होने से हजारों पर्यटन कारोबारियों को पर्यटन सीजन में पंख लगने की उम्मीद है। पर्यटन कारोबारियों गौतम ठाकुर, मोहन, देवेंद्र, मकरध्वज शर्मा सहित अन्य की माने, तो भारत-पाक युद्ध विराम से समूची घाटी के पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। युद्ध जैसे हालात में कोई भी परिवार सहित छुट्टियां मनाने के लिए पहाड़ों का रुख नहीं कर रहा था, लेकिन अब सीजफायर और हवाई उड़ानें बहाल होने से पर्यटन कारोबार के गति पकड़ने की उम्मीद है। लिहाजा, सीजफायर और हवाई उड़ानें बहाल होने से अब पर्यटकों के कुल्लू, मनाली व लाहौल-स्पीति जिले में आने की उम्मीद जगी है, जिससे पर्यटन कारोबार को पंख लगेंगे।

# समर फेस्टिवल में मिस मनाली का खिताब कुल्लू की नेहा ठाकुर के नाम



मनु रंगशाला में समर फेस्टिवल में चुनी मिस मनाली के साथ फर्स्ट व सेकेंड रनरअप।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

रुद्रा दा अल्टीमेट द्वारा मनाली के मनु रंगशाला में आयोजित दो दिवसीय समर फेस्टिवल में मिस मनाली का खिताब कुल्लू की नेहा ठाकुर ने जीता।

द्वितीय रनरअप लाहौल की मिनाक्षी शर्मा और प्रथम उपविजेता मणिकर्ण की सारिका ठाकुर बनी। नेहा ठाकुर ने कड़ी सपर्धा में अपने सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए मिस मनाली का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में जिला कुल्लू से बारह प्रतिभागियों ने भाग लिया था। तीन राउंड में हुए इस प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने रैंप वाक और टेलेंट राउंड में अपनी प्रतिभा दिखाने का भरपूर पर्यास किया और अंत में जजों ने नेहा ठाकुर को विजेता घोषित किया। नेहा ठाकुर ने खिताब का श्रय अपने परिवार को देते हुए कहा कि आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं, बस मौका मिलना चाहिए। उन्होंने रुद्रा डा अल्टीमेट का आभार जताते हुए कहा कि समर फेस्टिवल में लड़कियों को अपना हुनर दिखाने का मौका दिया है। कार्यक्रम की अंतिम संध्या में बतौर मुख्यातिथि सतीश सूद ने विजेताओं को क्राउन पहना कर सम्मानित किया।

# जीप में देवदार के 37 स्लीपर सहित 7 लोग गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले के पार्वती वन मंडल में विभाग की टीम ने एक जीप में देवदार के 37 स्लीपर बरामद किए हैं। पार्वती मंडल के तहत राऊली बीट में वन विभाग की टीम ने देवदार के 37 स्लीपर के साथ 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। डिप्टी रेंजर ठेला नीरज शर्मा की अगुवाई में गत रात्रि करीब 11:45 बजे राऊली बीट में राऊली कैंची के पास गश्त के दौरान जीप (नंबर एचपी 45-0417) व इसके साथ गाड़ी (एचपी 01-9647) को तलाशी के लिए रोका गया। इस दौरान जीप में विभिन्न आकार के देवदार के 37 स्लीपर बरामद किए गए। गाड़ी (एचपी 01-9647) में चालक सहित 4 लोग सवार थे। वहीं, दूसरे वाहन एचपी 45 0417 में चालक के साथ 4 लोग बैठे थे। इसके अलावा जीप में बैठा एक व्यक्ति रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। वाहन में सवार 7 लोगों को हिरासत में ले लिया है। वन विभाग की टीम में वन रक्षक राऊली बीट बुद्धि सिंह, वन रक्षक नंजा बीट पप्पू सोनी, वन रक्षक नरोल बीट बुधराम, वन मित्र राकेश कुमार व वन मित्र डोले राम आदि मौजूद रहे। वन परिक्षेत्र अधिकारी हुरला मोहन ने कहा कि सभी देवदार के स्लीपरों को हैमर लगाकर जब्त किया गया है। उधर, डीएफओ पार्वती प्रवीण ने कहा कि जंगलों में अवैध कटान को अंजाम देने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पार्वती वन मंडल के तहत सभी वन बीटों में गश्त बढ़ा दी गई है। अवैध कटान करने वालों पर पूरी नजर रखी जा रही है।

# जितेंद्र बने फॉरेस्ट वेलफेयर वनमंडल आनी के अध्यक्ष



फॉरेस्ट वेलफेयर एसोसिएशन वन मंडल आनी की नई कार्यकारिणी के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, आनी**

फॉरेस्ट वेलफेयर एसोसिएशन वन मंडल आनी की बैठक वनमंडल कार्यालय आनी के लुहरी स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता फॉरेस्ट वेलफेयर एसोसिएशन वन वृत्त रामपुर के अध्यक्ष ललित भारती ने की, जबकि वनमंडल रामपुर के अध्यक्ष नीरज वर्मा, वन मंडल कोटगढ़ के अध्यक्ष सुनील के अलावा जिवेंद्र विशेषातिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक में वनमंडल आनी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

इसमें जितेंद्र वर्मा को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया, जबकि रविंद्र कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, देव वर्मा को महासचिव, प्रकाश को कोषाध्यक्ष, दीपिका को संयुक्त सचिव, ईश्वर को प्रेस सचिव, राकेश कुमार को मुख्य सलाहकार, दूनी चंद और निहाल चंद को उपप्रधान, जय सिंह और तरुण को संयुक्त सचिव चुना गया।

# पर्यटक कल से कर सकेंगे रोहतांग दर्रे का दीदार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला प्रशासन ने विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रोहतांग दर्रा को पर्यटकों के लिए बहाल कर दिया है। इस बार बर्फबारी का दौर मई महीने में भी चला हुआ है, इस कारण सड़क बहाली में देरी हुई है। हालांकि, पिछले साल पांच जून को यह दर्रा बहाल हुआ था, लेकिन इस बार जिला प्रशासन कुल्लू ने पर्यटकों को फिलहाल रोहतांग दर्रे के समीप राहनीनाला से तीन मोड़ ऊपर तक जाने की अनुमति दे दी है। इस बार 14 मई से पर्यटकों को रोहतांग भेजा जाएगा। पर्यटक रोहतांग में बर्फ का आनंद ले सकेंगे। 1200 पर्यटक वाहन ही रोज रोहतांग जा सकेंगे। दर्रा बहाल होने से पर्यटन नगरी में समर टूरिस्ट सीजन भी गति पकड़ेगा। रोहतांग के खुल जाने से पर्यटन कारोबारियों ने राहत की सांस ली है। एसडीएम मनाली रमन कुमार शर्मा, डीएसपी केडी शर्मा ने आठ मई को बीआरओ के अधिकारियों के साथ रोहतांग सड़क का निरीक्षण किया था। निरीक्षण में हालात सामान्य पाए गए। इसके बाद डीसी को रिपोर्ट भेज कर रोहतांग दर्रा खोलने की सिफारिश की गई। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने रोहतांग दर्रा पर्यटकों के लिए बहाल करने की अधिसूचना जारी कर दी है। सैलानी पर्यटन विभाग की वेबसाइट रोहतांग परमिट.एनआइसी.इन पर जाकर आनलाइन परमिट प्राप्त कर सकते हैं। परमिट लेने के लिए 550 रुपए शुल्क देना होगा। हर रोज 800 पेट्रोल व 400 डीजल इंजन पर्यटक वाहनों को जाने की अनुमति मिलेगी। उधर, होटल एसोसिएशन मनाली के निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश ठाकुर व निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने रोहतांग दर्रे को सैलानियों के लिए बहाल करने के निर्णय का स्वागत किया है।

# बौद्ध लामाओं का छम नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली के बौद्ध गोंपा में सोमवार को बुद्ध जयंती धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर बौद्ध लामाओं का पारंपरिक छम नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा बौद्ध गोंपा में कई आकर्षक कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर मनाली के माल रोड पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा सहित पवित्र बौद्ध ग्रंथों की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें भारी संख्या में बौद्ध धर्म के अनुयायियों ने भाग लिया। इस दौरान स्थानीय बुद्धिस्ट गोंपा के पैआंगन में धार्मिक सभा का आयोजन किया गया। इसमें गेशे जंबा कइस कूपन ने बुद्ध जयंती पर अपने विचार प्रकट किए। डॉ. टाशी पालजोर ने बुद्ध की लीलाओं के बारे में बताया। गेशे लॉब्जग लेगडुप ने बुद्ध धर्म पर प्रकाश डाला। सभी ने भगवान बुद्ध की जीवनी पर प्रकाश डाला व बुद्ध की शिक्षाओं पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर कुंगरी गोंपा, कुमारी गोंपा के भिक्षुओं ने मुखौटे पहनकर परंपरागत छम नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने पसंद किया और तालियां बजाकर उत्साह बर्धन किया।



बुद्ध जयंती के अवसर पर मनाली में बौद्ध लामा पारंपरिक छम नृत्य करते हुए।

यह नृत्य खास तौर से बुद्धिस्ट मान्यताओं के अनुसार बुरी आत्माओं को भगाने व लोगों की सुख-स्मृद्धि के मकसद से किया जाता है। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों व संस्थाओं से आए कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। हिमायलयन बुद्धिष्ट सोसायटी के अध्यक्ष अशोक ठाकुर, रूप सिंह ठाकुर ने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाओं के अनुसार अहिंसा के मार्ग पर चलने तथा विश्व शांति व कल्याण के लिए कार्य करने का आह्वान किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# फोरलेन का टोल टैक्स, टू लेन में क्यों : देवेंद्र नेगी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

मनाली विधानसभा के अंतर्गत शुरू होने वाले विवादित डोहलूनाला टोल प्लाजा के खिलाफ लोग लामबंद होना शुरू हो गए हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से लोग अपनी राय रख रहे हैं व टोल प्लाजा शुरू करने का विरोध जता रहे हैं। मनाली विधासभा के समाजसेवी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवेंद्र नेगी ने इसका पुरजोर विरोध करते हुए टोल न लगाने की अपील एनएचएआई से की है। देवेंद्र नेगी ने कहा कि वर्तमान भूतल सड़क राजमार्ग प्राधिकरण मंत्री नितिन गडकरी ने संसद सत्र में दिए गए अपने वक्तव्य में साफ तौर पर जानकारी दी है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण केवल फोर लेन सड़क पर ही टौल बैरियर से रोड टैक्स वसूलता है न कि टू लेन सड़क पर। इसकी पुष्टि देश के बड़े अखबारों के माध्यम से 20 मार्च, 2025 को की गई थी। नेगी ने कहा कि जब केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री स्वयं सदन में स्पष्ट तौर पर कहते हैं कि टू लेन पर टोल टैक्स नहीं लिया जाता, फिर मनाली क्षेत्र के डोहलूनाला टोल प्लाजा को अब प्राधिकरण को तुरंत हटा देना चाहिए। नेगी ने कहा जब भी गडकरी कुल्लू मनाली आएं तो लगता है, उन्हें वास्तविकता से अनभिज्ञ रखा गया या हमारे नेता अपना पक्ष ठीक से केंद्रीय मंत्री के समक्ष नहीं रख पाए। नेगी ने कहा कि इसी मुद्दे पर पूर्व भू-तल सड़क परिवहन केंद्रीय मंत्री कमल नाथ ने भी मनाली के जन प्रतिनिधियों के आग्रह पर केंद्रीय मंत्री से बात कर क्षेत्र की जनता को राहत प्रदान करने बारे पत्र लिखा था। उन्होंने मीडिया के माध्यम से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से आग्रह किया कि सदन सत्र में दिए अपने वक्तव्य के अनुसार उचित कार्रवाई करते हुए मनाली की जनता को टोल टैक्स से राहत दिलाएं।

# पीहोरी बाबा के मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य शुरू

## मंदिर कमेटी का लक्ष्य, निर्धारित समय में काम संपूर्ण किया जाएगा

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

ऐतिहासिक स्थान झिड़ी नग्गर में पीहोरी बाबा महाराज के मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य आरंभ हो गया है। लगभग 35 वर्षों के उपरांत यह कार्य फिर से हो रहा है। बता दें कि कुल्लू राजघराने में जब ब्रह्म हत्या का दोष लगा था, तब पीहोरी बाबा ने ही उन्हें रघुनाथ जी को अयोध्या से लाने के लिए कहा था।

उनके ही मार्गदर्शन में रघुनाथ को कुल्लू लाया गया। उनके द्वारा बताई गई विधि से ही पूजा यापन किया गया और राजघराने में हुए भ्रह्म हत्या के दोष का निवारण हुआ। उसके उपरांत रघुनाथ कुल्लू में विराजे और पीहोरी बाबा झिड़ी, नग्गर में अपने जीवन के आखरी समय तक रहे। उनके सम्मान में राज परिवार ने यहां लगभग 16 वीं

**इससे पहले सन् 1992 में हुआ था मंदिर का काम**

शताब्दी में मंदिर का निर्माण किया। उसके उपरांत समय-समय पर इसका जिरणद्धार होता रहा। इससे पहले सन् 1992 में इसका काम हुआ था। कुछ वर्ष पूर्व जब मंदिर कमेटी का गठन हुआ है, तब से इसके जिरणद्धार के बारे चर्चा होती रही, अब जब काम शुरू हो गया है, तो मंदिर कमेटी ने लक्ष्य रखा है कि काम निर्धारित समय पर संपूर्ण किया जाएगा। जीर्णोद्धार होने से नग्गर गांव के लोगों में खुशी की लहर है। मंदिर कार्य को पूजा और विधि-विधान के साथ शुरू किया। पुरोहित पुरुषोत्तम शर्मा ने लकड़ी के काम गारों को धोती, टोपी और जनेऊ पहनाए और उनको भूखे पेट काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कामगारों को एक समय भोजन और दिन में फलाहार लेने को कहा। इस मौके पर कारदार दुर्गा देवी, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष संत कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष सुरेश ठाकुर, कमेटी मेंबर इकबाल, गायत्री दत्त, आत्मा राम, चरणजीत, अंकुश नेगी, राम चंद और दयालु राम इस मौके पर मौजूद थे। संत कुमार शर्मा ने कहा कि जो भी इस पुण्य कार्य के लिए किसी भी प्रकार की सेवा चाहता है, वह स्वागत योग्य होगा। वह निम्न नंबरों को दूरभाष से संपर्क कर सकता है। उन्होंने कहा कि मंदिर जिर्णोद्धार के साथ फर्श को समतल करना, स्नानागार में टाइल लगाना और रास्ते की मरम्मत कर भी इसके साथ ही किया जाएगा।

# मनाली में रफ्तार पकड़ने लगी एडवांस बुकिंग : रोशन ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मनाली**

होटल एसोशिएशन मनाली के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि पर्यटन नगरी मनाली में एडवांस बुकिंग रफ्तार पकड़ने लगी है। उन्होंने कहा कि देश में हालात सामान्य होते ही रद्द हुई बुकिंग का फिर से रिस्पांस बेहतर मिल रहा है।



रोशन ठाकुर ने मनाली में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस बार मनाली का समर सीजन बेहतर रहेगा। उन्होंने बताया कि सर्दियों में हुई अच्छी बर्फबारी से विंटर सीजन भी राहत भरा रहा है। रोशन ने कहा कि बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों के लिए खुशी की बात यह है कि मनाली का रोहतांग दर्रा बर्फ से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि दर्रा देश व दुनिया के पर्यटकों की पहली पसंद है। बीआरओ ने रोहतांग तक बर्फ हटाने का कार्य पूरा कर लिया है। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि रोहतांग दर्रा पर्यटकों के लिए जल्द बहाल किया जाए, ताकि पर्यटक आसानी से बर्फ का दिदार कर सकें। रोशन ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के युद्ध जैसे हालात के चलते होटलों में एडवांस बुकिंग रद्द होने लगी थी, लेकिन अब हालात सामान्य होते ही फिर से एडवांस बुकिंग ने रफ्तार पकड़ ली है। मनाली के होटल संचालक समर सीजन के लिए तैयार हैं। होटलों में कुल्लवी नाटी सहित डीजे व लाइव म्यूजिक की विशेष व्यवस्था की गई है। मनाली आने वाले पर्यटकों का स्वागत अतिथि देवो भव की तर्ज में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यटक निश्नकोच मनाली आएं और यहां के खूबसूरत पर्यटन स्थलों में घूमने का आनंद लें।

# तुर्की से आयात होने वाले सेब पर लगे पूर्ण रूप से प्रतिबंध : राजीव ठाकुर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू फलोत्पादक मंडल के महामंत्री राजीव ठाकुर ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के युद्ध में पाकिस्तान को हथियार उपलब्ध करवाने वाले देश तुर्की से आयात होने वाले सेब पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की है कि तुर्की से आयात होने वाले सेब पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए। उनका तर्क है कि तुर्की पाकिस्तान को हथियार मुहैया करवाता है, जो भारत के साथ जंग जैसे हालात में शत्रु देश का समर्थन करने के समान है। उन्होंने कहा कि भारत को ऐसे देश के सेब को आयात करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना चाहिए, जो देश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए खतरा पैदा करता है। वहीं, कुल्लू फलोत्पादक मंडल ने मांग की है कि तुर्की से आयात होने वाले सेब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना चाहिए। भारत सरकार को ऐसे देशों के साथ व्यापारिक संबंधों पर पुनर्विचार करना चाहिए, जो देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं। यह मुद्दा न केवल आर्थिक महत्व रखता है, बल्कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए भी महत्वपूर्ण है।

**सम्मानित** कराटे संघ कुल्लू ने किया लोअर विंग खोरी रोपा स्कूल में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

# श्रीजा, अन्वेषा और अनन्या ने जीता स्वर्ण पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

करा़टे संघ जिला कुल्लू द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला लोअर विंग खोरी रोपा में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसका शुभारंभ कराटे संघ कुल्लू के चेयरमैन वेद प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया। संघ के महासचिव केएस पराशर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न क्लबों से लगभग 90 कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन में मुख्यातिथि के रूप में न्यू हिल ट्रक ऑपरेटर यूनियन के वाइस प्रेजिडेंट विशाल सूद ने शिरकत की। मुख्यातिथि का स्वागत संघ के चेयरमैन वेद प्रकाश द्वारा कुल्लवी परंपरा से किया गया और संघ द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि मैं खुद एक स्पोर्ट्समैन हूं और बच्चों को खेल से जुड़ते हुए देखकर अच्छा लगता है, इससे एक बेहतर समाज



लोअर विंग खोरी रोपा स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ संघ के पदाधिकारी व अन्य गणमान्य।

का निर्माण होता है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन के ए ग्रेड रैफरी सेंसई हरीश शर्मा के नेतृत्व में कराई गई, जिसमें जज की भूमिका सेंसई दीपेश्वर सिंह, लीला कार्की, सोनू कुमार, यादव, रजनीश कुमार, राकेश कुमार, परस राम, नंदनी, देवांश, अर्जुन, अभी शर्मा और कुमकुम ने निभाई। हरीश शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के नए नियमों के तहत करवाई गई और पदक विजेता खिलाड़ी मई माह के अंत में बैजनाथ में होने वाली राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में महिला कुमिते में विभिन्न आयु व भार वर्गों में श्रीजा गोयल, सीरत, अवनी, आशी डोगरा, अन्वेषा, वंशिका, तृषा, आदर्शिनी, सान्वी, इशानवी, सुहाना, नव्या, शराण्या, ऐश्वर्या, राजवी, सिहोना, सिमरन, अराध्या, सुनेहा, आयेशा, पदमा ने स्वर्ण पदक और आस्था, इशिता, शगुन, सनाया, तानिया, अनन्या, चहक, अनिका ने रजत पदक और सायरा वर्मा ने कांस्य पदक जीते। मेल कुमिते में विभिन्न आयु व भार वर्गों में अविराज, रेयांश, आर्यन, दानिश, सूर्यांश, तोमदेन पालजोर, रोहित, मनीष, प्रणीत, विपुल, अंश, जिग्मेद उरगेन, मयंक, प्रणव, आरव, अर्णव, शिवम, दक्ष, रुद्राक्ष, आयुष, यश, आयुष, यश नेगी, शौर्या, राहुल, वैभव, दीपक, रूप लाल, युवराज, अर्जुन, अभी और अर्घ्य सूद ने स्वर्ण पदक और नीरज, सान्विक, कनिष्क, सिद्धांत, विहान, दिवांश, रिशांक, अनमोल, चिराग, मो. ताहा चिश्ती, मिहिर, विहान, विराज व दीक्षांत ने रजत पदक और अनुभव, आयुष, अथर्व, नावीश, ईशान, लक्षित, रितुल, लक्ष्य, सक्षम ने कांस्य पदक जीते। मेल काता में नीरज और अजय कुमार ने स्वर्ण पदक जीता।

फीमेल काता में श्रीजा, अन्वेषा व अनन्या ने विभिन्न आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। इस दौरान कराटे संघ के चेयरमैन वेद प्रकाश, अध्यक्ष हरीश शर्मा, उपाध्यक्ष सुधांशु सूद, महासचिव केएस पराशर, कोषाध्यक्ष सोनू कुमार, सह सचिव नरोत्तम चंद व लीला आदि मौजूद रहे।

## क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज में प्रोसीजर एक्ट एवं माइम एक्ट का आयोजन

# व्यवहारिक ज्ञान व टीम वर्क पर किया फोकस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज ढालपुर में नर्सिज वीक के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों की शैक्षणिक समझ, रचनात्मकता और पेशेवर कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोसीजर एक्ट और माइम एक्ट प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सिंग छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान, टीम वर्क और सेवा भावना को मंच प्रदान करना रहा, ताकि वे स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे सकें। प्रोसीजर एक्ट के अंतर्गत विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य सेवा से जुड़े विभिन्न नर्सिंग प्रक्रियाओं, जैसे प्राथमिक उपचार, जीवन रक्षक तकनीक (सीपीआर), घावों की देखभाल और रोगी देखभाल प्रक्रियाओं का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने नर्सिंग प्रोसीजर की वैज्ञानिक विधियों, सुरक्षा सावधानियों और रोगी के प्रति सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार को बारीकी से प्रस्तुत किया। इस एक्ट के माध्यम से विद्यार्थियों को नर्सिंग अभ्यास के व्यावहारिक पहलुओं को समझने और समझाने का अवसर प्राप्त हुआ। वहीं, माइम एक्ट (मूक अभिनय) प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण जैसे समसामयिक विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी।

प्रतिभागियों ने बिना संवाद के अपनी भाव-भंगिमाओं, शारीरिक हावभाव और संगीतमय प्रस्तुति के माध्यम से महत्वपूर्ण सामाजिक संदेशों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी प्रभावशाली अभिनय क्षमता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और जागरूकता का प्रभावी संचार किया। कार्यक्रम के दौरान निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की सराहना की और विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कॉलेज की एसोसिएट डायरेक्टर कुमारी ज्योति मार्या मसीह ने विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों के पेशेवर कौशल, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक चेतना के विकास में अत्यंत सहायक हैं। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज, कुल्लू के मैनेजिंग डायरेक्टर सुखदेव मसीह एवं एसोसिएट डायरेक्टर कुमारी ज्योति मार्या मसीह के कुशल नेतृत्व में किया गया। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज, कुल्लू परिवार भविष्य में भी इस प्रकार की शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन निरंतर करता रहेगा।



# हर्षवर्धन चौहान ने 23 करोड़ से बनने वाली मानल-कोडगा सड़क का किया शिलान्यास



उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान सड़क का जायजा लेते हुए।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने अपने प्रवास कार्यक्रम के दौरान शिलाई विधानसभा क्षेत्र के कोडगा में 23 करोड़ से निर्मित होने वाली मानल-कोडगा संपर्क सड़क का शिलान्यास किया।

इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मानल-कोडगा संपर्क सड़क के निर्माण उपरांत इस क्षेत्र की लगभग 5 हजार से अधिक की जनसंख्या लाभान्वित होगी। उन्होंने कहा कि शिलाई विधानसभा क्षेत्र के हर इलाके का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है, जिसके मद्देनजर अभी तक शिलाई विधानसभा क्षेत्र में लगभग 225 करोड़ से अधिक की विकासात्मक योजनाओं के लिए बजट स्वीकृत करवाया गया है, जिनका कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा बजट प्रावधान के साथ ही विकास कार्य सुनिश्चित किए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग के सतौन उपमंडल के अंतर्गत बहुत से कार्य क्रियान्वित किए जा रहे हैं, जिनमें मानल-कोडगा संपर्क सड़क लगभग 23 करोड़ से निर्मित की जाएगी, कच्ची ढांग पर शिलाई मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में क्षेत्रवासियों को लंबी दूरी तय कर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ता था, लेकिन जल्द ही 15 करोड़ से निर्मित होने वाली सालवाला-सतौन सड़क वैकल्पिक मार्ग का कार्य करेगी। इसके अतिरिक्त भैला-कल्लाथा रोड 5 करोड़ 54 लाख की लागत से, राजपुर-कल्लाथा रोड 10 करोड़ 49 लाख की लागत से, पीएचसी काटीं मस्वा 1 करोड़ 26 लाख से, पीएचसी सतौन 1 करोड़ से, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नगेता 1 करोड़ 90 लाख की लागत से, राजकीय उच्च विद्यालय सनोग 66 लाख सहित राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल सतौन 5 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे हैं, जिनके निर्माण उपरांत क्षेत्रवासी इन योजनाओं से लाभान्वित होंगे।

# सोलन में गहराया पेयजल संकट

## पेयजल योजनाओं में सिल्ट आने से तीन से चार दिन बाद हो रही पेयजल की आपूर्ति

**आर मोहन चौहान, सोलन**

पिछले कुछ दिनों से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हो रही बारिश से सोलन की प्यास बुझाने वाली अश्वनी और गिरि नदी में सिल्ट की समस्या उत्पन्न हो गई है।

अश्विनी पेयजल योजना से सोलन शहर के लिए मांग अनुसार पानी नहीं मिल रहा है, जबकि अश्विनी पेयजल योजना को बंद कर दिया गया है। सूरतेहाल ये है कि नगर निगम के पेयजल टैंकों में अब आपात स्थिति लायक ही पानी बचा है, ऐसे में नगर निगम के लिए शहर की प्यास बुझाना चुनौती बन गया है। जानकारी के मुताबिक टैंक रोड के तीन टैंकों में 4 लाख गैलन पानी बचा है, जबकि इसकी स्टोरेज क्षमता करीब 18 लाख गैलन है। नगर निगम को रोज 18 लाख गैलन पानी की जरूरत रहती है, जबकि इन दिनों पेयजल योजनाओं में सिल्ट आने से जल शक्ति विभाग से मात्र 6 लाख गैलन पानी ही मिल पा रहा है। ऐसे में शहर में रोटेशन के आधार पर तीन से चार दिन बाद पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### विभागों में तालमेल की कमी

**शहर** में पेयजल किल्लत का कारण विभागीय तालमेल की कमी भी मुख्य कारण है। एक तरफ जल शक्ति विभाग शहर की आबादी के मुताबिक रोज मांग अनुसार पानी देने का दावा करता है, वहीं नगर निगम दशकों से मांग के मुताबिक पानी न मिलने का रोना रोती आ रही है। इसी के चलते शहर में रोटेशन प्रणाली के आधार पर पेयजल वितरण किया जा रहा है। जल शक्ति विभाग ने अपने स्तर पर शहर में सर्वे करवाया है, जिसमें पेयजल पाइप लाइनों में रोज 30 फीसदी पानी बर्बाद होने की बात कही गई है। इस विभागीय खिंचतान का खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। लीकेज की समस्या को आज न तो जल शक्ति विभाग न ही नगर निगम हल कर पाई है।



पिछले कुछ दिनों से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हो रही बारिश से गिरि नदी में आई सिल्ट।

### एमसी को मांग के मुताबिक नहीं मिल रहा पानी

**नगर** निगम की एडिशनल आयुक्त एकता कापटा ने बताया कि गिरि नदी में बारिश के कारण सिल्ट आने से गिरि पेयजल योजना से नगर निगम को मांग के मुताबिक पानी नहीं मिल रहा है, ऐसे में तीन से चार दिन बाद पेयजल की सप्लाई की जा रही है।

### चंबाघाट और ब्रुरी में कई दिन बाद हुई सप्लाई

**मुख्य** पेयजल योजनाओं में बारिश के कारण सिल्ट आ जाने से शहर वासियों को चार से पांच दिन बाद पानी मिल रहा है। सोमवार को शहर के वार्ड-4 के चंबाघाट, फोरेस्ट कॉलोनी, मोहन पार्क, अल्पाइन अपार्टमेंट, कपूर नर्सिंग होम, बेर खास, मोहन कॉलोनी और ब्रुरी में ही पेयजल की आपूर्ति हो पाई। दरसल गिरि नदी में बारिश के कारण आ रही गाद के चलते पर्याप्त मात्रा में पानी की लिफ्टिंग नहीं हो पा रही है। निगम को जल शक्ति विभाग के मुताबिक गिरि पेयजल योजना से 4 लाख गैलन और अश्विनी पेयजल योजना से 1.94 लाख गैलन पानी की लिफ्टिंग की गई, जबकि रोटेशन प्रणाली के तहत नगर निगम को 15 से 18 लाख लीटर पानी की आवश्यकता है।

### 3 दिन से नहीं हुई सप्लाई

**क्लब** टैंक, लोअर बाजार, लक्कड बाजार, हरी मंदिर, ठोड़ो ग्राउंड, धोबीघाट, चेला साइड, सनी साइड, डिग्री कॉलेज कोटलानाला, पटराल, साइंटिस्ट कॉलोनी, पवन विहार और नेगी कॉलोनी जगहों पर तीन से चार दिन बाद भी पानी की सप्लाई नहीं हुई।

# मेडिकल कॉलेज नाहन को शहर से बाहर ले जाने के निर्णय का भाजपा ने किया विरोध

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिला मुख्यालय स्थित डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज एक बार फिर सुर्खियों में है। प्रदेश सरकार द्वारा कॉलेज के विस्तारीकरण के नाम पर उसे शहर से बाहर स्थानांतरित करने की योजना पर भाजपा ने कड़ा ऐतराज जताया है।

इसी मुद्दे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सोमवार को मीडिया से बात करते हुए इस कदम को नाहन की जनता के साथ बड़ा धोखा करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की यह योजना भी उसकी गारंटियों की तरह खोखली और भ्रामक हैं। डॉ. बिंदल ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के शुभारंभ के समय संस्था के पास समुचित भूमि, पानी, बिजली, पार्किंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध थीं और निर्माण कार्य भी प्रगति पर था। ऐसे में अब विस्तारीकरण की आड़ में कॉलेज को शिफ्ट करना पूरी तरह से अनुचित है।

उन्होंने कहा कि अढ़ाई वर्षों तक सरकार ने इस पर कोई कदम नहीं उठाया और अब अचानक इसे विस्तार बताकर जनता को गुमराह किया जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह निर्णय न केवल नाहन की जनता के हितों के खिलाफ है, बल्कि एक स्थापित संस्थान की प्रगति में भी बाधा डालेगा। इस मुद्दे पर विरोध जताते हुए भाजपा ने हजारों लोगों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा है। इसके अतिरिक्त मंगलवार को नाहन के बड़ा चौक में एक सांकेतिक धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल मीडिया को संबोधित करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### सिरमौर में ड्रिंक एंड ड्राइव के 10 दिनों में 90 चालान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में पुलिस का नशा चालकों के खिलाफ अभियान जारी है। सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया है, जो कि पिछले 41 दिनों से जारी है। जिला पुलिस ने सदज दुर्घटना को लेकर विश्लेषण किया और गत मास अप्रैल से ड्रिंक एंड ड्राइव पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। नेशनल हाईवे सहित अन्य मार्गों पर नाकाबंदी शुरू की गई और यह अभियान अभी भी जारी है। मई मास में 1 मई से 10 मई तक पुलिस ने जिले भर में एमवी एक्ट की धारा 185 के तहत 90 वाहन चालकों के चलन किए हैं, जबकि अप्रैल महीने में 162 लोगों के चालान किए गए थे। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि ड्रंक एंड ड्राइव को लेकर विशेष अभियान चलाया गया है और अभियान का परिणाम यह आया है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी देखी जा रही है।

### यूके के साथ वैश्विक मास्टर समझौते पर हुए हस्ताक्षर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में, शूलिनी विश्वविद्यालय ने रॉयल होलोवे, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन (आरएचयूएल), यूके के एक प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया, जिसने बिजनेस मैनेजमेंट में 1+1 मास्टर प्रगति कार्यक्रम के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एमओए पर रॉयल होलोवे, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन (आरएचयूएल), यूके के प्रोवोस्ट और प्रो-वाइस-चांसलर (ग्लोबल) प्रोफेसर ट्रेसी भामरा और शूलिनी विश्वविद्यालय के चांसलर प्रोफेसर पीके खोसला के बीच हस्ताक्षर किए गए। एमओयू को आरएचयूएल में ग्लोबल पार्टनरशिप और बिजनेस डेवलपमेंट के प्रमुख स्टीफन थॉमस ने शूलिनी विश्वविद्यालय के अपने कैंपस दौरे के दौरान प्रस्तुत किया। संपूर्ण यात्रा और समझौते पर हस्ताक्षर का समन्वय शूलिनी विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मामलों के कार्यालय (ओआईए) द्वारा किया गया। एकदिवसीय यात्रा के दौरान, थॉमस ने विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की और इकोलॉजिकल पार्क, वर्धमान इंडस्ट्री-एकेडमिया लैब, नैनो टेक्नोलॉजी लैब, पर्स लैब और आईपीआर सेल सहित प्रमुख शोध सुविधाओं का दौरा किया।

# नियमित प्रधानाचार्यों को पूर्व तिथि से मिले पदोन्नति लाभ : प्रवक्ता संघ

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश विद्यालय प्रवक्ता संघ, जिला सिरमौर ने हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा 8 मई, 2025 को नियमित किए गए 1891 प्रधानाचार्यों को उनकी पदोन्नति की तिथि से नियमित करने की मांग की है। संघ का कहना है कि वर्तमान आदेश न केवल पूर्व आदेशों के विपरीत हैं, बल्कि यह प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नत शिक्षकों के साथ अन्यायपूर्ण भी हैं।

जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पुंडीर ने बताया कि अधिकांश नियमित किए गए प्रधानाचार्य सेवानिवृत्त हो चुके हैं तथा कुछ का निधन भी हो चुका है। ऐसे में तुरंत प्रभाव से नियमित करने का निर्णय व्यावहारिक लाभ नहीं दे पाएगा, खासकर उनके परिवारों को जिन्हें इसका कोई विशेष फायदा नहीं मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से 2022 के बीच पदोन्नत किए गए सभी प्रधानाचार्यों को एक ही आदेश के अंतर्गत नियमित किया गया है, जिससे कुछ शिक्षकों को 5-6 वर्षों तक की सेवा अवधि का कोई लाभ नहीं मिल पाएगा, जबकि अन्य को केवल 1-2 वर्षों का ही नुकसान होगा। यह स्थिति न्यायसंगत नहीं है। पुंडीर ने उदाहरण देते हुए कहा कि 2008 से 2016 तक के प्रधानाचार्यों को उनकी पदोन्नति तिथि से ही वित्तीय लाभ प्रदान किए गए थे। उन्होंने सरकार से अपील की कि इस विषय में एक स्पष्ट और समान नीति बनाई जाए। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में अनुबंध पर नियुक्त कर्मचारियों को नियमित करने में भी भेदभावपूर्ण नीति अपनाई गई थी। किसी को दो साल में तो किसी को आठ साल तक इंतजार करना पड़ा, जिससे शिक्षा विभाग के हजारों मामले आज भी उच्च न्यायालय में विचाराधीन हैं। इससे न केवल न्यायालय का समय नष्ट हो रहा है, बल्कि कर्मचारियों को भी आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है।

# आगामी दिनों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के मौसम एवं पर्यावरण विभाग के वैज्ञानिकों ने कहा है कि आगामी दिनों में प्रदेश में मौसम परिवर्तनशील रहेगा। इस दौरान कुछेक जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि प्रदेश की चोटियों पर मौसम वैज्ञानिकों ने हल्का हिमपात होने का भी पूर्वानुमान लगाया है।

अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 31.2-36.2 डिग्री सेल्सियस और 20.2-20.9 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा, जबकि हवा की गति उत्तर-पूर्व दिशा में 6.5-9.8 किमी प्रति घंटे के बीच रहेगी। पर्यावरण में सापेक्ष आर्द्रता 18-76 प्रतिशत के बीच उतार-चढ़ाव करेगी। नौणी विवि के कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि वे आगामी दिनों में खड़ी फसलों में निराई-गुड़ाई कर सकते हैं। पेड़ों के तोलियों को खरपतवारों से मुक्त रखें। मिट्टी की नमी को संरक्षित करने के लिए पौधों

### वैज्ञानिक सलाह के अनुरूप करें कृषि व बागवानी कार्य का निष्पादन

के तोलियों में लगभग 10 सेमी मोटाई में सूखी घास बिछाएं। वर्षाजल को संग्रहीत करने की उचित व्यवस्था करें। आंधी और बिजली गिरने के दौरान जानवरों को बाहर न बांधें। वैज्ञानिकों ने कहा कि किसान स्थानीय भाषा में कृषि मौसम संबंधी सलाह के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए मेघदूतदू ऐप का उपयोग करें। वैज्ञानिकों ने सेब उत्पादक बागवानों को सलाह दी है कि वे अपने बगीचों को ओलारोधी जाल से ढकें। ओलावृष्टि के तुरंत बाद 200 लीटर पानी में 100 ग्राम कार्बेन्डाजिम या 600 ग्राम मैंमैकोजेब का छिड़काव करें। ओलावृष्टि के 3-4 दिनों के भीतर 200 ग्राम बोरिक एसिड प्लस 500 ग्राम जिंक सल्फेट प्लस 250 ग्राम क्विक लाइम को 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। सापेक्ष आर्द्रता में वृद्धि के कारण स्कैब और अल्टरनेरिया लीफ स्पॉट के खिलाफ फलों के पेड़ों की निगरानी करें। आम उत्पादक किसान आम के पौधों के तोलियों को खरपतवार से मुक्त रखें।

मिट्टी की नमी को संरक्षित करने के लिए पौधों के तोलियों में लगभग 10 सेमी मोटाई में सूखी घास बिछाएं। इसी तरह सेम फली उत्पादक किसान नर्सरी में सेमफली पौधों को वर्षा से बचाने और नमी संरक्षण के लिए घास से छायांकित करें। यदि अंकुरण खराब हो या पौधें खराब हो गए हो, तो किसान तुरंत दोबारा बुआई करें। बेहतर वायु संचार और जलभराव की स्थिति को कम करने के लिए किसान उठी हुई क्यारियों में बुआई करें। इसी प्रकार टमाटर उत्पादक किसान टमाटर के पौधों को प्रारंभिक वृद्धि अवस्था में ही उचित सहारा (स्टेकिंग) प्रदान करें, ताकि पौधे नीचे गिरने से बचें, वायु संचरण बेहतर हो और फल की उपज व गुणवत्ता में सुधार हो। किसानों भाई मिट्टी में हल्की गुड़ाई करें। कृषि वैज्ञानिकों ने लहसुन उत्पादक किसानों का आह्वान किया है कि वे लहसुन फसल की कटाई कर उसे सुरक्षित स्थानों तथा हवादार कमरों में रखें। पशुपालक किसानों को सलाह दी गई है कि वे दुधारू पशु के लिए 40 प्रतिशत अनाज, 30 प्रतिशत तेल केक, 27 प्रतिशत गेहूं चोकर, 2 प्रतिशत खनिज मिश्रण और 1 प्रतिशत नमक का उपयोग कर एक संतुलित सांद्रित आहार तैयार करें।

प्राकृतिक खेती करने वाले किसान साफ मौसम की स्थिति के दौरान अग्निअस्त्र, ब्रह्मास्त्र और नीमास्त्र तथा दशपर्णी अर्क का साप्ताहिक अंतराल पर 3.0 प्रतिशत तथा जीवामृत का नियमित अंतराल पर 10 प्रतिशत का छिड़काव करके कीटों के हमले को नियंत्रित कर सकते हैं। उधर, नौणी विवि के मौसम एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग की वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. पूर्णिमा मेहता ने कहा कि आगामी दिनों में मौसम परिवर्तनशील रहेगा। किसान और बागवान वैज्ञानिक सलाह के अनुरूप कृषि एवं बागवानी कार्य का निष्पादन करें।

# सतीश को मिला शान-ए-हिमाचल सम्मान

**अनंत ज्ञान, परवाणू**

स्वर्णिम हिमाचल जन जागरण समिति ने पिंजौर में वार्षिक राष्ट्रीय समारोह स्नेह मिलन का आयोजन किया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. शबाब आलम अध्यक्ष राष्ट्रीय होस्टेड काउंसिल भारत व स्वर्णिम हिमाचल की ओर से प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह मेहता विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में विशेषातिथि के तौर पर बालम नेगी, अदिती सांगला किन्नौर और ठाकुर दास शर्मा पूर्व चेयरमैन व वर्तमान पार्षद नगर परिषद परवाणू ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न क्षेत्र से आए हुए लगभग 70 लोगों को समाज सेवा के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए संस्था ने सम्मानित किया। इसमें परवाणू निवासी सतीश बेरी को समाजसेवी के क्षेत्र



पिंजौर में सम्मानित होते समाजसेवी सतीश बेरी।

में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए शान ऐ हिमाचल सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारत गौरव सम्मान से ई. भीम सेन नेगी, राजयोगी रेवा दास, डॉ. विजय शुक्ला, डॉ. कपिल शर्मा, डॉ. फिरोज, लोकेंद्र सिंह वैदिक, धीरज सहगल, शिखा मनकोटिया तथा सुरेंद कुमार को सम्मानित किया गए। शान-ए-भारत सम्मान से प्रवीण सोलंकी, ठाकुर दास शर्मा, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. जेएम नेगी, राज कुमार पाल, मास्टर भाविक शर्मा तथा वंदना रंजन को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सेवा सम्मान से संजय सासन, अमित ठाकुर, डॉ. बीबी मिश्रा, बीरु श्रेष्ठा, उमा ठाकुर तथा लायन गुलफाम को सम्मानित किया गया। हिमाचल गौरव पुरस्कार से प्रवीण सिउटा, ज्ञान चंद शर्मा, दिनेश शर्मा, गुरु दर्शन शर्मा, डॉ. गोपाल सिंह दस्टा, पूनम कुमारी, मीनाक्षी गोयल और निकेश को सम्मानित किया गया। शान ए हिमाचल से डॉ. सत्या शर्मा, हेम लता पठानिया, अश्वि धीमान, सतीश बैरी, जमना देवी, कैप्टन प्यार सिंह राणा, मेहताब सिंह, पवना ठाकुर, आशा कौशल, संजय यादव तथा सुषमा चंदेल को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट सेवा सम्मान से व्यापार मंडल भावानगर, क्राइम इनफार्मेशन ब्यूरो भारत, कविता ठाकुर, प्रेम चंद नेगी, गब्बर सिंह वैदिक, विकास ठाकुर, कैलाश गोस्वामी, भीम शर्मा, रणजीत सिंह, गीतांजलि शर्मा, संदीप चौहान, मनीष कुमार, रतन डोगरा, राज कुमार, ध्रुव शर्मा, रूद्र शर्मा, रिंजीन नेगी, महक शर्मा तथा लव्या शर्मा को सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की गईं तथा सामाजिक व आध्यात्मिक विचारों को भी साझा किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि द्वारा सभी समाजसेवियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि जाति, धर्म, संप्रदाय से ऊपर उठकर समाज सेवा करना अपने आप में बहुत सराहनीय कार्य है।

# गणित बहस में लॉरेंस स्कूल सनावर बना विजेता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** द लॉरेंस स्कूल, सनावर ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रदर्शित करते हुए स्ट्रीम सिनर्जी का सफल आयोजन किया। यह अंतर्विषयक सम्मेलन विज्ञान, प्रौद्योगिकी, पठन, इंजीनियरिंग, कला और गणित पर आधारित था। इसमें क्षेत्र के छह प्रतिष्ठित विद्यालयों के लगभग 50 प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया। सम्मेलन में लॉजिक-क्रेस्ट, मैथमेटिक्स डिबेट, वेब डिजाइनिंग, रोबोटिक्स और साइंस क्विज जैसी प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। लॉजिक-क्रेस्ट में लॉरेंस स्कूल, सनावर की टीम बी (सान्वी और अक्षत पराशर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गणित बहस में भी लॉरेंस स्कूल, सनावर विजेता रहा। स्वास्थ्य पहलों को बेहतर बनाने के लिए एआई का उपयोग। इस चुनौती में भी लॉरेंस स्कूल, सनावर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पाइन ग्रोव स्कूल सुबाथू और पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। रोबोटिक्स खंड में प्रतिभागियों ने चुनौती के माध्यम से अपनी इंजीनियरिंग और एआई समझ का प्रदर्शन किया। इसमें लॉरेंस स्कूल, सनावर ने पुन: प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, पाइन ग्रोव स्कूल, सुबाथू और धर्मपुर क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

# माल रोड पर आवारा पशुओं से ट्रैफिक बाधित, राहगीर परेशान

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन माल रोड और आसपास के क्षेत्रों में बेसहारा घूमते पशु वाहन चालकों के लिए खतरा बन रहे हैं। सड़कों पर पशुओं को छोड़ने से राहगीर भी सुरक्षित नहीं हैं। माल रोड पर सोमवार को ऐसी ही स्थिति बनी, जब बेसहारा पशु माल रोड पर घूमते नजर आए, जिससे ट्रैफिक बाधित हुआ व साथ ही वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

इसको लेकर दुकानदारों ने भी रोष जताया। छुट्टी का दिन होने के चलते पशुओं को हटाने के लिए कोई भी निगम कर्मचारी सामने नहीं आया। दुकानदारों का कहना है कि लगातार सोलन बाजार में आवारा पशुओं की आवाजाही से स्थानीय लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि आवारा पशु कभी भी कहीं पर भी लोगों या बच्चों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। हैरानी की बात है कि इसको लेकर नगर निगम कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसके चलते उन्होंने नगर निगम पर भी सवाल उठाए हैं। निगम के अधिकारियों की माने, तो आने वाले दिनों में बेसहारा पशुओं को नालागढ़ स्थित काउ सेंचुरी पहुंचाने का कार्य किया जाएगा, इससे न केवल राह चलते लोग सुरक्षित होंगे, बल्कि यातायात की आवाजाही में आ रही रुकावट से भी निजात मिलेगी।



माल रोड सोलन में आवारा पशुओं से लग रहा ट्रैफिक जाम।

# बावड़ी व आस-पास की साफ-सफाई कर जल संरक्षण बारे किया जागरूक



कंपनी कमांडर होमगार्ड चंद्रशेखर शर्मा के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाते होमगार्ड के जवान।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के वार्ड-7 खरियावण में स्वच्छता का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला है। सोमवार को कंपनी कमांडर होमगार्ड चंद्रशेखर शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अर्की के वार्ड नं.-7 में बावड़ी व आस-पास की साफ-सफाई की गई।

इस अभियान में अग्निशमन चौकी अर्की और होमगार्ड के जवानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कंपनी कमांडर शर्मा ने बताया कि जल संरक्षण और स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, जल है तो कल है। जल की सफाई करना हम सभी का कर्तव्य है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल बावड़ी की साफ-सफाई करना था, बल्कि लोगों में जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना भी था।

यह पहल होमगार्ड जवानों की समर्पित सेवाओं का एक उदाहरण है। ऐसे प्रयासों से न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलती है, बल्कि समाज में स्वच्छता का संदेश भी फैलता है। सभी क्षेत्र वासियों से अपेक्षा है कि वे इस तरह के स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाते रहेंगे, ताकि हमारा पर्यावरण और हमारा शहर और भी स्वच्छ और सुंदर बन सके।


**मुहिम** सोलन में नेशनल हाईवे पर वाहनों की अवैध पार्किंग से ट्रैफिक समस्या बढ़ती जा रही

# दुकानदारों ने हटाया अतिक्रमण, खुली दिखी सड़कें

**अनंत ज्ञान, सोलन**

प्रशासन की कार्रवाई से पहले ही नेशनल हाईवे और सोलन बाजार से अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू हो गया। प्रदेश हाई कोर्ट के आदेशानुसार प्रशासन 13 और 14 मई को मुख्य मार्गों सहित माल रोड सोलन और राजगढ़ रोड से एक बार फिर से अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाएगा।

प्रशासन ने स्थानीय लोगों और दुकानदारों से अवैध पार्किंग और अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित विभाग का सहयोग करने को कहा था, जिसका असर अब माल रोड और बाजार में दिख रहा है। सोलन में नेशनल हाईवे सहित शहर की मुख्य सड़कों में वाहनों की अवैध पार्किंग से ट्रैफिक समस्या बढ़ती जा रही है। जिला मुख्यालय सोलन से होकर गुजर रहे नेशनल हाईवे-5 के परवाणू- सोलन और चंबाघाट-कैथलीघाट फोरलेन के किनारे अवैध पार्किंग और अतिक्रमणकारियों पर अब शिकंजा कसने वाला है।



सोलन के माल रोड में अतिक्रमण हटाने से खुली दिखी सड़क।

### हाईवे व राजगढ़ रोड में अधिक समस्या

**हाईवे** में सोलन से चंबाघाट तक, सपरून से समलेच तक सिटी पुलिस चौकी से लेकर जौणाजी रोड, परवाणू-सोलन फोरलेन में रबोन, सपरून, बाइपास, सब्जी मंडी से चंबाघाट तक रोड साइड पार्किंग से हमेशा वाहन दुर्घटना का खतरा रहता है। इससे जहां एक तरफ राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतिक्रमण के चलते सपरून और माल रोड पर अक्सर जाम की स्थिति भी देखने को मिल रही है। इससे ट्रैफिक पुलिस नाखुश है।

### दुकानदार बार-बार कर रहे अतिक्रमण

**इससे** पहले भी माल रोड सोलन और राजगढ़ रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बावजूद दुकानदार बार-बार अतिक्रमण कर सड़क और फुटपाथ में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इससे पुलिस को ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रखने में खासी मशक्कत करनी पड़ती है, साथ ही राहगीरों को पैदल चलने में दिक्कतें आ रही हैं। रोड साइड वाहनों की पार्किंग से तंग आकर ट्रैफिक पुलिस पहले भी जिला प्रशासन को पत्र लिख कर वस्तुस्थिति से अवगत करवा चुकी है। जिला प्रशासन ने भी विकराल होती ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए रोड साइड पार्क वाहनों को हटाने के लिए दो सप्ताह समय दिया था पर इस अपील का ज्यादा असर नहीं हुआ। पुलिस ने वाहन के चालान भी काटे पर समस्या का समाधान नहीं हुआ।

# पाइनग्रोव स्कूल में मां के प्रेम, त्याग व बलिदान को समर्पित कार्यक्रम किए प्रस्तुत



पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में मातृ दिवस के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देते बच्चे।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में कक्षा दूसरी से पांचवीं तक और सुबाथू के विद्यार्थियों ने मातृ दिवस को बड़े ही भावनात्मक और हर्षोल्लास पूर्ण ढंग से मनाया।

इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों ने मां के प्रेम, त्याग और बलिदान को समर्पित अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत एक भावनात्मक वीडियो प्रस्तुति से हुई। इसमें मां और बच्चे के बीच के अनमोल संबंध को दर्शाते हुए कई सुंदर और मार्मिक पलों को सम्मिलित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए सच्चे और कोमल संदेशों ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं। इसके पश्चात छात्रों ने हिंदी और अंग्रेजी में कविताओं का सुंदर और भावपूर्ण पाठ किया। हर एक कविता में मां के प्रति आभार, प्रेम और सम्मान की भावना स्पष्ट रूप से उजागर थी। शब्दों के माध्यम से बच्चों ने मां की ममता को दिल से नमन किया। कार्यक्रम का समापन एक आकर्षक नृत्य प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को जीवंत कर दर्शकों से खूब सराहना प्राप्त की। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम न होकर सभी माताओं के प्रति प्रेम, कृतज्ञता और भावनात्मक जुड़ाव को समर्पित एक सुंदर प्रस्तुति थी।

## न्यूज ब्रीफ

### फैक्टरी में आग लगने से मचा हड़कंप

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंचकूला के इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 में सोमवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक फैक्टरी में आग लग गई। आग लगने के बाद धुएं का काला गुबार आसमान तक पहुंच गया। आग लगने की घटना दोपहर 3.15 की है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग भी हरकत में आया और मौके पर तीन फायर टेंडर पहुंच गए। दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे हैं। फैक्टरी से उठ रहा धुआं आसपास के इलाके में भी फैल गया। मौके पर लोगों की खासी भीड़ इकट्ठा हो गई। कंपनी मालिक टीबी दास ने बताया कि दोपहर में अचानक आग लगी है। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पंचकूला के इंडस्ट्रियल एरिया फेज 2 में प्लॉट नंबर-124 स्थित फैक्टरी में आग की घटना हुई है। बताया जा रहा है कि यह इंक बनाने वाली फैक्टरी है, जिसमें आग लगी है। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि फैक्टरी के अंदर 10 से 12 धमाके भी हुए हैं। क्योंकि फैक्टरी में कैमिकल भी है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटे हुए हैं।



### स्कूलों में निगरानी के लिए गठित होगी एसएमसी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** राजकीय स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियों को मजबूती देने, दाखिला का ग्राफ बढ़ाने और ग्रांट के सही उपयोग को लेकर विद्यालय प्रबंधन समितियों का गठन किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के गठन को लेकर प्रदेशभर के राजकीय स्कूलों में साझी सभाएं होंगी, जिनमें पिछली एसएमसी दो सालों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करेगी। 19 से 23 मई तक साझी सभाओं का आयोजन होगा, जिनमें नई एसएमसी गठित होंगी। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन का शेड्यूल जारी कर दिया है। सभी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, खंड शिक्षा अधिकारी, राज्य के सभी राजकीय विद्यालयों के मुखिया व प्रभारी को निर्देश दिए गए हैं कि साझी सभा का आयोजन 19 मई से 23 मई की अवधि के बीच विद्यालयों में किया जाएगा। सभी माता-पिता अथवा संरक्षक जिनके बच्चे विद्यालय में पढ़ते हैं और अन्य चयनित प्रतिनिधियों को साझी सभाओं में आमंत्रित किए जाएंगे। साझी सभा के लिए विद्यालय में नामांकित कुल छात्रों में से कम से कम 50 फीसी छात्राओं के अभिभावक साझी सभा में जरूर आमंत्रित किए जाएं। ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, नगर परिषद और निर्वाचित प्रतिनिधियों को साझी सभा का निमंत्रण भेजा जाए। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चयन साझी सभा के दौरान ही होगा। इसके साथ ही, किसी भी एसएमसी में एक ही परिवार के एक से ज्यादा सदस्य नहीं होंगे।

### ईंट भट्टे पर काम कर रहे 39 बांग्लादेशी पकड़े

**अनंत ज्ञान, हिसार।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और फिर सीजफायर के बाद पुलिस ने एक ईंट भट्टे से 39 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। यह सभी अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। इनमें 14 पुरुष, 11 महिलाएं और 14 बच्चे शामिल हैं। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस इन मजदूरों को बांग्लादेश डिपोर्ट करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार हांसी पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर तोशाम रोड स्थित ढाणी सांकरी के एक ईंट भट्टे पर मजदूरी कर रहे लोगों से पूछताछ की। इस दौरान इनके पास से किसी भारतीय होने का किसी तरह के डॉक्यूमेंट नहीं मिले हैं। इसके बाद हांसी पुलिस ने इन 39 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ कर सदर थाने ले आई। ये सभी गैर कानूनी तरीके से ईंट भट्टे पर रह रहे थे। पकड़े गए लोगों में 14 पुरुष, 11 महिलाएं और 14 बच्चे शामिल हैं। पुलिस के अनुसार पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि वे काम की तलाश में अवैध रूप से बॉर्डर क्रॉस करके बांग्लादेश से यहां आए थे। इसे मामले में सुरक्षा एजेंसियां जांच कर रही हैं।

### भारत ने मालदीव को दिए 50 मिलियन डॉलर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने 50 मिलियन डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के माध्यम से मालदीव को वित्तीय सहायता प्रदान की है। मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने ट्वीट किया, 'मैं 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के माध्यम से मालदीव को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और भारत सरकार के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। यह समय पर की गई सहायता मालदीव और भारत के बीच मित्रता के घनिष्ठ संबंधों को दर्शाती है और आर्थिक लचीलेपन के लिए राजकोषीय सुधारों को लागू करने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों का समर्थन करेगी।' (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान में लगे भूकंप के झटके

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.6 मापी गई। भूकंप दोपहर 1 बजकर 26 मिनट और 32 सेकंड (भारतीय समयानुसार) पर दर्ज किया गया। भूकंप का केंद्र पृथ्वी की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में था। इसका उपकेंद्र 29.12 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 67.26 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था, जो पाकिस्तान के बलूचिस्तान क्षेत्र के अंतर्गत आता है। (अनंत ज्ञान)

### स्कूल बस ने कुचले कई लोग, एक की मौत

**एजेंसी, भोपाल।** एमपी की राजधानी भोपाल स्थित बाणगंगा चौराहा पर सोमवार उस वक्त चीख पुकार मच गई, जब सिग्नल पर आकर बस के फेल हो गए। इसके चलते इंटर्नशिप कर रही लेडी डाक्टर आयशा खान की कुचलने से मौत हो गई। बस ने 8 और गाड़ियों को रौंद दिया, जिसके चलते 6 लोगों के शरीर पर गंभीर चोटें आई है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर दो की हालत भी अत्यंत नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से भाग निकला, जिसकी तलाश की जा रही है। बताया गया है कि बाणगंगा चौराहा पर रेड सिग्नल होने के कारण चार पहिया व दो पहिया वाहन आकर रुक गए। इस दौरान तेज गति से आई स्कूल बस आगे खड़ी गाडियों को कुचलते हुए बढ़ गई। बस के ठीक सामने खड़ी स्कूटी पर बैठी युवती टक्कर लगते ही स्कूटी सहित उछलकर बस के अगले हिस्से में फंस गई। हादसे में युवती की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो सिग्नल पर 10-12 वाहन खड़े थे। इसी दौरान पीछे से स्कूल बस आई। बस का ड्राइवर हटो-हटो चिल्ला रहा था। कुछ ही सेकंड्स में बस लोगों को कुचलती हुई आगे बढ़ गई। बस रोशनपुर चौराहा से पॉलीटेक्निक कॉलेज की तरफ जा रही थी। (अनंत ज्ञान)



## यूटीसीए ने क्रिकेट स्टेडियम में लगाया रक्तदान शिविर

# 305 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

राष्ट्र के प्रति एकजुटता और सेवा की भावना व्यक्त करते हुए, यूटी क्रिकेट एसोसिएशन (यूटीसीए) ने सोमवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 16 क्रिकेट स्टेडियम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन दोहरे उद्देश्य से किया गया था, जिसमें राष्ट्रीय रक्त भंडार को मजबूत करना और सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच चल रहे राहत प्रयासों का समर्थन करना था। यह पहल गली क्रिकेट के स्थगित होने के मद्देनजर की गई और ब्लड बैंक, पीजीआई और जीएमसीएच-16 के सहयोग से आयोजित की गई थी।

शिविर में न केवल क्रिकेटरों और खिलाड़ियों बल्कि विभिन्न क्षेत्रों के उत्साही नागरिकों की भी भारी भागीदारी देखी गई, जिसके परिणामस्वरूप 305 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

पंजाब के राज्यपाल और यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने इस अवसर पर शिरकत की और रक्तदाताओं से बातचीत कर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब हमारे बहादुर सैनिक देश की सीमाओं पर डटे हैं, हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने तरीके से सेवा करे। रक्तदान देशभक्ति का एक ऐसा कार्य है जो जीवन बचा सकता है और हमारी चिकित्सा प्रक्रिया को मजबूती प्रदान कर सकता है।

उन्होंने घोषणा की कि 15 मई को शहर भर में ऐसे कई और शिविर आयोजित किए जाएंगे, जो स्वैच्छिक रक्तदान को नागरिक कर्तव्य के रूप में बढ़ावा देने के मिशन को मजबूत करेंगे। कार्यक्रम में आरके सिंह, आईजी चंडीगढ़ पुलिस, कंवरदीप, एसएसपी चंडीगढ़ और सौरभ अरोड़ा सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।




### रक्तदान करना जरूरी

**भारतीय** सेना ओर से रक्तदाताओं को धन्यवाद देते हुए यूटीसीए के अध्यक्ष संजय टंडन ने कहा कि एक स्पोर्ट्स बाडी के रूप में, हम मानते हैं कि यूटीसीए की जिम्मेदारी मैदान से भी परे है। यह रक्तदान अभियान इन चुनौतिपूर्ण समय के दौरान हमारे सशस्त्र बलों और साथी नागरिकों के साथ खड़े होने का एक विनम्र लेकिन शक्तिशाली तरीका है। यह भारत की भावना के प्रति हमारी श्रद्धांजलि है।

### छात्र ने महिला शिक्षक संग किया लिपलॉक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** छात्र-शिक्षक का रिश्ता बेहद पवित्र होता है। एक अध्यापक छात्र के सुनहरे भविष्य का निर्माण करता है, लेकिन यह अब कहने-सुनने की बातें हैं। आए दिन यह पवित्र रिश्ता सूली पर चढ़ जाता है। इसी कड़ी में एक ऐसी खबर आई है, जिसने सभी के होश उड़ा दिए हैं। यहां एक छात्र और उसकी महिला शिक्षक शर्मनाक हरकत करते नजर आए हैं, जिससे हड़कंप मच गया है। एक छात्र ने पहले अपनी महिला शिक्षक के साथ लिपलॉक किया और फिर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया। मामला हरियाणा के नारनौल आईटीआई का है।

सवा एक मिनट का यह वीडियो जंगल की आग की तरह सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक छात्र अपने फोन का कैमरा चालू कर कमरे में जाता है और अकेली बैठी महिला शिक्षक को इशारा करता है और फिर उसके साथ लिपलॉक करता है। वीडियो में छात्र का चेहरा साफ दिखाई देता है, जबकि शिक्षिका की केवल हल्की झलक नजर आती है। वीडियो के वायरल होने के बाद कॉलेज परिसर में तनाव का माहौल है। बताया जा रहा है कि संस्थान ने आरोपी छात्र को निष्कासित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### होंडा मोटरसाइकिल ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**अनंत ज्ञान, पटियाला**

सड़कों को सुरक्षित बनाने और जिम्मेदार तरीके से वाहन चलाने की आदत को बढ़ावा देने के अपने लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज पटियाला में बच्चों के लिए एक सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में अपोलो पब्लिक स्कूल और सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल, मॉडल टाउन के 2400 से अधिक छात्र और स्टाफ ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम सड़क सुरक्षा के बारे में सीखने और समझने के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें इंटरएक्टिव सत्र और व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल थे। होंडा के इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा और अनुभव के माध्यम से लोगों में सुरक्षा का महत्व समझाना था। कार्यक्रम सड़क सुरक्षा की बुनियादी बातें सिखाने पर केंद्रित था, ताकि लोग सुरक्षित तरीके से सड़क पर चलें।

कार्यक्रम के दौरान संवादात्मक गतिविधियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा जागरूकता पर ध्यान केन्द्रित किया गया। इन गतिविधियों में सुरक्षित सवारी सिद्धांत, हेलमेट जागरूकता,स्थैतिक प्रदर्शन, खेल और क्विज शामिल थे। बच्चों ने सड़क सुरक्षा के महत्व को समझने के लिए शैक्षिक गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें प्रमुख सुरक्षा अवधारणाओं को सरल तरीके से प्रस्तुत किया गया। सुलभ तरीके से यातायात चिन्हों को समझने से लेकर यह सीखने तक कि छोटे व्यवहारिक बदलाव कैसे बड़ा असर डाल सकते हैं, पर सत्र आयोजित किए गए।

## सेना के सम्मान में भाजपा चंडीगढ़ में 15 को निकालेगी तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को समर्पित करते हुए भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ 15 मई को शाम 5 बजे सेक्टर 17 प्लाजा से 'सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा' का आयोजन करेगी। इस यात्रा के माध्यम से पार्टी देश के जवानों को नमन करेगी और देशवासियों से उनके समर्थन में एकजुट होने की अपील करेगी।



भाजपा के मीडिया प्रभारी संजीव राणा ने बताया कि इस तिरंगा यात्रा में पार्टी के सभी मोर्चों के कार्यकर्ता, वरिष्ठ पदाधिकारी, महिलाएं, युवा और शहरवासी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों, सैकड़ों तिरंगों और राष्ट्रगान के साथ माहौल पूरी तरह देशप्रेम से सराबोर रहेगा।

संजीव राणा ने अपने बयान में कहा, यह तिरंगा यात्रा केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि आतंक के समर्थकों को चेतावनी है कि भारत अब जवाब चुपचाप नहीं, खुलकर देता है। हमारी सेना ने एक बार फिर साबित किया है कि भारत की सुरक्षा अडिग है और हम उनके साथ खड़े हैं।

उन्होंने शहरवासियों, विशेष रूप से युवाओं से इस यात्रा में शामिल होने की अपील करते हुए कहा, 15 मई को शाम 5 बजे सेक्टर 17 प्लाजा में हर देशभक्त को तिरंगा लेकर आना चाहिए। यह समय सिर्फ देखने का नहीं, देश के लिए एकजुट होकर खड़े होने का है।

## एलआईसी एजेंट एसो. के अनिल बने प्रधान



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आज एलआईसी एजेंट एसोसिएशन अलीका यूनिट 1 सेक्टर 17 चंडीगढ़ के इलेक्शन हुए, जिसमें प्रधान और जरनल सेक्रेटरी के लिए इलेक्शन हुए। जिसके अंतर्गत प्रधान अनिल कुमार और जनरल सेक्रेटरी केके मारवाह चुने गए। यह इलेक्शन अलीका यूनिट 1 के द्वारा हर 3 साल बाद करवाए जाते है। जिसमें अभिकर्ता वेलफेयर के बारे में कार्य किया जाता है। इस जीत की खुशी के मौके पर प्रधान अनिल कुमार और जनरल सेक्रेटरी के के मारवाह जी ने सभी अभिकर्ता साथियों का धन्यवाद किया।

## रोहतक में पैराग्लाइडिंग के दौरान हादसा, ट्रेनर की मौत

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** मौसम में बदलाव से आंधी आने पर गांव मायना के पास पैराग्लाइडिंग के दौरान हादसा हो गया, जिससे ट्रेनर की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और इस बारे में पता किया।

गांव मायना के पास पिछले कई माह से पैरामोटर से पैराग्लाइडिंग करवाई जा रही है। जब ट्रेनर गांव मोखरा खास निवासी नरेन्द्र एक महिला को पैराग्लाइडिंग करवा रहा था तभी अचानक से मौसम में बदलाव हो गया और आंधी चलने लगी, जिससे पैरामोटर का संतुलन बिगड गया और वह आसमान से जमीन पर गिरने लगा और एक मकान से टकरा गए, जिससे नरेन्द्र व महिला नीरू गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को तुरंत ईलाज के लिए पीजीआई में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने नरेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

## देश-विदेश

### नापाक पाकिस्तान के एक और झूठ का पर्दाफाश

# भारतीय हमले में बर्बाद हुए अपने ही एयरबेस को भारत का बताया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत सरकार ने एक बार फिर पाकिस्तान की ओर से फैलाए जा रहे झूठ का पर्दाफाश किया है। इस बार पाकिस्तान ने दावा किया कि एक भारतीय एयरफील्ड उसके हमले में नष्ट हो गया था।

पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने अपनी मीडिया ब्रीफिंग में एक भारतीय न्यूज चैनल के वीडियो का चुनिंदा हिस्सा दिखाया, जिसमें दावा किया गया कि यह भारतीय एयरबेस को नुकसान का सबूत है। हालांकि, भारत के प्रेस इंफोर्मेशन ब्यूरो की फैक्ट-चेक यूनिट ने खुलासा किया कि वीडियो को गलत तरीके से एडिट किया गया था।

पीआईबी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'पाकिस्तान अपने लोगों को गुमराह करने के लिए फर्जी वीडियो का इस्तेमाल कर रहा है।' भारतीय समाचार चैनल की ओर से दिखाया गया पूरा वीडियो वास्तव में भारतीय सैन्य कार्रवाई के दौरान एक पाकिस्तानी एयरफील्ड के नष्ट होने की बात थी, न कि भारतीय हवाई अड्डे की। हालांकि, डीजी आईएसपीआर ने 41 सेकंड के वीडियो में से सिर्फ 5 सेकंड का हिस्सा दिखाया, जिसमें असली जानकारी हटा दी गई। यह घटना पाकिस्तान के झूठे प्रचार का एक और उदाहरण है। भारतीय अधिकारियों ने सही तथ्यों के साथ झूठी कहानियों का मुकाबला करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। इससे पहले, पाकिस्तानी सोशल मीडिया पर दावे किए गए थे कि बठिंडा एयरफील्ड नष्ट हो गया है, जिसे भारत ने खारिज कर दिया था। (अनंत ज्ञान)


भारतीय हमले में बर्बाद हुए पाकिस्तान के एक एयरबेस की तस्वीर।

#### अपने ही लोगों को गुमराह कर रहा पाकिस्तान

#### बठिंडा एयरफील्ड पूरी तरह सुरक्षित

**पीआईबी** के फैक्ट चेक ने स्पष्ट किया कि ये पोस्ट जानबूझकर फैलाई जा रही हैं और बठिंडा एयरफील्ड पूरी तरह से काम कर रहा है और इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ है। पीआईबी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में कहा, 'बठिंडा के बारे में वायरल दावे! सोशल मीडिया पर पोस्ट फैलाए जा रहे हैं कि बठिंडा एयरफील्ड नष्ट हो गया। पीआईबी फैक्ट चेक में ये खबर फर्जी निकली है। बठिंडा एयरफील्ड पूरी तरह से चालू है और कोई नुकसान नहीं हुआ। गलत जानकारी पर भरोसा न करें, जागरूक रहें, सतर्क रहें।'

### खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमला

**पेशावर।** भारत के साथ चार दिन के संघर्ष के बाद नतमस्तक हुए पाकिस्तान को अपने घर में भी मात मिल रहा है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर में रविवार रात एक आत्मघाती हमले में दो पुलिसकर्मियों, जिनमें एक सब-इंस्पेक्टर शामिल है, की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। मामले में एसएसपी मसूद बंगश ने बताया कि यह हमला चमकनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रिंग रोड पर मौजूद पशु बाजार के पास पुलिस की मोबाइल वैन को निशाना बनाकर किया गया। आत्मघाती हमलावर ने खुद को पुलिस वाहन के पास उड़ा लिया। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस ने कश्मीर पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता पर केंद्र से मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को केंद्र सरकार से कश्मीर मुद्दे पर स्पष्टीकरण मांगा है और पूछा है कि क्या केंद्र सरकार कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के लिए तैयार है? साथ ही कांग्रेस पार्टी ने चेताया है कि अगर सरकार कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार करती है तो ये शिमला समझौते का उल्लंघन होगा।



कांग्रेस पार्टी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर सवाल उठाए जिनमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि उन्होंने ही भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता कराई। तिरुवनंतपुरम में पार्टी के एक कार्यक्रम में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि उनकी पार्टी जानना चाहती है कि क्या देश की विदेश नीति में किसी तरह का बदलाव किया गया है। उन्होंने इस मामले पर जल्द से जल्द संसद सत्र बुलाने की मांग की। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि 'क्या शिमला समझौता, जो कश्मीर मुद्दे पर भारत-पाकिस्तान के अलावा तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को खारिज करता है, क्या उसका उल्लंघन हुआ है? (अनंत ज्ञान)

### गाजा में इसराइली हमले में 16 लोगों की मौत

**एजेंसी, गाजा**

गाजा में इसराइल की तरफ से हवाई हमले लगातार जारी हैं। ताजा हमले में 16 लोगों की मौत हो गई है। इसे लेकर स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि आश्रय स्थल पर हमले में ज्यादातर बच्चे-महिलाएं शिकार बने हैं।

गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने बताया कि जबालिया इलाके में एक स्कूल पर हुए हमले में मारे गए लोगों में कम से कम पांच बच्चे और चार महिलाएं शामिल हैं। इसने यह भी बताया कि कई लोग घायल हुए हैं।



इस मामले में इसराइली सेना का कहना है कि गाजा में वह केवल आतंकवादियों को निशाना बनाती है। वहीं, आम नागरिकों की मौत के लिए हमास दोषी है, क्योंकि उसके लड़ाके हमारे हमलों से बचने के लिए घनी आबादी वाले इलाकों में काम करते हैं। (अनंत ज्ञान)

# चीन और अमेरिका में 90 दिनों के लिए शुल्क घटाने पर बनी सहमति

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका और चीन इस बात पर सहमत हुए हैं कि वे 90 दिनों की शुरुआती अवधि के लिए अपने पहले से घोषित पारस्परिक शुल्क और जवाबी शुल्क वापस ले लेंगे। इस बीच, चीन अमेरिकी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाएगा और अमेरिका चीनी वस्तुओं पर लगभग 30 प्रतिशत तक शुल्क वसूलेगा। सोमवार को एक संयुक्त बयान के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए उनके द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार संबंधों के महत्व को पहचानते हुए अमेरिका और चीन के बीच सहमति बनी। दोनों देशों ने एक स्थायी, दीर्घकालिक और पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक और व्यापार संबंधों के महत्व को पहचाना।



दोनों देशों ने अपनी हालिया चर्चाओं पर विचार किया और माना कि निरंतर चर्चाओं में उनके आर्थिक और व्यापार संबंधों में प्रत्येक पक्ष की चिंताओं को दूर करने की क्षमता है। आगे बढ़ते हुए, दोनों देश आर्थिक और व्यापार संबंधों के बारे में चर्चा जारी रखने के लिए एक तंत्र स्थापित करेंगे।

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पद संभालने के दर्जनों ऐसे देशों पर पारस्परिक शुल्क लगाए थे, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है। (अनंत ज्ञान)

#### डील से वैश्विक शेयरों में उछाल

**अमेरिका** और चीन में हुई इस डील से वैश्विक शेयरों में उछाल आया। अमेरिकी वायदा बाजार में 2 प्रतिशत से अधिक की मजबूती आई। हांगकांग के हैंग सेंग सूचकांक में करीब 3 प्रतिशत की उछाल आई और जर्मनी और फ्रांस के बेंचमार्क सूचकांकों में 0.7 प्रतिशत की तेजी आई।


## खुलासा — भारतीय सशस्त्र बल ने पेश किए ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के सबूत

# किराना हिल्स पर हमले से उड़ गई थी पाकिस्तान की नींद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया है। भारत के सशस्त्र बल लगातार इससे जुड़े सबूत भी पेश कर रहे हैं। भारतीय सेनाओं की तरफ से किए गए हमले कितने सटीक थे, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अपने एयरबेसेज को हुए नुकसान के बाद पाकिस्तान ने दर्जनों देशों से संपर्क किया और आखिर में अमेरिका के सामने आकर संघर्ष विराम की मांग उठा दी।

इनमें सबसे बड़ा खुलासा हुआ है पाकिस्तान के सरगोधा में स्थित एयरबेस को निशाना बनाने का। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस एयरबेस पर भारत के हमले के बाद पाकिस्तान के साथ-साथ अमेरिका तक की नींद उड़ गई। सीएनएन से लेकर न्यूयॉर्क टाइम्स तक की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि शुरुआत में संघर्ष को नियंत्रण में रखने की बात कर रहा ट्रंप प्रशासन एकाएक परमाणु आपदा के खतरे को देखते हुए एक्शन में आया और लगातार बढ़ते संघर्ष को रुकवाने में बड़ी भूमिका निभाई।


पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस के नजदीक स्थित किराना हिल्स की सैटेलाइट तस्वीर।

पाकिस्तान को सबसे बड़ा झटका 10 मई की सुबह लगा, जब भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के आठ सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिनमें हवाई अड्डे, रडार इकाइयां और गोला-बारूद के भंडार शामिल थे। भारतीय वायुसेना ने रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहीम यार खान, सुक्कुर, चुनियन, पसरूर और सियालकोट में सैन्य ठिकानों पर हमला किया था। यह हमला पड़ोसी देश की ओर से लड़ाकू विमानों, मानवरहित लड़ाकू हवाई वाहनों (यूसीएवी) और मिसाइलों का इस्तेमाल कर भारत के सैन्य बुनियादी ढांचे और नागरिक क्षेत्रों पर किए गए हमलों के जवाब में किया गया था। (अनंत ज्ञान)

#### आखिर इतनी अहम क्यों हैं किराना हिल्स ?

**जिन** किराना हिल्स को निशाना बनाए जाने की बात चल रही है, आखिर वे इतनी अहम क्यों हैं? भारत की तरफ से पाकिस्तान के एयरबेस तबाह किए जाने के बाद अमेरिका को ऐसा क्या खतरा महसूस हुआ, जिससे उसे संघर्ष को रोकने के लिए आगे आना पड़ा? दरअसल, किराना हिल्स पहली बार दुनिया में चर्चा में तब आई थीं, जब अमेरिकी सैटेलाइट्स ने यह पकड़ा कि पाकिस्तान 1983 से 1990 के बीच लगातार परमाणु परीक्षण की तैयारी करता रहा। बाद में अमेरिका ने पाकिस्तान के परमाणु परीक्षणों पर आपत्ति जताई और इसी के साथ इस केंद्र पर परमाणु परीक्षणों को रोक दिया गया था।

## स्पोर्ट्स विंडो

### आईपीएल के लिए भारत नहीं लौटने वाले आस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों के साथ सीए : रिपोर्ट

**एजेंसी, मेलबर्न।** आईपीएल स्थगित होने के बाद वापस लौटे आस्ट्रेलिया के खिलाड़ी अगर बाकी मैचों के लिए भारत वापस लौटना नहीं चाहते तो क्रिकेट आस्ट्रेलिया उन्हें समर्थन मिलेगा। यहां एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। विभिन्न आईपीएल टीमों के आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी स्वदेश पहुंच चुके हैं। रिकी पोंटिंग और ब्राड हाडिन जैसे कुछ पूर्व खिलाड़ी भारत में रह गए हैं जो कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं। दूसरे कोच मसलन जस्टिन लैंगर और माइक हस्सी भी भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव के चलते लौट गए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम की घोषणा के बाद खिलाड़ियों को लौटने के लिए कहा गया है क्योंकि आईपीएल एक सप्ताह के भीतर फिर शुरू होने वाला है। 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' ने कहा ,'' घबराए हुए आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अगर सुरक्षा कारणों से वापस जाना नहीं चाहते हैं तो क्रिकेट आस्ट्रेलिया उनका समर्थन करेगा।'' इसमें कहा गया ,'' आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी चिंतित और डरे हुए हैं । रिकी पोंटिंग और ब्राड हाडिन समेत कोचिंग स्टाफ के सदस्य भारत में हैं जबकि खिलाड़ी लौट आए हैं।'' रिपोर्ट में कहा गया ,'' इस परिप्रेक्ष्य में सीए आईपीएल में लौटने को लेकर खिलाड़ियों के फैसला लेने के अधिकार का बचाव करेगा।''(अनंत ज्ञान)

### हर खेल को एक-एक कर फोकस के साथ खेलना चाहिए : जू वेनजुन

**एजेंसी, स्टावेंगर (नॉर्वे)।** नॉर्वे चेस वूमेन 2025 टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण को लेकर मौजूदा चैंपियन जू वेनजून ने अपनी उत्सुकता और उम्मीदें साझा की हैं। यह टूर्नामेंट 26 मई से 6 जून के बीच स्टावेंगर सिटी के फिनान्सपार्कन (एसआर-बैंक) में आयोजित होगा। चीनी ग्रैंडमास्टर जू वेनजून ने कहा, मैं नॉर्वे चेस वूमेन 2025 में हिस्सा लेने को लेकर बहुत रोमांचित हूं। यह मेरा इस टूर्नामेंट में दूसरा अनुभव होगा। इस बार कई मजबूत शतरंज खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं। मुझे लगता है कि अब लोग आर्मगेडन और टाइम कंट्रोल फॉर्मेट से ज्यादा परिचित हैं, जिससे टूर्नामेंट और भी रोमांचक होगा। जू वेनजून, जिन्हें मौजूदा समय में शतरंज की निर्विवाद महारानी कहा जाता है, इस साल की शुरुआत में अपना लगातार पांचवां वर्ल्ड चैंपियनशिप खिताब जीत चुकी हैं। उन्होंने सात साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू किया, 2004 में प्रोफेशनल बनीं, 2014 में ग्रैंडमास्टर की उपाधि पाई और 2018 में पहली बार विश्व चैंपियन बनीं। तब से लेकर अब तक वह महिलाओं की क्लासिकल शतरंज में अजेय रही हैं। वह वर्तमान वूमेन्स वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियन भी हैं और दो बार की वर्ल्ड रैपिड चैंपियन भी। अपनी यात्रा को याद करते हुए 34 वर्षीय वेनजून ने कहा, 'हर मुकाबला मेरे लिए एक यादगार और अनोखा अनुभव होता है। मेरा मानना है कि हर खेल को एक-एक कर फोकस के साथ खेलना चाहिए, कड़ी मेहनत करनी चाहिए और टीमवर्क जरूरी है। जब मैं खेल रही होती हूं, तो सबसे अच्छा होता है सिर्फ शतरंज पर ध्यान देना और मैच का आनंद लेना। (अनंत ज्ञान)




### अलेक्जेंड्रा का बेहतरीन अंदाज

**रूस।** अलेक्जेंड्रा कोंस्टेंटिनोव्ना कोस्टेनियुक एक रूसी और स्विस शतरंज ग्रैंडमास्टर हैं, जो 2008 से 2010 तक महिला विश्व शतरंज चैंपियन थीं । उन्होंने 2004 में यूरोपीय महिला चैंपियनशिप भी जीती और दो बार रूसी महिला शतरंज चैंपियन भी रही हैं।



## संन्यास

### कोहली के जादू ने प्रशंसकों को टेस्ट क्रिकेट से जोड़ा, कायम रहेगी विरासत

# टेस्ट के 'विराट युग' का अंत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के चैंपियन बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने भारत के लिए 123 टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 46.85 के औसत से 30 शतकों की मदद से 9230 रन बनाए हैं। जब टी20 क्रिकेट वैश्विक स्तर पर सुर्खियों में था, तब वह टेस्ट प्रारूप को बचाने की मुहिम में सबसे आगे थे।


वर्ष 2011 में पदार्पण करने के बाद से कोहली ने भारत को इस प्रारूप में दुनिया की नंबर एक टीम बनाया और 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक श्रृंखला जीत दिलाई। पिछले साल कैरेबियाई देश में भारत की टी20 विश्व कप जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था जिससे अब वह सिर्फ वनडे में खेलेंगे।

उन्होंने कहा, ''टेस्ट क्रिकेट में पहली बार 14 साल पहले 'बैगी ब्लू' पहनी थी। सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे किस सफर पर ले जाएगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे गढ़ा और मुझे ऐसे सबक सिखाए, जिन्हें मैं जीवन भर अपने साथ रखूंगा।

'' इस मेगास्टार का आखिरी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया दौरा था जो काफी निराशाजनक रहा था जिसमें उन्होंने सिर्फ एक शतक बनाया था। इस तरह उनके करियर का अंत 10,000 रन के आंकड़े से कम रहा जिसे एक समय औपचारिकता माना जा रहा था।

दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सात दोहरे शतकों के साथ इस प्रारूप के दिग्गज के रूप में अपनी पहचान बनाई जो किसी भारतीय खिलाड़ी के लिए सबसे अधिक है।

वह महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर (4), सचिन तेंदुलकर (6), वीरेंद्र सहवाग (6) और राहुल द्रविड़ (5) से काफी आगे है। ऐसे समय में जब टी20 लीग अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में काफी लोकप्रिय और सबसे ज्यादा देखी जाने वाली लीग बन गई है तब कोहली के जादू ने प्रशंसकों को टेस्ट क्रिकेट से जोड़े रखने में अहम भूमिका निभाई। यह बात सर विव रिचर्ड्स ने भी स्वीकार की जिनके साथ अक्सर उनकी शैली और आक्रामकता की तुलना की जाती थी। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में कोहली यह आक्रामकता कम कर दी थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पिछले दशक के अपने सबसे बड़े स्टार की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी ''विरासत हमेशा कायम रहेगी।'' बोर्ड ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''टीम इंडिया में उनके योगदान को हमेशा संजोकर रखा जाएगा।'' (अनंत ज्ञान)




**टेस्ट में विराट कोहली**

| | |
|---|---|
| मैच | 123 |
| पारी | 210 |
| रन | 9230 |
| औसत | 46.85 |
| शतक | 30 |
| अर्धशतक | 51 |

### अपने टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा

**कोहली** ने क्रिकेट के इस प्रारूप के लिए अपने विदाई नोट में लिखा, ''सफेद कपड़ों में खेलना अंदरूनी रूप से बहुत ही व्यक्तिगत होता है। शांति से मेहनत करना, लंबे दिन, छोटे-छोटे पल जिन्हें कोई नहीं देखता लेकिन ये पल हमेशा आपके साथ रहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब मैं खेल के इस प्रारूप से दूर जा रहा हूं तो यह आसान नहीं है, लेकिन यह सही लगता है। मैंने इसे अपना सब कुछ दिया है और इसने मुझे उम्मीदों से कहीं अधिक दिया है। मैं हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा।''

### पत्नी अनुष्का संग विदेश रवाना हुए कोहली



**टियरसमेंट** अनाउंस करने के बाद अनुष्का शर्मा और विराट कोहली एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए। विराट कोहली ने ऑफिशियली टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की अनाउंसमेंट कर दी है। इसके फौरन बाद वे पत्नी अनुष्का शर्मा संग एयरपोर्ट पर दिखे।

## क्रिकेट जगत ने कोहली की तारीफों के बांधे पुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टेस्ट क्रिकेट से विराट कोहली के संन्यास को 'एक युग का अंत' करार देते हुए क्रिकेट समुदाय ने इस महान बल्लेबाज की तारीफों के पुल बांधे हैं ।



36 वर्ष के कोहली ने 123 मैचों में 46.85 की औसत से 30 शतक समेत 9230 रन बनाने के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया । वह टी20 क्रिकेट से पहले ही विदा ले चुके हैं । आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा ,'' शानदार टेस्ट करियर के लिए बधाई विराट कोहली ।

टी20 क्रिकेट के उत्थान के दौर में पारंपरिक प्रारूप की लोकप्रियता बनाये रखने और अनुशासन, फिटनेस, प्रतिबद्धता के मामले में असाधारण उदाहरण प्रस्तुत करने के लिये धन्यवाद ।''

### शानदार टेस्ट करियर पर बधाई : रहाणे



**पूर्व** साथी क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे ने लिखा ,'' आपके साथ खेलने का सफर खास रहा । इतनी सारी शानदार यादें और साझेदारियां । शानदार टेस्ट करियर पर बधाई ।''

### टेस्ट खेलने का गर्व



**पूर्व** तेज गेंदबाज इरफान पठान ने लिखा ,'' बेहतरीन टेस्ट करियर पर बधाई विराट कोहली । कप्तान के तौर पर आपने मैच ही नहीं जीते, मानसिकता भी बदली । आपने फिटनेस, आक्रामकता और टेस्ट खेलने के गर्व को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया ।''

### स्टार खिलाड़ी की कमी खलेगी : आरसीबी

**कोहली** की आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कहा कि उन्हें टेस्ट प्रारूप में पूर्व कप्तान और अपने स्टार खिलाड़ी की कमी खलेगी । इसने कहा ,'' उनकी चाल, उनके शॉट, उनके हाव भाव, उनका जश्न मनाने का अंदाज । सभी की कमी खलेगी ।'' इसने कहा ,'' एक बेहतरीन टेस्ट दौर का अंत लेकिन उनकी विरासत हमेशा रहेगी, गर्व के साथ । इस साहस, आक्रामकता और बेमिसाल जुनून के लिए शुक्रिया विराट । टेस्ट क्रिकेट खेला ही नहीं, इसे बेहतर किया ।''(अनंत ज्ञान)

## विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में भारतीय अभियान समाप्त


**एजेंसी, शिकागो (अमेरिका)**

भारत के सभी चार खिलाड़ियों के एकल वर्ग में हार के साथ प्रतिष्ठित विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप में देश का अभियान समाप्त हो गया। महिला एकल भारत की इकलौती खिलाड़ी अनाहत सिंह मिस्र की फैरौज अबोएलखेर से 1-3 से हार गई।

अनाहत दूसरे गेम के बाद बराबरी करने में सफल रहीं, लेकिन 28 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच को 7-11, 11-8, 4-11, 3-11 से गंवा बैठी।

विश्व में 62वें स्थान पर काबिज 17 वर्षीय अनाहत ने पहले दौर में विश्व की 28वें नंबर की अमेरिका की मरीना स्टेफनोनी को हराया था। पुरुष एकल में अभय सिंह, वीर चोटरानी और रमित टंडन भी अपने दूसरे दौर के मैच हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। अभय को मिस्र के विश्व के 13वें नंबर के खिलाड़ी यूसुफ इब्राहिम ने 3-0 (11-6, 11-6, 11-9) से हराया। चोटरानी भी चुनौती पेश करने में नाकाम रहे और मिस्र के ही शीर्ष वरीयता प्राप्त अली फरग से 1-3 (11-7, 7-11, 3-11, 10-12) से हार गये।

टंडन का मैच सबसे करीबी रहा। वह इंग्लैंड के आठवें वरीय मारवान एल्शोरबागी से 2-3 (9-11, 7-11, 11-5, 11-8, 8-11) से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। (अनंत ज्ञान)



## महिला प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय टीम घोषित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने महिला प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें मिडफील्डर सलीमा टेटे को कप्तान बनाया गया है। भारत 14 से 29 जून तक लंदन, एंटवर्प और बर्लिन में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगा। टीम 14 जून को अपने अभियान की शुरुआत करेगी। वहीं अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उप कप्तान होंगी। टीम में गोलकीपर सविता और बीचू देवी खारीबाम शामिल हैं। अनुभवी सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, सुमन देवी थौदम, ज्योति सिंह, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री डिफेंडर होंगी।

मिडफील्ड की जिम्मेदारी वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुजाता, मनीषा चौहान, नेहा, सलीमा, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और महिमा टेटे के कंधों पर होगी। दीपिका, नवनीत, दीपिका, बलजीत कौर, रुतुजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग और साक्षी राणा फॉरवर्ड होंगी। स्टैंडबाय सूची में गोलकीपर बंसरी सोलंकी और डिफेंडर अजमीना शामिल हैं।(अनंत ज्ञान)

## इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप

### सुरेश रैना, शिखर धवन, गुप्टिल और दिलशान जैसे दिग्गज करेंगे शिरकत

**एजेंसी, ग्रेटर नोएडा**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) में हिस्सा लेने जा रहे हैं। यह टूर्नामेंट 27 मई से 5 जून के बीच ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा। इस ग्लोबल क्रिकेट लीग में श्रीलंका के पूर्व ओपनर तिलकरत्ने दिलशान, न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान जैसे इंटरनेशनल दिग्गज खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे।

इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से इंडियन वॉरियर्स टीम उतरेगी, जिसमें रैना और धवन के अलावा पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार और मनप्रीत गोनी जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल होंगे। कुल 6 टीमें टूर्नामेंट में भाग लेंगी, जो दुनिया के छह अलग-अलग महाद्वीपों का प्रतिनिधित्व करेंगी।

आईएलसी के डायरेक्टर गौरव कमल ने सोमवार को टूर्नामेंट को लेकर एक बयान में कहा, 'इन दिग्गज खिलाड़ियों ने सालों तक हमें रोमांचित किया है, और अब एक बार फिर ये मैदान में लौटकर हमें पुरानी यादें ताजा कराएंगे। आईएलसी उनके क्रिकेटिंग करियर को सम्मान देने के साथ-साथ खेल की वैश्विक एकता का उत्सव भी है।

वहीं, आईएलसी के एक और निदेशक मनीष भट्ट ने कहा, शिखर धवन की क्लासिक बल्लेबाजी और सुरेश रैना की धमाकेदार स्ट्रोक्स इस टूर्नामेंट को बेहद खास बना देंगे। इनका अनुभव और करिश्मा युवा क्रिकेट फैंस को प्रेरित करेगा। इस लीग में कुल 18 मुकाबले खेले जाएंगे और सभी मैच सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर लाइव प्रसारित किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

**ये टीमें हैं**
इंडियन वॉरियर्स, अफ्रीकन लायंस, ट्रांस टाइटन्स (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड), यूरो ग्लैडिएटर्स, अमेरिकन स्ट्राइकर्स और एशियन एवेंजर्स।




## रियल मैड्रिड को हराकर ला लीगा खिताब के करीब पहुंचा बार्सिलोना



**एजेंसी, बार्सिलोना।** ला लीगा में खेले गए एल क्लासिको मुकाबले में बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 4-3 से हराकर खिताब की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिए। इस जीत के साथ बार्सिलोना ने तालिका में मैड्रिड पर सात अंकों की बढ़त बना ली है और अब सिर्फ तीन मैच बाकी हैं।

रियल मैड्रिड की ओर से किलियन मबाप्पे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक लगाई, लेकिन बार्सिलोना की तरफ से राफिन्हा के दो गोल और लामिन यमाल व एरिक गार्सिया के एक-एक गोल ने मैच का पासा पलट दिया।

चैंपियंस लीग से बाहर होने के बाद यह मैच बार्सिलोना के लिए 'करो या मरो' जैसा था, लेकिन कोच हैंसी फ्लिक की टीम ने शानदार वापसी करते हुए चौथे क्लासिको में भी जीत दर्ज की। रियल मैड्रिड ने दमदार शुरुआत की और महज चौथे मिनट में मबाप्पे ने पेनल्टी पर गोल करके टीम को बढ़त दिला दी। यह पेनल्टी तब मिली जब गोलकीपर वोज्शेच शेचनी ने मबाप्पे को गिराया, हालांकि बार्सिलोना ने ऑफसाइड की मांग की थी। 14वें मिनट में मबाप्पे ने दूसरा गोल किया, जिससे मैड्रिड ने 2-0 की बढ़त ले ली। यह उनका 26वां लीग गोल था, जिससे उन्होंने रॉबर्ट लेवांडोव्स्की को पीछे छोड़ते हुए टॉप स्कोरर बन गए। दूसरे हाफ में मबाप्पे ने विनीसियस जूनियर की सहायता से तीसरा गोल करते हुए हैट्रिक पूरी की, लेकिन बार्सिलोना की डिफेंस और मिडफील्ड ने इसके बाद कोई बड़ी चूक नहीं की। विक्टर मुनोज के पास अंत में स्कोर बराबर करने का मौका था, लेकिन उन्होंने गेंद ऊपर मार दी। (अनंत ज्ञान)

## नीरज समेत चार भारतीय एथलीट्स 16 को दोहा डायमंड लीग में लेंगे हिस्सा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा 16 मई को दोहा में होने वाली प्रतिष्ठित डायमंड लीग मीटिंग में तीन अन्य भारतीय एथलीट्स के साथ हिस्सा लेंगे। यह पहली बार होगा जब डायमंड लीग के किसी एक इवेंट में भारत की तरफ से चार एथलीट्स भाग लेंगे। नीरज चोपड़ा 2023 में दोहा डायमंड लीग का खिताब जीत चुके हैं, जहां उन्होंने 88.67 मीटर भाला फेंका था। वहीं, 2024 में वह 88.36 मीटर की थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे।

इस बार उनसे गोल्डन थ्रो की उम्मीद की जा रही है। नीरज के साथ पुरुषों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में किशोर जेना भी नजर आएंगे। जेना ने 2024 में भी हिस्सा लिया था और 76.31 मीटर की थ्रो के साथ नौवें स्थान पर रहे थे। इस बार वह अपने प्रदर्शन में सुधार की कोशिश करेंगे।(अनंत ज्ञान)



### ट्रैक पर होगा दमदार प्रदर्शन

**इस** बार ट्रैक इवेंट्स में भी भारत की दमदार मौजूदगी देखने को मिलेगी। पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुलवीर सिंह अपना डायमंड लीग डेब्यू करने जा रहे हैं। वहीं, महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में पारुल चौधरी उतरेंगी, जो इस इवेंट की भारतीय रिकॉर्डधारक हैं।

### नीरज और जेना को सशक्त प्रतिस्पर्धा का करना पड़ेगा सामना

**नीरज** और जेना को इस बार सशक्त प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। मैदान में दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा), 2024 के विजेता याकुब वाडलेच (चेक गणराज्य), जूलियन वेबर और मैक्स डेनिंग (जर्मनी), जूलियस येगो (केन्या) और रोडरिक डीन (जापान) जैसे दिग्गज होंगे।

## किन्नन चेनाई-सबीरा हारिस ने ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट में जीता कांस्य

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ओलंपियन किन्नन चेनाई और 18 वर्षीय सबीरा हारिस की जोड़ी ने साइप्रस के निकोसिया में आयोजित आईएसएसएफ शॉटगन वर्ल्ड कप 2025 में ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। (अनंत ज्ञान)



### शानदार प्रदर्शन

18 वर्षीय सबीरा हारिस ने क्वालिफिकेशन में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 75 में से 72 शॉट्स लगाए, जबकि 34 वर्षीय अनुभवी किन्नन चेनाई ने 70 शॉट्स पूरे किए। सबीरा इससे पहले भी मेडल जीत चुकी हैं।

### तुर्की को दी कांटे की टक्कर

**भारतीय** जोड़ी ने तुर्की की टीम — टोल्गा टंसर और रुमेया काया — को 34-33 के करीबी अंतर से हराया। इससे पहले क्वालिफिकेशन में भारत ने 142 अंक बनाए थे और चीनी ताइपे की टीम (वान-यू लियू और कुन-पी यांग) को शूट-ऑफ में 4-2 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल मैच में प्रवेश किया।

### गोल्ड मुकाबले से चूकी तुर्की की टीम

**दिलचस्प** बात यह रही कि तुर्की की टीम गोल्ड मेडल मुकाबले में जगह बनाने से भी चूक गई। वे दूसरे स्थान पर रही चीन की जोड़ी झांग जिक्सी और क्वी यिंग से शूट-ऑफ में 1-2 से हार गए, जबकि पोलैंड की टीम ने 146 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया। वहीं भारत की दूसरी टीम जिसमें शार्दूल विहान (72) और कीर्ति गुप्ता (65) शामिल थे, ने कुल 137 अंक बनाए और 34 टीमों में 17वें स्थान पर रही।

## बैडमिंटन

### थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ी उत्सुक

## थाईलैंड ओपन में मजबूत प्रदर्शन जारी रखना आयुष और उन्नति का लक्ष्य

**एजेंसी, बैंकॉक**

युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा अपने हाल के शानदार प्रदर्शन को जारी रखना चाहेंगे, जबकि लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दौरान अपनी लय हासिल करने के लिए उत्सुक होंगे। आयुष (20 वर्ष) और उन्नति (17 वर्ष) पिछले हफ्ते ताइपे ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनल में पहुंचे थे, लेकिन उन्हें यहां मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने के लिए क्वालीफाइंग दौर से गुजरना होगा। आयुष अपने शुरुआती क्वालीफाइंग मैच में फिनलैंड के जोकिम ओल्डॉर्फ से भिड़ेंगे जबकि उन्नतिta का सामना महिला एकल क्वालीफायर में थाईलैंड की थामोनवान निथिटिकराई से होगा।

वहीं सेन मुख्य ड्रॉ में आयरलैंड के न्हट गुयेन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। पूर्व राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन सेन अपनी फिटनेस को परखने के लिए उत्सुक होंगे, क्योंकि चोट के कारण वह सुदीरमन कप में कोई भी मैच नहीं खेल पाए थे। एक अन्य उभरती हुई प्रतिभा प्रियांशु राजावत इंडोनेशिया के अल्वी फरहान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

महिला एकल में मालविका बंसोड़ मुख्य ड्रॉ में अपने शुरुआती मैच में तुर्की की नेस्लिहान यिगिट का सामना करेंगी। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन अनुपमा उपाध्याय को अपने पहले दौर में थाईलैंड की पूर्व विश्व चैंपियन रतचानोक इंतानोन के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

रक्षिता रामराज सिंगापुर की यो जिया मिन के खिलाफ अपने पहले मैच में उतरेंगी जबकि आकर्षि कश्यप का सामना जापान की काओरू सुगियामा से होगा।

पुरुष एकल में पूर्व विश्व नंबर एक किदाम्बी श्रीकांत (अभी 82वें स्थान पर) वापसी की राह जारी रखेंगे और क्वालीफायर में उनका सामना भारतीय एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम से होगा। पुरुष एकल क्वालीफायर में सतीश करुणाकरण और थारुण मन्नेपल्ली भी मैदान में हैं। महिला क्वालीफायर में उन्नति के साथ इरा शर्मा मैदान में एकमात्र अन्य भारतीय हैं। (अनंत ज्ञान)



### तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद सुदीरमन कप में वापसी को तैयार

**विश्व** की 10वें नंबर की महिला युगल जोड़ी तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद चोटों के कारण सुदीरमन कप से बाहर रहने के बाद वापसी करने के लिए तैयार हैं। पिछले साल शीर्ष 10 में जगह बनाने वाली यह जोड़ी गायत्री की पीठ की चोट और ट्रीसा के कंधे की समस्या के कारण ब्रेक लेने के लिए मजबूर हुई। मुख्य ड्रॉ के शुरुआती दौर में उनका सामना मलेशियाई जोड़ी ओंग शिन यी और कारमेन टिंग से होगा। युगल में भारत का प्रतिनिधित्व पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक के की पुरुष जोड़ी और कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी की महिला जोड़ी भी करेंगी।